सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची, बुधवार
09.10.2024

khabarmantra.net

* * नगर संस्करण। पेज : 12 | आश्विन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 90



12 फिल्म अबीर गुलाल की शूटिंग शुरू

## मां का सातवां स्वरूप
## कालरात्रि



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी॥

मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गापूजा के सातवें दिन इनकी उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन 'सहस्रार' चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्माण्ड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। तमाम असुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं। मां कालरात्रि के शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। इनका रूप भयानक है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं और गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। अंधकारमय स्थितियों का विनाश करने वाली शक्ति हैं कालरात्रि। काल से भी रक्षा करने वाली यह शक्ति है। इस देवी के तीन नेत्र हैं। यह तीनों ही नेत्र ब्रह्मांड के समान गोल हैं। इनकी सांसों से अग्नि निकलती रहती है। यह गर्दभ की सवारी करती हैं। ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वर मुद्रा भक्तों को वर देती है। दाहिनी ही तरफ का नीचे वाला हाथ अभय मुद्रा में है। यानी भक्तों हमेशा निडर, निर्भय रहो। बायीं तरफ के ऊपर वाले हाथ में लोहे का कांटा तथा नीचे वाले हाथ में खड्ग है। इनका रूप भले ही भयंकर हो पर सदैव शुभ फल देने वाली मां हैं। इन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। इनकी उपासना से दानव, दैत्य, राक्षस और भूत-प्रेत भाग जाते हैं। यह ग्रह बाधाओं को भी दूर करती हैं और अग्नि, जल, जन्तु, शत्रु और रात्रि भय दूर हो जाते हैं। इनकी कृपा से भक्त हर तरह के भय से मुक्त हो जाता है।

# हरियाणा ने कमाल कर दिया: मोदी

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** हरियाणा में तीसरी बार सत्ता मिलने पर पीएम मोदी ने कहा, जहां दूध-दही का खाना, वैसा है अपना हरियाणा'। हरियाणा के लोगों ने फिर कमाल कर दिया है। मां कात्यायनी हाथ में कमल लेकर सिंह पर विराजमान हैं। वह हम सभी को आशीर्वाद दे रही हैं। ऐसे पवित्र दिन पर हरियाणा में तीसरी बार कमल खिला है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद पीएम मोदी देर शाम पार्टी दफ्तर पहुंचे और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा, हरियाणा में जीत पार्टी कार्यकर्ताओं, जेपी नड्डा, सीएम नायब सिंह सैनी की कड़ी मेहनत का नतीजा है। आज विकास की गारंटी ने झूठ की गांठ को खत्म हो गयी। वहीं भाजपा सरकार बनाने की तैयारी में जुट गयी है। दशहरे को शपथ ग्रहण भी संभव है। विधानसभा की 90 सीटों में से भाजपा को 48 और कांग्रेस को 37 सीटें मिली हैं।

**जेके में लोकतंत्र की जीत :** पीएम मोदी ने कहा, कहा, जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव के बाद नतीजे घोषित किए गये। यह संविधान और लोकतंत्र की जीत है।

(पेज 12 भी देखें)

### नतीजे हमें स्वीकार नहीं : कांग्रेस



वहीं कांग्रेस ने हरियाणा में अपनी हार को ले कर चुनाव आयोग पर हल्ला बोला और कहा कि ये तंत्र की जीत है, लोकतंत्र की नहीं। कांग्रेस नतीजों को स्वीकार नहीं करेगी। पार्टी नेता पवन खेड़ा और जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि हरियाणा के नतीजे बहुत अप्रत्याशित हैं। इसे हम स्वीकार नहीं कर सकते। कई जिलों से गंभीर शिकायत आयी हैं। नतीजे चौंकाने वाले हैं और जमीनी स्तर पर हमने जो देखा, उसके बिल्कुल विपरीत हैं। जल्द ही हम औपचारिक शिकायत दर्ज करायेंगे।

**सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबिके गौरी नारायणि नमोऽस्तुते।।**



## सीएम ने नियुक्ति पत्र बांटा, टापरों को किया सम्मानित, कहा
# सिर्फ खनिज नहीं प्रतिभा में भी हो झारखंड की पहचान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की पहचान सामान्य तौर पर खनिज संसाधनों के लिए होती है, लेकिन हम इस उद्देश्य के साथ काम कर रहे हैं कि प्रतिभा संपन्न राज्य के रूप में झारखंड की अलग पहचान बने। चाहे वह शिक्षा हो या खेल या कोई और क्षेत्र। सरकार शिक्षा के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री सोरेन मंगलवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में 70, झारखंड भवन व मंत्रिमंडल सचिवालय में 6 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया।

**76 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र**

नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों से सीएम ने कहा कि आज से आप सरकार के एक अभिन्न अंग के रूप में जुड़ रहे हैं। राज्य के सर्वांगीण विकास का पहिया आप बन रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप अपने कार्यों से राज्य को बेहतर दिशा देने में अहम भूमिका निभायेंगे। मुख्यमंत्री ने 76 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमें झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में 35 लॉ एग्जीक्यूटिव, 4 एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, 21 अस्सिटेंट इंजीनियर और 10 स्कूल मैनेजर और झारखंड भवन नयी दिल्ली व मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के अभ्यर्थी शामिल हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### इसका किया शिलान्यास

सीएम ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा के खूंटपानी, बोकारो के नवाडीह और दुमका के मसलिया में विद्यालय भवन का ऑनलाइन शिलान्यास किया। उन्होंने झारखंड को उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित करने का संकल्प दोहराया।

# सैप जवानों की मौत पर आश्रितों को नौकरी

## विधवा और दिव्यांग पेंशन 1000 देने की कैबिनेट की मंजूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में उग्रवादी हिंसा में मृत्यु होने की स्थिति पर सैप पुलिसकर्मियों के आश्रित को अनुकंपा पर नौकरी देने की मंजूरी दी। साथ ही कैबिनेट ने इंदिरा गांधी विधवा और दिव्यांग पेंशन में समान रूप से 1000 रुपये की राशि देने की मंजूरी दी। झारखंड आंगनबाड़ी सेविका सहाय का सेवा नियमावली को मंजूरी देते हुए अनुकंपा की कठिनाई को भी दूर किया गया। आश्रित को उसी वर्ग में नौकरी मिल जायेगी। बैठक के बाद कैबिनेट सेचव वंदना डाडेल ने बताया कि कुल 81 प्रस्ताव पारित किये गये।

**कैबिनेट के अहम फैसले :** कैबिनेट सचिव ने बताया कि इंदिरा गांधी विधवा पेंशन और इंदिरा गांधी दिव्यांग पेंशन योजना में समान रूप से 1000 की राशि दी जायेगी। इसके लिए 80 वर्ष उम्र सीमा की गयी। राजकीय चिकित्सा अस्पताल और सदर अस्पताल रांची में सीटी स्कैन मशीन की खरीद के लिए एक अरब 32 करोड़ की स्वीकृति दी गयी। मध्य विद्यालय को माध्यमिक उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने की मंजूरी दी गयी। खनन सेवा अभियंता नियमावली में विभागीय परीक्षा के लिए संशोधन किया गया। गढ़वा नगर परिषद अंतर्गत मल्टीपरपज सेंटर के निर्माण के लिए 60 करोड़ के लिए प्राक्लान की मंजूरी दी गयी।

(शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### मंइयां सम्मान की तीसरी किस्त जारी

रांची। दुर्गा पूजा के अवसर पर महिलाओं को खुशखबरी देते हुए मंईयां सम्मान योजना की तीसरी किस्त की राशि मंगलवार को जारी कर दी गयी। पहली किस्त की राशि रक्षा बंधन में तो दूसरी किस्त की राशि करम पर्व पर दी जा चुकी है।

### मनरेगाकर्मियों का मानदेय बढ़ेगा, हड़ताल भी खत्म

रांची। राज्य सरकार ने बेमियादी हड़ताल पर चल रहे मनरेगा कर्मियों को दुर्गा पूजा की सौगात दी है। उनके मानदेय में 30 प्रतिशत वृद्धि करने का फैसला ले लिया गया है। ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी और मनरेगा कर्मचारी संघ के नेताओं के बीच हुई बैठक में इस बात की सहमति बन गयी।

### 6 आइपीएस की पोस्टिंग, एक का ट्रांसफर

रांची। सरकार ने 6 आईपीएस को नयी पोस्टिंग दी है। वहीं कुमार शिवाशिष को जमशेदपुर का सिटी एसपी बनाया गया है। पारस राणा को चाईबासा का एसपी ,राकेश सिंह को पलामू का एएसपी अभियान ऋतिक श्रीवास्तव को चतरा का एएसपी अभियान बनाया गया है। मो याकूब को हुसैनाबाद, ललित मीणा को चैनपुर और अमित आनंद को हजारीबाग एडीपीओ बनाया गया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 70300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 91000 रु./प्रति किलो |

## केस मैनेज करने के नाम पर अवैध वसूली का मामला
# रांची, धनबाद के कई ठिकानों पर इडी का रेड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। जमीन घोटाले में इडी का केस मैनेज के नाम पर करोड़ों की अवैध वसूली मामले में मंगलवार को रांची और धनबाद के छह से ज्यादा ठिकानों पर इडी ने छापामारी की। जानकारी के अनुसार रांची में पांच और धनबाद में दो से तीन स्थानों पर छापामारी हुई। इनमें उनमें तीन अंचल अधिकारी और कई वकील भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार रेड में जांच टीम को भरी मात्रा में कैश भी मिले। जांच टीम ने काजतात की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### कैश बरामदगी की सूचना

मंगलवार की सुबह ईडी की टीम धनबाद और रांची में अधिवक्ता, डीटीओ, सीओ समेत अन्य कई लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की। दूसरी टीम ने धनबाद के एक वकील के साथ-साथ डीटीओ दिवाकर प्रसाद द्विवेदी, जय कुमार राम, प्रभात भूषण, संजीव पांडे, रवि और सुजीत के ठिकानों पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में कैश बरामद होने की सूचना मिली, लेकिन इडी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

**5.71 करोड़ की डील का आरोप :** इडी को मैनेज करने के लिए कांके व नामकुम सीओ के अलावा धनबाद डीटीओ पर 5.71 करोड़ रुपये में डील करने का आरोप लगा है। जमीन कारोबारी संजीव कुमार पांडे ने पंडरा ओपी में वकील सुजीत कुमार के खिलाफ पंडरा थाने में मामला दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि वकील सुजीत कुमार ने ईडी चार्जशीट में उनका नाम शामिल न करने के लिए कुछ अधिकारियों और उनसे पांच करोड़ से ज्यादा की ठगी की है। उधर, अधिवक्ता सुजीत ने भी संजीव पांडेय के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है।

# संघर्ष का फल भगवान ने दिया

## फाल्के पुरस्कार पा कर भावुक हो गये मिथुन



**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को भारत का सर्वोच्च फिल्म सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार सम्मानित किया। पुरस्कार पाकर वह काफी भावुक हो गये। उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। समारोह विज्ञान भवन में हुआ। हाथ में फ्रैक्चर के बावजूद मिथुन समारोह में पहुंचे। इसके बाद उन्होंने दर्शकों से बात की और कई अनकहे किस्से शेयर किये। उन्होंने कहा मैने कभी सोचा नहीं था इतना बड़ा सम्मान मिलेगा। जब इतना बड़ा सम्मान मिल रहा है तो मैं केवल भगवान को धन्यवाद दे सकता हूं। मैंने जो संघर्ष झेले, भगवान ने मुझे सब कुछ लौटा दिया।

**ऋषभ शेट्टी सर्वश्रेष्ठ अभिनेता :** सत्तरवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दादा साहब फाल्के पुरस्कार के बाद जबकि कन्नड़ फिल्मों के सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

(शेष पेज 11 पर)

# बहन-बेटियों पर गलत नजर डाला तो आंख फोड़ देंगे : चंपई

**रांची।** पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि अगर कोई हमारी मां, बहन, बहू, बेटी पर गलत नजर डाला तो आंख निकाल देंगे। उन्होंने संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ पर जमकर भड़ास निकाली। वह मंगलवार को जामताड़ा में मांझी परगना सम्मेलन में बोल रहे थे। पूर्व सीएम अलग ही तेवर में थे। आदिवासी समाज को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के बाद अगर हमारी मां, बहन, बहू, बेटी पर गलत नजर डाला तो उसकी खैर नहीं। उन्होंने कहा कि क्या समझ लिया हमारे समाज को। हमारे पूर्वजों ने तीर की नोंक से संथाल का निर्माण किया है। यहां के लिए एसपीटी कानून बना है। बांग्लादेशी घुसपैठिया हो या पाकुड़, साहिबगंज, दुमका, जामताड़ा समेत पूरे झारखंड में कोई भी हो, अगर हमारे समाज पर नजर डाला तो निश्चित रुप से उसका आंख फूट जायेगा। उन्होंने कहा संथाल परगाना में जिस तरह के अत्याचार की शुरूआत हुई है, उसे मैं नहीं देख सकता। चंपई सोरेन ने कहा कि आदिवासी बहुत सरल होते हैं। एक बार हमलोग सोच लिए तो निश्चित रुप से हूल होगा। हम कब्जा किये गये जमीन को वापस ले लेंगे और घुसपैठियों को मार भगायेंगे। उन्होंने संथाली भाषा में संबोधित किया।

ॐ शान्तिः

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्तयापो न शोषयति मारुतः।।

तृतीय पुण्यतिथि



स्व. तिलक राज अजमानी
08 अगस्त, 1953 – 09 अक्टुबर, 2021

सादगी, प्रेम, करुणा, समदृष्टि, कर्मठता एवं सभी के प्रिय

।। पिता स्वर्गः - पिता धर्मः - पिता ही परम तपः।।

हम आपके दूरदर्शी भावना का स्मरण करते हैं।
आपकी अदम्य विरासत हमारे हर प्रयास के केंद्र में रहती है

श्रद्धानवत
प्रिंस अजमानी (ज्येष्ठ पुत्र)
प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख- विश्व हिंदू परिषद्
कुणाल अजमानी (कनिष्ठ पुत्र)
गुलशन लाल अजमानी ● सुशील कुमार अजमानी (भाई)
एवं समस्त अजमानी परिवार

•RANCHI TENT HOUSE •THE PENTAGON GROUP •ORCHID DEWELLERS PVT LTD

# सिल्ली और बुंडू डीएसपी बदले गये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

● **प्रतीक्षारत 28 डीएसपी को मिली पोस्टिंग**

**रांची।** पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत 28 डीएसपी को पोस्टिंग मिली है। इसके पहले पिछले सप्ताह ही सरकार ने कई डीएसपी का तबादला किया था, जिनमें कई ऐसे डीएसपी थे, जिनके स्थान पर दूसरे डीएसपी की पोस्टिंग हो गई थी, लेकिन उनका कहीं पोस्टिंग नहीं हुआ था। जिस वजह से वे पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत थे। राहुल देव बड़ाइक एएसपी अभियान गढ़वा, सुरजीत कुमार एएसपी अभियान गिरिडीह, रतिभान सिंह डीएसपी मुख्यालय कोडरमा, रणवीर सिंह डीएसपी मुख्यालय सिमडेगा, अखिल नीतीश कुजूर डीएसपी मुख्यालय खूंटी, राकेश नंदन मिंज डीएसपी एसटीएफ रांची, सुधीर कुमार डीएसपी एसटीएफ रांची, अंजनी कुमार तिवारी डीएसपी एसटीएफ रांची, संतोष कुमार मिश्र डीएसपी स्पेशल ब्रांच, हिमांशु चंद्र मांझी की डीएसपी स्पेशल ब्रांच, वेंकटेश कुमार डीएसपी मुख्यालय देवघर, श्री नीरज डीएसपी ट्रैफिक जमशेदपुर, कुलदीप कुमार डीएसपी स्पेशल ब्रांच रांची, वीरेंद्र कुमार राम डीएसपी स्पेशल ब्रांच, रोहित कुमार रजवार डीएसपी एटीएस, अजय कुमार केसरी डीएसपी आईआरबी 3, अंकिता राय डीएसपी एटीएस, संदीप कुमार गुप्ता डीएसपी आईआरबी 4, आनंद ज्योति मिंज डीएसपी एसटीएफ, भूपेंद्र रावत डीएसपी आईआरबी 2, दीपक कुमार डीएसपी एसटीएफ, आशीष कुमार महली डीएसपी एसटीएफ, मंगल सिंह जमुदा डीएसपी एसीबी, सुमित सौरभ लकड़ा डीएसपी एसीबी, राजेश कुमार सिंह डीएसपी रांची रेंज डीआईजी कार्यालय, संजय कुमार सिंह डीएसपी मुख्यालय जामताड़ा, विनेश लाल डीएसपी डीआईजी कार्यालय दुमका को बनाया गया है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, राँची।

ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

निविदा रद्द करने के संबंध में

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सं0:– LAB/DWSD/15/2024-25 दिनांक– 26/09/2024 (प्रथम आमंत्रण) जिसका PR No. 337331 (Drinking Water & Sanitation)2024-25 है, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
हटिया योजना, राँची।

PR 338440 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)


## अनुराग गुप्ता ने बासुकीनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**रांची।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को दुमका के बासुकीनाथ धाम में पूजा–अर्चना की। इस दौरान दुमका आईजी, डीआईजी, एसपी समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं डीजीपी के आगमन को लेकर जिले में सुरक्षा–व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। जिले के सभी पुलिस पदाधिकारी और जवान अलर्ट थे।


JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN : U40108JH2013SGC001702)
Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi – 834004, Email:- gmrevenue2022@gmail.com,

INVITING E-TENDER BID, NIT No. 194/PR/JBVNL/2024-25

For selection of consultancy firm for Supporting JBVNL in Monitoring and Implementation Support at HQ Level for Metering Billing and Collection MBC Related Systems and Processes Continuous assistance in Commercial related system Improvement and Continuous Regulatory Assistance in all Regulatory Matters
Timelines for participating in the all the above e-tender is detailed below :

| Sl.No. | Event | Timelines |
|---|---|---|
| i | Date of Publication of Notice in Newspaper | 08.10.2024 |
| ii | Start date & time for downloading the tender documents | From 08/10/2024 at 10:30 Hrs. |
| iii | Last date & time for submission of clarification, if any on the document for pre-bid meeting / Pre-bid Queries (Through E-mail Only) | Upto 14/10/2024 at 18:00 Hrs. |
| iv | Pre-bid meeting | On 15/10/2024 at 12:30 Hrs. |
| v | Last date & time of receipt of bid documents (Online) | Upto 28/10/2024 at 16:00 Hrs. |
| vi | Due date for opening of Technical Bid (Part-I) | 29/10/2024 at 16:00 Hrs. |

Bid uploading / opening will be through e-tendering norms only. The complete Tender documents can be downloaded through website www.jharkhandtenders.gov.in Bidder may contact help desk of e-Procurement system at the following web address: www.jharkhandtenders.gov.in.
Note:- Pre-bid meeting shall be conducted at Conference Hall, JBVNL HQ, Ranchi at aforementioned date and time

Tendering Authority: General Manager (Revenue)
9431708980, 7992276731

Call Center 24 x 7
18003456570 /18001238745
Centralised Complain NO. 1912

Sd/-
General Manager (Revenue)
JBVNL

PR 338304 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25)#D



Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board
(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
4th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi- 834001 Contact-9262219999, 9102467777,
e-mail: contact.cmlaghukutir@gmail.com, website: mmlkuvb.jharkhand.gov.in

Notice Inviting E-Tender

Ref. No:23 Date:07.10.2024

Very Short E- Tender on rate contract basis for supply of toolkits and equipment for Lac Bangles trainings across Jharkhand

Scope of Work: MMLKUVB, an undertaking of Jharkhand Govt. is engaged in imparting trainings in handicraft sector across Jharkhand. About 06 batches comprising of 20 artisans in each batch are to be imparted training for sustainable development. Artisans group that will be trained will receive tool kit/ equipment's at training sites across 24 districts of Jharkhand.

| Sl.No. | Name of Handicraft trade | No. of Proposed Trainings |
|---|---|---|
| 1 | Lac Bangles | 06 |
| | Total | 06 |

| | |
|---|---|
| Tender Fees* | ₹ 5,900.00 (inclusive of 18% GST) (Rupees Five Thousand Nine Hundred only) payable to MUKHYAMANTRI LAGHU EVAM KUTIR UDYAM VIKAS BOARD, Ranchi, Jharkhand, India. |
| EMD* (Earnest Money Deposit): | ₹ 16, 200.00 (Rupees Sixteen thousand two hundred only) payable to MUKHYA MANTRI LAGHU EVAM KUTIR UDYAM VIKAS BOARD, Ranchi, Jharkhand, India. |

*Agencies that have applied to the previous rate contract (Tender id: 2024_MLKUV_88050_1, PR.no. 329017 dated 09.07.2024) are exempted from tender fees & EMD

Time Schedule:

| Sl.No. | Particulars | Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | Date of publication | 08.10.2024 |
| 2 | Bid Document download start date | 08.10.2024 |
| 3 | Pre-bid meeting | 09.10.2024 at 11:30 am<br>Online meeting link: meet.google.com/jnf-tkvr-vbf |
| 3 | Bid submission start date | 09.10.2024, 02:00 pm onwards |
| 4 | Last date of submission of Technical & Financial Bid | 15.10.2024 by 05:00 pm |
| 5 | Opening of Technical Bid | 16.10.2024 at 11:30 am |

Detailed tender document may be downloaded from the website: mmlkuvb.jharkhand.gov.in/ www.jharkhandtenders.gov.in
Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board reserves the right to cancel or/and postpone the tender or reject any bid without assigning any reason at any point of time or stage of the tender.

PR.NO.338328 Mukhyamantri Laghu And Kutir Udyam Vikas Board(24-25):D Sd/- Chief Executive officer



Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER
TRANSMISSION ZONE-I, KUSAI COLONY, DORANDA, RANCHI.
Mob. / Tel No. :- 9431707300/0651-2490513Email:- gm.jusnl@gmail.com

TENDER NOTICE

Sealed tender in two parts Techno commercial Part-I and price part-II are invited from reputed, financially sound & experienced contractors for the work mentioned below:-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Price of BOQ, Non-refundable Including GST | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 233/PR/JU SNL/24-25 | Work of Providing of Retaining Wall at Tower Location No. 37 of 132KV D/C Hatia-Sikidiri Transmission Line under Transmission Division, Namkum. | (Rs.) 1,476/- Including GST@18% | (Rs.) 15,500/- |
| 2. | 234/PR/JU SNL/24-25 | Work for Providing Retaining Wall at Tower Loc. No. 52 of 132KV D/C Manoharpur – Simdega Transmission Line under Transmission Sub-Division, Simdega | (Rs.) 1,476./- Including GST@18% | (Rs.) 19,500/- |
| 3. | 235/PR/JU SNL/24-25 | Work of Sub-Station structure Painting at both 132KV and 33KV side of 132/33KV Grid Sub-Station, Kamdara. | (Rs.) 2,950/- Including GST@18% | (Rs.) 24,000/- |
| 4. | 236/PR/JU SNL/24-25 | Work of Construction of Revetment wall at loc. No. 72 of 220KV D/C Burmu (Ratu) – Katia Transmission Line for protection against damage and to avoid the collapse of tower under the jurisdiction of 220/132/33KV Grid Sub-Station, Burmu (Ratu) | (Rs.)1,476/- Including GST@18% | (Rs.) 19,100/- |
| 5. | 237/PR/JU SNL/24-25 | Procurement of different materials for maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station, Hatia-I. | (Rs.) 1,476/- Including GST@18% | (Rs.) 20,000/- |
| 6. | 238/PR/JU SNL/24-25 | Procurement of materials maintenance of 132/33KV Grid Sub-Station, Lohardaga. | (Rs.) 1,476/- Including GST@18% | (Rs.) 19,200/- |
| 7. | 239/PR/JU SNL/24-25 | Procurement of Electrical and Maintenance Equipments at 132/33KV Grid Sub-Station, Khunti. | (Rs.) 1,476/- Including GST@18% | (Rs.) 19,200/- |

(1) Start date for sale of tender paper from 09.10.2024 at 12:30PM onwards.
(2) Last date & time for sale of tender paper up to 03.00 P.M. on 30.10.2024
(3) Last date & time for submission of tender paper up to 05.00 PM on 30.10.2024.
(4) Due date & time of opening part –I at 04.30 P.M. on 01.11.2024
(5) BID OPENING DATE FOR PRICE PART: - Will be communicated later on.
(6) Tender documents with detail terms and conditions can be obtained from office of the "General Manager, Transmission Zone-I, Ranchi" after deposit of cost of BOQ in the favour of Manager (F&A), Transmission Zone-I, Ranchi in the form of D.D. issued by any nationalized / scheduled Bank drawn in favour of "Manager (F&A), Transmission Zone-I, Ranchi" payable at Ranchi on any working day after the date of publication of tender in Newspapers.
(7) For any clarification please contact Telephone No. 0651-2490513 / 9431707300.
(8) The undersigned reserves the right to extend the date of sale/ submission / opening of part-I or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.
(9) Address for Communication:
GENERAL MANAGER, TRANSMISSION ZONE-I,
KUSAI COLONY, P.O.-DORANDA, RANCHI, PIN -834002
JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
Telephone no. 0651-2490513 (O)/ 9431707300/9326374226) during office hour.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone –I, Ranchi

PR 338223 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D


### राज्य सरकार ने हड़ताल पर चल रहे मनरेगा कर्मियों को दी दुर्गा पूजा की सौगात

# मानदेय में 30 प्रतिशत की होगी वृद्धि

## ग्रामीण विकास मंत्री के साथ बैठक में बनी सहमति

● **मनरेगाकर्मियों की तीन माह से चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य सरकार ने लगभग तीन माह से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे मनरेगा कर्मियों को दुर्गा पूजा की सौगात दी है। उनके मानदेय में 30 प्रतिशत बढ़ोतरी करने का फैसला ले लिया गया है। ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी और मनरेगा कर्मचारी संघ के नेताओं के बीच हुई बैठक में इस बात की सहमति बन गई। यानी रोजगार सेवक जिन्हें अभी 12000 रुपया मानदेय मिलता है उसमें 30 प्रतिशत की वृद्धि होगी। बीपीओ को 23700 रुपए मानदेय मिलता है उसमें भी 30 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इसी तरह असिस्टेंट इंजीनियर कनीय अभियंता कंप्यूटर ऑपरेटर लेखपाल इत्यादि के वेतन में भी 30 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी।

प्रोजेक्ट भवन में हुई इस बैठक में मनरेगा कर्मियों को 1500 रुपए का, यात्रा भत्ता भी देने की मंजूरी दी गई है। वहीं 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा और 20 लाख तक का सामाजिक सुरक्षा देने पर सहमति बन गई है। मनरेगा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग ग्रेड पे था और नियमितीकरण है, इस पर अभी सहमति नहीं हुई है लेकिन सरकार ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से जल्द मिलने के बाद हड़ताल वापस लेने की घोषणा की जाएगी। हालांकि, राज्यभर के 5000 से अधिक मनरेगा कर्मचारी आज से ही काम पर वापस भी लौटने लगे। आज की बैठक में मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय बरनवाल भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बता दें कि 22 जुलाई से मनरेगा कर्मी राज्य भर में हड़ताल पर थे। मनरेगा का सारा कामकाज प्रभावित हो गया था।

## तीसरी किस्त में 51 लाख महिला लाभुकों के लिए 510 करोड़ रुपये जारी

● **महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने जारी की मंइयां सम्मान योजना की राशि**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। नवरात्रि के शुभ अवसर पर मंगलवार को मंईयां सम्मान योजना की तीसरी किस्त जारी की गई है। महिलाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा शुरू इस योजना के तहत तीसरी किस्त के रूप में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने सभी जिलों को 510 करोड़ हस्तांतरित कर दिया है। जिला प्रशासन द्वारा महिला लाभुकों के खाते में यह राशि भेज दी गई है। इस योजना के तहत अभी राज्य की 51 लाख के करीब महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जा रही है। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि नवरात्रि की पावन बेला में मंईयां सम्मान राशि की तीसरी किस्त बहनों के खाते में सीधे पहुंचेगी। पिछले 2 महीनों में सम्मान राशि की यह तीसरी किस्त रिकॉर्ड समय में पहुंचाई जा रही है। इससे पहले मंईयां सम्मान योजना की पहली किस्त रक्षाबंधन के अवसर पर 18 अगस्त को जारी हुई थी। वहीं, दूसरी किस्त 13 सितंबर को जारी की गई थी। अब तक इस योजना के तहत 51 लाख से अधिक महिलाओं को रजिस्टर्ड किया गया है। पहले यह योजना 21 से 49 वर्ष की महिलाओं के लिए थी, लेकिन अब 18 से 20 वर्ष की महिलाओं को भी इसमें शामिल किया गया है। योजना के तहत हर महिला को हर महीने 1000 रुपए की सहायता राशि दी जा रही है, जिससे महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में मदद मिल सके।

### बाबूलाल मरांडी ने लोगों से भरवाया गोगो दीदी फॉर्म, कहा-

# भाजपा महिला सशक्तिकरण के लिये चला रही है कई योजनायें

● **वादा खिलाफी के लिये दर्ज हो सीएम हेमंत सोरेन पर मुकदमा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गोगो दीदी योजना को लेकर राज्यभर में जबरदस्त उत्साह है। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोगों को विश्वास बढ़ा है। श्री मरांडी मंगलवार को हटिया विधानसभा क्षेत्र के खोखा टोली में गोगो दीदी का फॉर्म भरवा रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम जो भी घोषणा करते हैं, उसे पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना लागू कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने फॉर्म भरा है, उसे कंप्यूटर में लोड किया जाता है। इसका दस्तावेज तैयार हो रहा है। राज्य में भाजपा सरकार बनते ही हर महीने की 11 तारीख को 2100 उनके बैंक खाते में चला जायेगा। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन को चुनौती दी कि उन्हें कार्रवाई करनी है तो करें। मैंने आकर खुद मां बहनों का फॉर्म भरा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार महिलाओं का सशक्तिकरण चाहती है। उन्होंने कहा कि देश की संसद और विधानसभा में कानून बनाकर महिलाओं के लिये 33 प्रतिशत सीटों को रिजर्व किया गया है। उसके साथ-साथ लखपति दीदी बनाया जा रहा है। रोजगार के क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिये शौचालय दिया गया है। तीन तलाक को कानून बनाकर खत्म किया गया है। मातृत्व अवकाश 12 सप्ताह से बढ़कर 26 सप्ताह कर दिया गया है। महिलाओं के लिये जनधन खाता खोला गया। पूर्ववर्ती रघुवर सरकार ने 1 रुपये में महिलाओं के लिये 50 लाख रुपये तक संपत्ति की रजिस्ट्री की योजना भी शुरू की थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कार्रवाई संबंधी आदेश साफ दिखता है कि योजना को लेकर उनमें बेचैनी है। उन्होंने कहा कि वादाखिलाफी को लेकर झामुमो नेताओं और सीएम हेमंत सोरेन पर प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिये। उन्होंने झूठ बोलकर जनता से वोट मांगा और ठगा है। अब कह रहे हैं कि भाजपा पर एफआईआर करेंगे। इस अवसर पर विधायक नवीन जायसवाल, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पीएम नरेंद्र मोदी पर विश्वास और विकास की जीत है

रांची। भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को हरियाणा और जम्मू कश्मीर राज्य के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद उत्सव मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल बाजे के साथ पटाखे फोड़े, लड्डू और जलेबी बांटी। बाबूलाल मरांडी ने भी ढोल बजाते हुये खूब थिरके। मीडिया से बात करते हुये श्री मरांडी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य नेताओं को बधाई एवं शुभकामनायें। उन्होंने कहा कि भाजपा के नीतियों, कार्यक्रमों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व पर जनता का भरोसा बढ़ा है। मौके पर कर्मवीर सिंह, मनोज सिंह, हेमंत दास, शिवपूजन पाठक, अजय साहू, वरूण साहू, योगेन्द्र प्रताप, रमेश सिंह, पूजा सिंह, विनय सिंह, राजू सिंह,बलराम सिंह, धमेन्द्र दूब, मनोज दूबे सहित सैकड़ों शामिल थे।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये बने स्वीप कैलेंडर : के. रवि कुमार

● **सीइओ ने निर्वाचन पदाधिकारियों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोकल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने की सलाह दी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करते हुये मतदान के लिये प्रेरित करना स्वीप कार्यक्रम का उद्देश्य है। सीईओ मंगलवार को समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र के क्षेत्रों में केंद्रित होकर मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए विशेष रणनीति बनाकर कार्य करेंगे।

उन्होंने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं स्वीप के नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन को देखते हुये मतदाता जागरूकता से संबंधित कार्य योजना एवं कैलेंडर तैयार करें। प्रत्येक दिन के कार्यक्रमों को अविलंब उपलब्ध करायें। पदाधिकारी प्रत्येक दिन के स्वीप की एक्टिविटी को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया प्लेटफार्म में टैगिंग करना है। प्रत्येक दिन के अंत में पूरे कार्यक्रमों का प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि संबंधित पदाधिकारी स्वीप के कार्यों में किसी प्रकार की कोताही न करें। स्वीप गतिविधियों से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन हरेक स्तर पर सुनिश्चित करायें। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये सभी जिलों में स्थानीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते हुये कार्यक्रम करें।

इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता द्वारा सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी, स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं जिलों में गठित स्वीप सेल के पदाधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गई।

# समर्थ युवा ही सशक्त भारत का कर सकते हैं निर्माण : मेघवाल

● **डीएसपीएमयू में विकसित भारत एम्बेसडर युवा कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि समर्थ युवा ही सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। श्री मेघवाल मंगलवार को डीएसपीएमयू में आयोजित भारत एम्बेसडर युवा कनेक्ट कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, सृजनशीलता और नवाचार की क्षमता ही भारत को एक विकसित राष्ट्र बना सकती है। उन्होंने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं। युवाओं की शक्ति और संकल्प से भारत 21वीं सदी में वैश्विक मंच पर एक महाशक्ति के रूप में उभरेगा।

उन्होंने कहा कि आज भारत शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी और युवा शक्ति के बल पर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना अब मात्र एक विचार नहीं रह गया है। बल्कि यह अब एक ठोस रूप ले रहा है। सरकार की नीतियों, योजनाओं और युवा शक्ति के सामूहिक प्रयासों के कारण भारत तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को भी रेखांकित किया। इस अवसर पर अर्जुन राम मेघवाल ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अन्तर्गत पौधरोपण भी किया।

युवा एवं खेल मन्त्रालय के निदेशक (कार्यक्रम) रुचित्र नारायण त्यागी ने माई भारत पहल पर अपने विचार साझा किये। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं को देश की विकास यात्रा में भागीदारी का सुअवसर प्रदान करती है।

स्वागत भाषण कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने दिया। उन्होंने कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मंच संचालन डॉ धनंजय वासुदेव द्विवेदी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ जगदम्बा प्रसाद ने किया।

### राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष ने की सदस्यता अभियान की शुरुआत, कहा

# झारखंड के हर कोने में हैं लालू प्रसाद की विचारधारा को मानने वाले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड राजद प्रदेश कार्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी जय प्रकाश नारायण तथा मंडल कमीशन लागू करवाने में अहम योगदान देने वाले समाजवादी नेता रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। साथ ही राष्ट्रीय जनता दल का सदस्यता अभियान की शुरुआत पूर्व केंद्रीय मंत्री सह झारखंड प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव एवं झारखंड प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव की उपस्थिति में की गयी।

झारखंड राजद के प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की विचारधारा को मानने वाले झारखंड के हर कोने में हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे लोगों के बीच में जाएं इंडिया गठबंधन सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने का काम करें तथा उनके सुख-दुख में शरीक होने का काम करें। साथ ही युवा, महिलाओं समेत सभी वर्गों को जोड़ने का काम करें। उन्होंने कहा कि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में राजद सम्मानजनक सीटों के साथ मजबूती के साथ लड़ेगा तथा इस बार भी राज्य में जनता के सहयोग से इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने अपने संबोधन में सभी पदाधिकारियों तथा सम्मानित कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाकर हर वर्ग से ज्यादा से ज्यादा लोगों को सदस्य बनाने का काम करें तथा चुनाव की तैयारी में मजबूती से लग जाएं।

उहोंने कहा कि राजद का संगठन चौबीसों जिलों तथा 81 विधानसभा सीटों पर बना हुआ है तथा मजबूत है।

सदस्यता अभियान कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामदास सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार यादव, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा रानी कुमारी, पलामू लोकसभा की पूर्व प्रत्याशी ममता भुईयां, विजय राम, मनोज पाण्डेय, क्षितिज मिश्रा, कमलेश यादव, तारकेश्वर यादव, अमरेंद्र यादव, इम्तियाज हुसैन वारसी, रामकुमार यादव, गायत्री देवी, सूरज सिंह, धनंजय पासवान, इरफान अंसारी, आर्यन समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अथ श्री जमशेदपुर पश्चिम महाभारत कथा...

जैसा कि आप पाठक जानते हैं जमशेदपुर में झारखंड के मौजूदा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता और विधायक सरयू राय में पुरानी राजनीतिक अदावत है। जब भी मौका मिलता है दोनों एक-दूसरे की खटिया खड़ी करने में कोई कोताही नहीं करते। बन्ना गुप्ता पर सरयू राय भ्रष्टाचार, मनमानी और क्षेत्र के अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप समय-समय पर लगाते रहे हैं तो बन्ना गुप्ता सरयू राय पर तीखी टिप्पणी कर समय-समय पर चिकोटी काटने में पीछे नहीं हटते। बन्ना गुप्ता सरयू राय को चचा कह कर संबोधित करते हैं। जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा चुनाव में दोनों आमने सामने टक्कर ले चुके हैं। 2019 के चुनाव में जमशेदपुर पश्चिम विस क्षेत्र से सरयू राय भाजपा से टिकट कटने पर नाराज होकर तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के खिलाफ जमशेदपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ गये और जीत कर इतिहास रच दिया। दूसरे विधानसभा क्षेत्र में शिफ्ट करने पर भी सरयू राय समय-समय पर बन्ना गुप्ता के खिलाफ मोर्चा खोलते रहे हैं। अब सरयू राय एनडीए के मजबूत घटक दल जद यू में शामिल हो चुके हैं, और जमशेदपुर पूर्व की जगह जमशेदपुर पश्चिम से एनडीए प्रत्याशी के रुप में उनका नाम करीब-करीब फाइनल हो चुका है। इस नये राजनीतिक डेवलपमेंट के बाद सरयू राय बन्ना गुप्ता के कार्यकाल की खामियों को लेकर ज्यादा मुखर हो गए हैं। इन दोनों नेताओं के आरोप-प्रत्यारोप पर उनके विस्तृत विचार खबर मन्त्र हू-ब-हू छाप रहा है ताकि पाठक उस पर अपना कोई संतुलित विचार बना सकें।

## सरयू राय अपनी विधायकी में लिखते रहे चिट्ठी, मैंने विकास किया : बन्ना गुप्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मैं कुछ बातें स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं ताकि जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र समेत पूरे झारखंड की जनता के बीच सरयू राय कोई गलतफहमी नहीं पैदा कर सकें। मैं बिंदुवार निम्न बातें कहना चाहता हूं :

1. 23 अप्रैल 2023 के फर्जी वीडियो के बाद कल यानि 6 अक्टूबर 2024 को एक बार फिर फर्जी एफआईआर के साथ मेरे राजनीतिक विरोधियों नें नीचता और कुंठित मानसिकता का परिचय देते हुए मेरे चरित्र के हनन का प्रयास किया हैं लेकिन जिसके साथ भगवान शिव का आशीर्वाद और जनता का प्यार हो उसका कौन क्या बिगाड़ सकता हैं?

2. आपको एक बात बताना चाहता हूँ कि पिछले बार भी मेरे फर्जी वीडियो को सरयू राय जी नें पोस्ट किया, फिर उनके कट्टर समर्थक, एक कथित पत्रकार और स्वास्थ्य विभाग के एक चिकित्सक जिन पर विभागीय कार्यवाई चल रही हैं नें प्रत्येक व्हाट्सप्प ग्रूप और सोशल मीडिया पर वायरल कर झूठा प्रचार प्रसार कर मेरी राजनीतिक छवि को बिगाड़ने और चरित्र हनन करने का दुस्साहस किया था! इस बार भी सरयू राय समर्थक जो ब्लैक मैलिंग, चरित्र हनन और झूठे खबरों को प्रचारित करने में एक्सपर्ट हैं जो खुद में थाना, वकील, जज बनकर किसी का भी चरित्र हनन करने में संकोच नहीं करते हैं उन सरयू समर्थकों नें ही फिर एक बार कल मुझे नीचे दिखाने और चरित्र हनन के लिए एक सोची साझी साजिश के तहत प्लान वे में इस झूठी फर्जी एफआईआर को हर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रचारित और प्रसारित किया क्यूंकि जमशेदपुर मे मेरा एक बड़ा कार्यक्रम प्रस्तावित था!

### मेरे साथ भगवान शिव, जनता हवा कर देगी सरयू राय के झूठे आरोप



मेरा कसूर क्या हैं, क्या मैं बैकवर्ड हूँ ये मेरा कसूर हैं?क्या मैं एक पिछड़े वर्ग परिवार से आता हूँ ये मेरा कसूर हैं?क्या मेरा शोषित, वंचित, गरीबों, ऑटो चालकों, ठेला वाला, खोमचा वाला, गोलगप्पा वाला मतलब गरीब लोगो का साथी हूँ उनके हक और अधिकार की बात करता हूँ ये मेरा कसूर हैं?

3. आज मैं सरयू राय जी से पूछना चाहता हूँ आप 10 साल विधायक रहें, 5 साल मंत्री रहें तो आपने मानगो फ्लाईओवर के बारे क्यों नहीं सोचा?एमजीएम अस्पताल के जीर्णोद्धार के बारे में क्यों नहीं सोचा? आप हर साल स्वर्णरिखा का पानी बोतल में बंद कर लें जाते रहें, कॉर्पोरेट घरानो को डराते धमकाते रहें लेकिन रिपोर्ट क्यों नहीं सार्वजनिक करते हैं?स्वर्णरिखा के जीर्णोद्धार के लिए आपने क्या किया हैं?

4. जब मैंने जाममुक्त जमशेदपुर के सपने को साकार करने हेतु मानगो फ्लाईओवर निर्माण में आगे बढ़ते हुए अधिकारीयों के साथ स्थल निरीक्षण किया तो इनके पेट में दर्द शुरू हुआ, कभी इस परियोजना को सफेद हाथी कहा, पैसे की बबार्दी कहा, मुझे हठधर्मी कहा और इस परियोजना को रोकने के लिए टाटा स्टील, फारेस्ट, एनजीटी, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, मुख्यसचिव समेत ना जाने कितने लोगो और संस्थाओं को पत्र लिखकर विकास कार्य को रोकने एवं बाधा डालने का प्रयास किया लेकिन जमशेदपुर की जनता का आशीर्वाद और मां भगवती के आशीर्वाद से मानगो फ्लाईओवर निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर

## बैकवर्ड का नेता बनते हैं, उन्हें ही बन्ना ने सबसे ज्यादा सताया है : सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्व के विधायक और अब जमशेदपुर पश्चिम से एनडीए के सबसे बड़े संभावित प्रत्याशी सरयू राय ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम विस क्षेत्र के विधायक बन्ना गुप्ता पर पलटवार किया है। प्रस्तुत हैं बिंदुआर उनकी बातें :

1. राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के संबंध में एक एफआईआर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसे वे फर्जी बता रहे हैं। इस मामले में राँची के पुलिस अधीक्षक (नगर) ने कहा है कि इसका स्त्रोत जानने के लिए जांच की जा रही है। दूसरी ओर श्री बन्ना गुप्ता के एक प्यादे ने जमशेदपुर में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है और प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस सक्रिय हो गई है। जिन तीन लोगों पर जमशेदपुर के कदमा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुआ है, स्वास्थ्य मंत्री जी उन्हें मेरा नजदीकी बता कर मुझे भी इसमें लपेटना चाह रहे हैं। मैं मांग करता हूँ कि इस मामले में न्यायिक जाँच कराई जाय। कारण कि इस मामले में पुलिस भी एक पक्षकार बन गई है।

इसके पहले अप्रैल, 2023 में एक महिला के साथ अश्लील वार्ता करते हुए मंत्री श्री बन्ना गुप्ता का विडियो जारी हुआ था। इस पर उन्होंने खुद ही एफआईआर किया था, परंतु आज तक उसका कोई फलाफल नहीं निकला। इसलिए इस मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिए।

### भ्रष्टाचार की मूरत हैं बन्ना गुप्ता, संवैधानिक तरीके से काम करने आता नहीं



2. मंत्री बन्ना गुप्ता खुद को बैकवर्ड कहकर सहानुभूति हासिल करना चाहते है। गत एक माह में इन्होंने जमशेदपुर में करीब 100 गरीब फुटपाथ दुकानदारों का आशियाना तोडवाया है, इनमें से प्रायः सभी पिछड़ा वर्ग से हैं। इसी तरह इन्होंने कोविड महामारी के दौरान आदित्यपुर, जमशेदपुर के सेव-111 नामक एक अस्पताल को बन्द करा दिया। इसके मुख्य चिकित्सक डॉ ओपी आनंद को जेल में डाल दिया। मैंने डॉ आनन्द के पक्ष में यह मामला उठाया था। डॉ ओपी आनंद भी बैकवर्ड हैं, यादव जाति से है। मामला हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट तक गया और फैसला डॉ. ओ.पी. आनन्द के पक्ष में आया। सरकार की किरकरी हुई। क्या बन्ना गुप्ता पिछड़े वर्ग के चिकित्सक का अस्पताल जबरन बंद कराने से हुए नुकसान की भरपाई करेंगे ? उसी समय बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर के कांतिलाल मेडिका अस्पताल को बंद करा दिया। चिकित्सक सहित करीब 350 अस्पताल कर्मी इससे प्रभावित हुए।

3. स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल का प्रबंधन अपनी मुट्ठी में कर रखा है और अपने एक नुमाइन्दे को अस्तपाल के अधीक्षक के कमरे के सामने ही एक बड़ा कमरा देकर उसे वहाँ बैठा दिया है। जब भी एमजीएम का कोई कुप्रबंधन सामने लाता है तो बन्ना गुप्ता को दर्द होने लगता है।

4. निविदा राशि से अधिक मूल्य पर दवाओं की खरीद, कोविड प्रोत्साहन राशि में घपला, 108-एंबुलेंस की खरीद में घोटाला, फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार की नियुक्ति में गड़बड़ी, चिकित्सकों के स्थानांतरण/पदस्थापन में घोर अनियमितता, आउटसोर्सिंग कर्मियों की नियुक्तियों में अनधिकृत और अनावश्यक दखलअंदाजी आदि के मामले में दोष सिद्ध होने पर भी इनके विरूद्ध कार्रवाई नहीं हो रही है।

## 2.27 लाख लाभुकों के खाते में डाले गये 27.11 करोड़

पूर्वी सिंहभूम

- मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सभी लाभार्थियों को डीबीटी की गयी तृतीय किश्त की राशि
- डीसी ऑफिस सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक मंडल, डीसी, जिप अध्यक्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के लाभुकों को तृतीय किश्त की राशि जिले में समारोहपूर्वक हस्तांरित की गई। समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, माननीय विधायक जुगसलाई मंगल कालिंदी, जिप अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी शामिल हुए। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती संध्या रानी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्रीमती नेहा संजना खलखो व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे ।



एक बिटिया रानी को निर्गत राशि का प्रमाणपत्र देते विधायक मंगल कालिंदी। साथ में डीसी व सबसे दायें जिप अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू।

10 लाभुकों को मिला स्वीकृति पत्र : कार्यक्रम में जिले के 2 लाख 71 हजार 100 लाभार्थियों के बीच 27 करोड़ 11 लाख की राशि रिमोट दबाकर माननीय विधायक जुगसलाई द्वारा हस्तांरित की गई। साथ ही 10 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया एवं उपहार दिया गया। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक व सामाजिक उत्थान की दिशा में कई योजनायें संचालित कर रही हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार द्वारा संवेदनशील प्रयास किये जा रहे हैं।

## राज्यपाल रघुवर दास ने कदमा में दुर्गा पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



कदमा गणेश पूजा मैदान में कदमा एंड एलायड एरिया दुर्गापूजा कमेटी के पंडाल का उद्घाटन मंगलवार की शाम किया। मौके पर दुर्गापूजा कमेटी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद, बॉबी सिंह, राजा सिंह, सुमो और अनुज चौधरी समेत बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## शेखर डे ने मिलानी और रामदास भट्ठा में दुर्गा पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



श्रीलेदर्स (एसएल) के पार्टनर एवं प्रसिद्ध समाजसेवी शेखर डे ने आज शहर की सबसे पुरानी सांस्कृतिक संस्था मिलानी के सभागार में महासचिव राजू दत्ता के साथ मिल कर दुर्गापूजा पंडाल का उद्घाटन किया। इसके बाद शेखर दा रामदास भठ्ठा में भी दुर्गापूजा पंडाल का उद्घाटन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को दुर्गापूजा की शुभकामनाएं दीं।

## कांग्रेसियों को भी मिली दोहरी खुशी, जमकर लड्डू वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जम्मू कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन सरकार बहुमत प्राप्त करने एवं हरियाणा राज्य के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी को पहले से ज्यादा विधानसभा में सीट जीत मिलने की खुशी में तथा झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर की जीत पर साकची गोलचक्कर के समीप जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं वरिष्ठ नेताओं के उपस्थिति में लड्डू वितरण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें कांग्रेस नेताओं ने हिस्सा लिया। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि भारत के हर तरफ आम जनता कांग्रेस पार्टी पर भरोसा जता रही है। भाजपा सरकार के जुमले से लोग मुंह मोड़ रहे हैं।

## कुमार शिवाशीष बने जमशेदपुर के नये सिटी एसपी

- चाईबासा के नये एसपी होंगे पारस राणा
- आठ आइपीएस अधिकारियों का हुआ ट्रांसफर

खबर मन्त्र ब्यूरो



आइपीएस कुमार शिवाशीष।

**जमशेदपुर।** हजारीबाग के एसडीपीओ कुमार शिवाशिष जमशेदपुर के नये सिटी एसपी होंगे। इस संबंध में झारखंड सरकार की ओर से आज सर्कुलर जारी कर दिया गया है। जमशेदपुर के ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग अपनी ग्रामीण क्षेत्र की जिम्मेदारी के साथ-साथ सिटी एसपी के भी प्रभार में हैं। कुमार शिवाशिष की पोस्टिंग होने से ऋषभ गर्ग के ऊपर दायित्व बोझ कुछ कम होगा। ऋषभ को जमशेदपुर सिटी एसपी का प्रभार तब दिया गया जब यहां से तत्कालीन सिटी एसपी मुकेश लुणावत को सरायकेला का एसपी बना दिया गया। दूसरी ओर पारस राणा को पश्चिम सिंहभूम का नया एसपी बनाया गया है। राकेश सिंह को पलामू का नया एसपी बनाया गया है। ऋत्विक श्रीवास्तव को चतरा का एसपी अभियान पद पर तैनात किया गया है जबकि शेख मोहम्मद याकूब को हुसैनाबाद का एसडीपीओ बनाया गया है। ललित मीणा को गुमला के चैनपुर का एसडीपीओ और अमित आनंद को हजारीबाग का नया एसडीपीओ बनाया गया है। इन सभी पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से पदभार संभालने को कहा गया है।

उक्त अधिसूचना झारखंड के राज्यपाल के आदेश से सरकार के उप सचिव ओमप्रकाश तिवारी ने जारी की है।

## हरियाणा में प्रचंड जीत पर जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया विजयोत्सव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने प्रचंड बहुमत हासिल किया है और लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही जम्मू-कश्मीर में भी भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया है। भाजपा की इस विजय पर झारखंड के साथ लौहनगरी जमशेदपुर में भी भाजपा कार्यकताओं एवं समर्थकों के बीच जश्न का माहौल है। इसी क्रम में, जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक जीत का जश्न मनाया। मंगलवार को जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने साकची स्थित जिला कार्यालय में ढोल-नगाड़ो की धुन पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान कार्यकताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर विजयोत्सव मनाया।



महानगर कोषाध्यक्ष कृष्णा शर्मा अपने अध्यक्ष सुधांशु ओझा का मुंह मीठा कराते हुए।

## जीत पीएम मोदी के विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति की स्वीकृति है : अमरप्रीत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी, झारखंड के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में पार्टी की शानदार जीत और जम्मू-कश्मीर में सीटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे. पी नाड्डा , गृह मंत्री अमित साह और लाखों कार्यकर्ताओं को बधाई दी। अमरप्रीत सिंह काले ने कहा, यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , जी के नेतृत्व में चल रहे विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति की स्वीकृति है। हरियाणा की जनता ने भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों और विकासशील दृष्टिकोण पर दृढ़ विश्वास जताया है। यह परिणाम इस बात का प्रमाण है कि देश के हर कोने में भाजपा की नीतियों को समर्थन मिल रहा है। काले ने जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में कहा, भाजपा ने जिस तरह से वहां अधिक सीटें प्राप्त की हैं।

## शफायत हुसैन की स्मृति में 102 यूनिट रक्त संग्रह



रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते आसिफ महमूद, विजय सिंह और डा रचना द्विवेद्वी व अन्य।

- एहसीन फाउंडेशन ने रेडक्रॉस के सहयोग से लगा शिविर
- मानवता की सेवा का दूसरा नाम है रेड क्रॉस सोसायटी : आसिफ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानवता की सेवा का दूसरा नाम रेड क्रॉस सोसाईटी है और इसकी पूर्वी सिंहभूम शाखा इसकी एक मिसाल है। आज रक्तदान के लिए हम सभी यहां जुटे हैं और इसे अभियान बनाने के पीछे भी रेड क्रॉस की बड़ी भूमिका है। उक्त विचार एहसिन फाउण्डेशन के चेयरमैन व जाने माने समाजसेवी आसिफ महमूद ने रेड क्रॉस भवन में एहसिन फाउण्डेशन के सहयोग से उनके पिता स्व. शफायत हुसैन की याद में आयोजित रक्तदान शिविर के उद्घाटन पर व्यक्त किया। मौके पर कुल 102 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर का उद्घाटन रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, धतकीडीह मस्जिद के इमाम अमीरूल हसन, हाफिज अनवर आलम, एहसिन इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. अर्चना द्विवेदी, डॉ. जरीना खान ने किया।

## डीसी अनन्य मित्तल ने जिलेवासियों को दी दुर्गोत्सव की शुभाकामनाएं

- हर्षोल्लास के वातावरण में मनायें त्योहार, विधि व्यवस्था को जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों का करें अनुपालन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** दुर्गा पूजा- 2024 के अवसर पर पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन हेतु पट खुल गए हैं तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पूजा पंडालों में दशार्नार्थ आ रहे हैं। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल ने जिले के सभी नागरिकों को दुर्गोत्सव की शुभकामनायें देते हुए कहा कि हर्षोल्लास के वातावरण तथा विधि व्यवस्था संधारण में अपेक्षित सहयोग प्रदान करते हुए जिलेवासी त्योहार मनायें । जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा का ध्यान रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ऐसे में अपेक्षा है कि जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए सुगमता एवं सफलतापूर्वक त्योहार संपन्न कराने में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।





डीसी अनन्य मित्तल।

**पूजा पंडालों में भ्रमण के दौरान श्रद्धालु निम्न बातों का ध्यान रखें**

- अगर छोटे बच्चों को साथ लेकर पण्डाल भ्रमण करने जाएं तो अपने बच्चे की जेब में मोबाईल नम्बर व पता लिखी हुई पर्ची अवश्य डालें ताकि दुर्भाग्यवश गुम होने की स्थिति में उसे आसानी से घर पहुंचाया जा सके।
- गाड़ियों को पार्किंग स्थल पर डबल लॉक कर ही खड़ी करें।
- पूजा पण्डालों में स्त्री व पुरूष अपने अपने निर्धारित प्रवेश द्वारों में पंक्तिबद्ध होकर प्रवेश करें।
- किसी भी अनजान या संदिग्ध वस्तु को छुने या उठाने की बजाय पुलिस कन्ट्रोल रूम को सूचित करें।
- खोया-पाया की स्थिति में घबराने की बजाय पण्डाल में सूचना उद्घोषणा केन्द्र में सम्पर्क करें।

**क्या नहीं करें ?**

- प्लास्टिक पदार्थों को पण्डालों में साथ लेकर ना आएं।
- बिजली के उपकरणों, तारों आदि को छूने से बचें।
- तेजी से वाहन न चलाएं और प्रेसर हॉर्न का प्रयोग न करें।
- वाहनों को सड़क किनारे यत्र-तत्र न लगाएं ।
- मोटर साईकिल पर करतब/प्रदर्शन करना तथा ट्रिपल सवारी करना दण्डनीय होगा।
- नशे की हालत में पण्डालों में न जाएं अन्यथा जांच में पकड़े जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

स्पीड न्यूज

### यह जीत पीएम और नड्डा को समर्पित

**जमशेदपुर।** हरियाणा विधान सभा की शानदार जीत पर खुशी जाहिर करते हुए वारीडीह मंडल के मिडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने कहा कि हरियाणा विधान सभा मे भाजपा को मिले प्रचंड बहुमत के लिए भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी गृह मंत्री अमित साह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को बधाई दी। साथ ही हरियाणा की जनता का आभार व्यक्त किया। श्री मिश्रा ने कहा कि भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्याणकारी योजनाओ मे कुशल नेतृत्व मे विस्वास व्यक्त करते हुए लगातार तीसरी बार वहाँ की जनता पूर्ण समर्थन दिया। हरियाणा की जनता को बधाई।

### रियाजुद्दीन ने कांग्रेस की जीत पर बांटे लड्डू

**जमशेदपुर।** मंगलवार को संध्या 6 बजे जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के गठबंधन (इंडिया गठबंधन )की जीत पर जमशेदपुर के टेल्को खड़ंगा झाड़ चौक पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य रियाजुद्दीन खान के नेतृत्व में कांग्रेस जनों द्वारा खुशी मनाई गई और लड्डू वितरण किया गया। उक्त अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता रियाजुद्दीन खान ने कहा कि इंडिया गठबंधन की जीत से यह साबित हो गया कि जम्मू कश्मीर की जनता, भारतीय जनता पार्टी के शासन से त्रस्त थी और इस विधानसभा के चुनाव में अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के माध्यम से भाजपा के विरोध में जनमत देकर और कांग्रेस- नेशनल कांफ्रेंस के पक्ष में अपना मत देकर इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का काम किया। रियाजुद्दीन खान ने आगे कहा कि आज जम्मू कश्मीर के काले अध्याय और भाजपा की तानाशाही सरकार का अंत हुआ और जम्मू कश्मीर में लोकतंत्र पर विश्वास करने वाली इंडिया गठबंधन सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ और घाटी में नए सूरज का उदय हुआ और निरंकुश शासन के कैद से मुक्ति मिली।

### जम्मू कश्मीर बढ़िया हरियाणा का परिणाम अप्रत्याशित : डॉ अजय

**जमशेदपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा. अजय कुमार ने मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि हरियाणा चुनाव के जो परिणाम आए है वो मेरे लिए अप्रत्याशित है. मैं हरियाणा गया था और वहां से जो ग्राउंड रिपोर्ट मिल रही थी. उससे हमें विश्वास था कि परिणाम हमारे पक्ष में आएंगे. लेकिन ऐसा क्यों हुआ इसकी समीक्षा करनी होगी. कहां हमसे चूक हुई है उसका विशलेषण करना होगा. यह तो सही है कि कहीं ना कहीं ग्राउंड पर जितना काम करना चाहिए था वो नहीं हो पाया क्योंकि कई सीट हम बहुत कम अंतर से हारे है। इसका मतलब यह है कि वहां हमारी जीत की संभावना थी, कहीं ना कहीं हमारे प्रयास में ही कमी रह गई और हम चूक गए। वहीं उन्होंने हुए कहा कि भले ही हरियाणा में हमारी सरकार नहीं बन रही है लेकिन हरियाणा की जनता में हमें प्रदेश में मजबूती प्रदान की है। हम जनता के मुद्दे को और मजबूती से उठाने का प्रयास करेंगे।

### हरियाणा का परिणाम ऐतिहासिक : अनिल

**जमशेदपुर।** भाजपा के जिला महामंत्री अनिल मोदी ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत की हरियाणा की जनता को बधाई दी है।उन्होंने इसे मोदी मैजिक एवं कार्यकताओं की परिश्रम का नतीजा करार दिया है।उन्होंने कहा की तमाम एंटी इनकंबेंसी को झुठलाकर लगातार तीसरी बार हरियाणा में सत्ता में आना भाजपा के प्रति जनता के विश्वास का प्रतीक है।उन्होंने कहा की हरियाणा चुनावों ने देश को एक संदेश दिया है कि देश का किसान भाजपा के साथ है। इस चुनाव ने इंडी गठबंधन के दुष्प्रचार की कलई खोल दी है।इन चुनावों में हरियाणा के मतदाताओं ने सारे एग्जिट पोल को झुठलाने का काम किया है। उन्होंने कहा की हरियाणा का चुनाव झांकी है झारखंड और महाराष्ट्र अभी बाकी है। उन्होंने दावा किया की आने वाले झारखंड के चुनावों में भी झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी।

## सगुना मुखिया ने कई जगह लगायी कुर्सी



**पाटन पलामू।** ग्राम पंचायत सगुना मुखिया मंजू देवी के सौजन्य से पंचायत के विभिन्न गांव में सीमेंटेड चेयर लगाया जा रहा है। नवादा सूरजमल साव के घर के पास नवादा स्कूल के पास नदी पर मुस्लिम टोला में खरोंधा देवी मंदिर के पास चेयर लगाया जा चुका है। साथ ही कई जगहों पर चेयर लगाने की प्रकिया चल रही है, जिससे लोगों में हर्ष है।

## स्पीड न्यूज

### पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने किया फाइनल फुटबॉल मैच का शुभारंभ



**रामगढ़ पलामू।** डालटनगंज-भंडरिया विस क्षेत्र के फकीराडीह पंचायत के पाठ मैदान में पूर्व मुखिया स्व वीरा सिंह स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच का शुभारंभ पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने किया। मौके पर फकीराडीह पंचायत के मुखिया सोहर सिंह, रामगढ़ जिप छोटन सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी, पंसस महेश यादव, स्व पूर्व मुखिया वीरा सिंह, फुटबॉल मैच आयोजन समिति के अध्यक्ष गणेश यादव, पूर्व प्रमुख उमेश यादव, संचालनकर्ता लालमुनि यादव, शिव मोहन बैगा, कोईली सिंह व कई खिलाड़ी उपस्थित थे।

### हरियाणा में भाजपा की जीत पर जश्न



**हुसैनाबाद पलामू।** हरियाणा में भाजपा की जीत पर वरिष्ठ भाजपा नेता सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। एक दूसरे को मिठाई खिला कर दी बधाई। इस मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि हरियाणा झांकी है, झारखंड और महाराष्ट्र अभी बाकी है।

### मित्तल बने छतरपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष



**छतरपुर पलामू।** अनुमंडल मुख्यालय के मंगलवार को विजय तारा होटल में छतरपुर प्रखंड के पत्रकारों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता छतरपुर के वरिष्ठ पत्रकार गौरीशंकर सिंह ने की। सर्वसम्मति से छतरपुर प्रेस क्लब गठित की गयी। जिसमें मित्तल सिंह अध्यक्ष, असगर हुसैन, राजीव सिन्हा, चंदन कुमार उपाध्यक्ष, अश्विनी कुमार सचिव और पंचम कुमार को उपसचिव, सुरेंद्र गुप्ता महामंत्री, राणा रंजीत पहाड़ी कोषाध्यक्ष, अजीत सिंह उप कोषाध्यक्ष और नीरज कुमार को मीडिया प्रभारी चुना गया। कार्यकारणी सदस्य सुरेंद्र कुमार, बिनोद कुमार, निखिल कुमार, सुरेंद्र सिंह चुने गये।

### किस्त हस्तांतरण को लेकर कार्यक्रम

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के टाउन हॉल में दुर्गा पूजा पर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के बीच तीसरी किस्त हस्तांतरण समारोह किया गया। मौके पर जिले के 3,49,318 लाभुकों के बीच 3,49,318000 रुपये ट्रांसफर किये गये। इसके पश्चात टाउन हॉल में 18 से 20 वर्ष के कुल 7 नये लाभुकों को स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गया। इसके पूर्व उपायुक्त, उप विकास आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर डीडीसी शब्बीर अहमद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद भी थे।

### कब्जा के खिलाफ भाकपा माले का धरना



**तरहसी पलामू।** प्रखंड कार्यालय में जमीन बंदोवस्ती के सवाल पर सोनपुरा बांसगुरू के सैकड़ों ग्रामीण भाकपा माले के नेतृत्व में धरना दिया। धरने का नेतृत्व कर रहे भाकपा माले तरहसी प्रखंड सचिव ने बताया कि बांसगुरु के दलित कई पुश्तों से वहां रहते आ रहे हैं, खेती कर रहे हैं। पर सरकार को तरफ से उन्हें कोई कागज नहीं मिल रहा है और इसके उलट वहां के स्थानीय दबंग दलितों की जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। धरने में भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य दिव्या भगत, सुनील, प्रवीन, चंदन, अविनाश रंजन के साथ सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### कलाकारों के सपनों को उड़ान देगा संकटमोचन संगीत कला केंद्र : अजीत



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** संकटमोचन संगीत कला केंद्र का उद्घाटन सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, मुखिया गुड्डी देवी राजन सिंह चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी ने किया। मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने कहा कि लेस्लीगंज में संगीत कला केंद्र खुलने से यहां के बच्चों को काफी फायदा होगा। अब यहां के बच्चे भी संगीत कला में आगे बढ़कर प्रखंड सहित जिला का नाम रौशन कर सकेंगे। कला केंद्र का संचालक व्यास अंकु राय एवं श्याम सवरसिया को बधाई दी। मौके पर व्यास प्रेम गिरी, पायल सिंह, अमित सिंह, संजय शुक्ला, मिथिलेश दुबे, सुरेश मास्टर, संतोष यादव व शिक्षक शिक्षिका थी।

### ग्रामीणों की हर समस्या का होगा समाधान



**पाटन पलामू।** प्रखंड के जहांसी ग्राम में विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार के सौजन्य से 100 केवी का ट्रांसफर मुहैया कराया गया। मानव अधिकार सहायता संघ पलामू जिलाध्यक्ष सह जहांसी मुखिया प्रतिनिधि अविनाश सिंह उर्फ मुकेश सिंह ने 100 केवी के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। कहा कि पूर्व में जहांसी के ग्रामीणों ने नियमित बिजली आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की थी।

# विधि व्यवस्था को लेकर यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें : रीष्मा रमेसन

- पलामू पुलिस ने दुर्गा पूजा को लेकर यातायात पर मैप को किया लागू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय में दुर्गा पूजा को लेकर शहर के विभिन्न मुहल्लों व चौक चौराहों पर सुंदर व आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण पूजा समितियों द्वारा कराया जाता है। जिसे देखने के लिए शहर समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग सपरिवार पूजा पंडाल में आकर मां दुर्गा को नमन करते हैं। इस दौरान अत्यधिक भीड़ उमड़ पड़ती है जिसे देखकर पुलिस यातायात को सख्ती के साथ पालन करती है। दुर्गा पूजा में यातायात व्यवधान उत्पन्न न हो इसे लेकर पलामू पुलिस ने एक नया रोड मैप को तैयार कर लागू किया है। यहां पर पार्किंग स्थल बनाया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने कहा कि पूजा के दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर व्यवधान उत्पन्न न हो इसे लेकर नया रोड मैप लागू किया गया है। जिसका सख्ती के साथ अनुपालन कराया जायेगा। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु बड़ी/ छोटी/ मालवाहक वाहनों के लिए बेरिकेटिंग एवं पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

### पलामू पुलिस की नागरिकों से अपील





छःमुहान से शहर थाना रोड एवं बड़ी मस्जिद रोड़ की तरफ दो/चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। विकल्प के तौर पर मोहन सिनेमा हॉल रोड और जिला स्कूल रोड का उपयोग किया जा सकता है। साहित्य समाज चौक/भारत माता चौक से सदर अस्पताल, छःमुहान तक दो/चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इसके विकल्प के रूप में चैयरमेन रोड, हमीदगंज, जेलहाता रोड और कांग्रेस भवन रोड का प्रयोग किया जा सकता है। मुस्लिम नगर से कन्नी राम चौक की ओर आने वाले वाहन आढ़त रोड और जिला स्कूल रोड होते हुए छःमुहान चौक जा सकेंगे। पलामू पुलिस सभी नागरिकों से अनुरोध करती है कि यातायात नियमों का पालन करें और प्रशासन को सहयोग दें।

# वर्षों से उपेक्षित इलाकों के विकास से लोगों में खुशी की लहर है : डॉ मेहता

- विधायक ने किया करीब 30.67 करोड़ की लागत से बनने वाली 14 सड़कों के निर्माण का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पिछले 15-20 वर्षों से उपेक्षित इलाकों में विकास की किरण पहुंचने से लोगों में खुशी की लहर है। आज जिन सड़कों का शिलान्यास किया गया है उसके निर्माण के लिए उस इलाके के लोग करीब 15 वर्षों से मांग कर रहे थे लेकिन पूर्व के जनप्रतिनिधि इस इलाके को विकास से उपेक्षित रखे थे। विधायक डॉ मेहता मंगलवार को मनातू प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बनने वाले 14 सड़क 59.85 किमी लगभग 30 करोड़ 67 लाख के लागत से बनने वाले सड़क निर्माण की आधारशिला रखने के बाद आयोजित समारोह में बोल रहे थे। विधायक ने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा इसके साथ ही निश्चित समय सीमा के अंदर काम को पूरा करने के लिए संबंधित संवेदक एवं विभाग के अधिकारियों को बोला गया है। अभी तक पूर्व में चुकी एक खास संवेदक द्वारा ही पाकी विधानसभा क्षेत्र में काम किया जाता था इस कारण गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता था इसके साथ ही समय पर कोई भी योजनाओं को पूरा नहीं होने से आमजनों को काफी परेशानी होती थी। आज भी इलाके में दर्जनों योजनाएं 10-12 वर्षों से अधूरी पड़ी है। लेकिन

### जिला मुख्यालय में डीसी-एसपी के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

# पूजा में विधि व्यवस्था के लिए दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त : डीसी

- पूजा के दौरान जिले में सुरक्षा के व्यापक व्यवस्था की गयी है : पुलिस अधीक्षक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



फ्लैग मार्च में शामिल पलामू डीसी-एसपी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। जिले के सभी प्रखंड पंचायत स्तर पर गतिविधियों की पैनी नजर रखी जा रही है। इसे लेकर जिला में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जहां से पल पल की खबरें उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक अपने मातहत अधिकारियों से प्राप्त कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर उपायुक्त शशिरंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के नेतृत्व में जिला मुख्यालय के शहर थाना परिसर से विशाल फ्लैग मार्च निकाली गयी। जिसमें काफी संख्या में पुरूष व महिला पुलिस बल शामिल थे। फ्लैग मार्च शहर थाना क्षेत्र के अस्पताल चौक, कन्नी राम चौक, जिला स्कूल चौक, पोस्ट ऑफिस रोड, सदिक चौक, स्टेशन रोड होते हुए विभिन्न चौक चौराहों से होकर पुनः शहर थाना में समाप्त किया गया। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि जिले में दुर्गा पूजा को शांतिपूर्वक सफल बनाने के लिए जिले के सभी प्रखंड पंचायत स्तर पर काफी संख्या में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

### डीसी ने की डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के न्यास परिषद की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान पिछली न्यास परिषद की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा किया गया।

# अब रजवार परिवारों को शहर में भटकना नहीं पड़ेगा : कमलेश सिंह

- विधायक ने सुहेलदेव रजवार भवन का किया उदघाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भवन का उदघाटन करते विधायक व अन्य।

**हुसैनाबाद पलामू।** रजवार समाज को भाजपा नेता सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद शहर में महाराजा सुहेलदेव रजवार भवन का तोहफा देकर उन्हें हुसैनाबाद में बड़ी मान प्रतिष्ठा देने का काम किया है। विधायक कोटा की राशि से निर्मित महाराजा सुहेलदेव रजवार भवन का उदघाटन विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। मौके पर राजवंशी समाज की ओर से विधायक कमलेश कुमार सिंह को सम्मानित किया गया व उनका आभार व्यक्त किया गया। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि कहा कि अब रजवार परिवार को शहर में इधर उधर भटकने की जरूरत नहीं होगी। वह अपने भवन में बैठकं, आराम और कार्यक्रम कर सकते हैं। विधायक ने कहा कि इस समाज को सदियों से किसी नेता जनप्रतिनिधि ने आगे नहीं आने दिया। उन्होंने हमेशा रजवार समाज को आदर सम्मान दिया है। उनके दुःख सुख में साथ रहते हैं। भाजपा नेता ओपी राजवंशी ने कहा कि विधायक कमलेश सिंह ने समाज को जो सम्मान दिया है, इसे कभी भुला नहीं जा सकता। रजवार समाज को मान प्रतिष्ठा देने के मामले में राज्य के पहले विधायक कमलेश सिंह हैं। रजवार समाज को भवन का तोहफा देकर दुर्गा पूजा में उनकी खुशी दोगुनी कर दी है। माता रानी उन्हें इसका इनाम जरूर देंगी। मौके पर भाजपा के युवा नेता सूर्या सिंह, महेंद्र राजवंशी, ओमप्रकाश राजवंशी, राजा राजवंशी, मुखिया प्रमोद रजवार, दिनेश राजवंशी, नरेश राजवंशी, सुदर्शन राजवंशी, विनय रजवार, कार्तिक राजवंशी, जानकी रजवार आदि थे।

वह अपने क्षेत्र के सभी समाज के लोगों को मान प्रतिष्ठा देने का काम शुरू से करते हैं, आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि रजवार समाज के लोगों को अपने समाज की बैठक करने, बैठने या शहर में आराम करने की कोई जगह नहीं थी। समाज के लोगों के आग्रह पर उन्होंने विधायक कोटा की राशि से भवन का निर्माण कराया।

## हरियाणा में भाजपा की प्रचंड जीत का श्रेय शीर्ष नेताओं और कार्यकर्ताओं को : अमित तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत का श्रेय पार्टी के कार्यकर्ताओं और शीर्ष नेतृत्व को जाता है क्योंकि भाजपा रीति और नीति की राजनीति करती है। लगभग एक दशक बाद भी हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी नहीं थी, क्योंकि भाजपा जनता के हित को ध्यान में रख कार्य करती है। बाकी सभी दूसरे दल क्षेत्रवाद, जातिवाद, भाषावाद को प्रश्रय देते हैं। इसके साथ उनका उद्देश्य देश को हर तरीके से विभाजित करना ही होता है, लेकिन उन्हें यह याद रखना चाहिए कि देश में अगर चलेगा तो केवल और केवल राष्ट्रवाद ही चलेगा। हरियाणा में जो भारतीय जनता पार्टी की सरकार पुनः बनी है वह विकासवाद के नाम पर बनी है ।अतः विपक्षी दलों को अब जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा से ऊपर उठकर के काम करने पर पुनर्विचार करके राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना चाहिए। क्योंकि देश की जनता अब समझ चुकी है कि केवल और केवल भाजपा ही एक ऐसी राजनीतिक दल है जिसमें अपने वादों को निभाने का दम है।

## राह नयी, संकल्प वही... के साथ क्षेत्र को आगे बढ़ायेंगे : कमलेश

- चार सड़क निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास
- आजादी के बाद पहली बार परहिया टोला तक सड़क निर्माण का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** वरिष्ठ भाजपा नेता सह हरिहरगंज हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह ने मंगलवार को चार महत्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास किया। उन्होंने जिन सड़कों का शिलान्यास किया उसमें, हैदरनगर प्रखंड के इटवा मोड़, देवी धाम मोड़, चौकी मोड़ पर सड़क निर्माण कार्य शामिल है। इस बीच हैदरनगर के भाई बिगहा पहुंचने पर मुस्लिम लोगों ने उनका स्वागत किया। विभिन्न कार्यक्रमों में विधायक ने कहा कि वह ईमानदारी के साथ राजनीति करने में विश्वास रखते हैं। उनकी कथनी और करनी में कभी फर्क नहीं है। उन्होंने जनता से जो वादा किया था, उसे 98 प्रतिशत पूरा किया है। सरकार के नकारात्मक रवैये के बावजूद उन्होंने सड़क, स्वास्थ्य केंद्र भवन, राजस्व कचहरी, स्कूल भवन, पुल, पुलिया के साथ विभिन्न विद्यालयों को अपग्रेड कराया है।

### भक्तिमय माहौल में पूजा पंडालों में बेल पूजन पूजा



**विश्रामपुर (पलामू)।** नवरात्रि के छठे दिन बिश्रामपुर अंचल व नप क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में मां कात्यायनी की विशेष पूजा अर्चना हुई। वैदिक मंत्रोचार और देवी गीतों की गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहा। सभी पूजा पंडालों में मंगलवार शाम को ही बेल पूजन हुआ। विश्रामपुर जोड़ा मंदिर प्रांगण स्थित पूजा पंडाल के बेल पूजन में पूर्व विस प्रत्याशी अंजू सिंह शामिल हुईं। श्रीमती सिंह ने महिला श्रद्धालुओं के साथ खुद पूजा अर्चना कर क्षेत्र की हरियाली व खुशहाली की दुआ मांगी। मौके पर अंजू-अभिमन्यु टीम के केंद्रीय नेता नईमुद्दीन अंसारी, नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा, गुड्डू शुक्ला, उस्मान अंसारी, रवि कुमार, दीपक कुमार, राजेश मार्शल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### श्री मां बाल विकास विद्यालय में डांडिया नृत्य



**हुसैनाबाद, पलामू।** मां शिवकुमारी देवी सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री मां बाल विकास विद्यालय में मंगलवार को डांडिया नृत्य किया गया। जिसकी अध्यक्षता व संचालन निदेशक सह प्राचार्य डॉ जीतेंद्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में चार ग्रुप में बच्चों ने शेरा वाली मईया, तेरी महिमा अपरंपार, धोलिदा ढोल बाजे,रंगीला तारा आदि दुर्गा भक्ति गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नंदिनी, तथीर, अनुष्का, मुस्कान, आशिया, अंकित, पल्लवी, सिफा खान, जोया, सानिया, सनाया, नंदिका, आरुषि श्वेता, अंकिता, रविजा, मनी, माही, पूनम, लाराईबा, मंतशा, आफीफा, अलीशा, प्रिया, गोशिया, स्नेहा, प्रीति, चंद्रमुखी,जेबा, परी, प्राची, रागिनी शामिल रहे।

### वाहन चेकिंग अभियान में कई वाहन हुए जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी सामाल अहमद के नेतृत्व में पुलिस ने शहर के छह मुहान चौक पर सघन जांच अभियान चला। चार पहिया वाहन एवं दोपहिया की जांच की गयी, जिसमें दो पहिया वाहन के कुछ गाड़ियों के चालक बगैर हेलमेट एवं ट्रिपल लोड थे और कुछ बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे। पुलिस ने इनके वाहनों को जब्त कर शहर थाना में रखा है। जिसमें 09 बाइक तथा 02 ट्रक नो एंट्री में पकड़े गये। चालक शराब पीकर गाड़ी चला रहे थे जिनकी जांच ब्रिथ एनालाइजर मशीन से की गयी। दोनों ट्रक को दो नंबर टीओपी में रखा गया है। परिवहन कार्यालय से 08 बाइक की चालान राशि 23,150 रुपये, 01 ई रिक्शा का 11,000, एक ट्रक का चलान फाइंड राशि 6150 और एक ट्रक से 1150 रुपये वसूला गया है।

## सगुना की विशेष ग्राम सभा में कई योजनाओं का चयन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** सगुना पंचायत सचिवालय में विशेष ग्राम सभा की गयी। पंचायत के सभी गांव से चिंहित कर सार्वजनिक क्षेत्रों के योजनाएं चुनी गयीं। सभी ग्रामीण व वार्ड सदस्य ने कई योजनाओं को चुना। इसमें पंचायत सचिव अहमद हुसैन अंसारी, वार्ड सदस्य राप्ती देवी, रामरती देवी, सीता देवी, मनोज राम, जमुना सिंह, विकास कुमार, राहुल कुमार, प्रिंस कुमार, भरत राम, संजय राम, उदय सिंह, अनिल सिंह, संजय भुइयां, रामसूरत मांझी, परवा मांझी, मजलूम हुसैन, राकेश सिंह, संदीप कुमार, राजा बाबू, नारद मांझी, अंजन कुमार, आशीष सिंह, प्रदीप राम, वकील अंसारी, जायदा खातून, आरती देवी, सिनोद भुइयां, नितेश सिंह, संजय सिंह, शिव कुमार राम, पंचायत की सभी जल सहिया, सभी डीलर शामिल थे।

## निर्मम तरीके से की गयी पाटन के युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

- धान के खेत से युवक का शव पुलिस ने किया बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के गहर पथरा जीरवा नुनफोरवा टोला के कौशिक रंजन पिता भरदुल राम की हत्या कर दी गयी। समाचार के अनुसार कौशिक सोमवार की शाम अपने घर से घूमने के लिए कहकर निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजन रात भर खोजबीन किये, लेकिन पता नहीं चला। सुबह कौशिक के पिता अपने घर से कुछ दूरी पर धान के खेत में पटवन के दौरान बेटे को मृत पाया। इसकी सूचना उन्होंने ग्रामीणों तथा पाटन पुलिस को दी। सूचना पाते ही हजारों ग्रामीण उमड़ पड़े। कौशिक की हत्या निर्मम तरीके से उसके प्राइवेट पार्ट को क्षतिग्रस्त कर की गयी थी। परिजनों के अनुसार मृतक उत्पाद विभाग एवं सीआरपीएफ में चयनित हुआ था। दो चार दिन के अंदर ही ज्वाइनिंग लेटर आने वाली थी तभी यह घटना घट गयी।

### सदर थाना प्रभारी के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ निकला फ्लैग मार्च

# पूजा में व्यवधान उत्पन्न करनेवालों की खैर नहीं : थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



फ्लैग मार्च में शामिल पदाधिकारी व अन्य लोग।

**मेदिनीनगर।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ संपन्न कराने के लिए सदर थाना पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय के नेतृत्व में सुरक्षा की ऐसी पुख्ता व्यवस्था की गई है कि असामाजिक तत्वों की खैर नहीं। इसे लेकर मंगलवार को थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशाल फ्लैग मार्च निकाली गयी जो सदर थाना से निकलकर जोड़, खनवा, भुसही, चियांकी, महादेव माड़ा, भीमगाड़ा, कौड़िया, सुआ, तीनकोनिया, बखारी समेत विभिन्न मार्गों से होते हुए सदर थाना पहुंचकर समाप्त किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि फ्लैग मार्च अमन चैन लाने के लिए तथा लोगों में व्याप्त भय को दूर करने के लिए एवं असमाजिक तत्वों , उपद्रवियों में पुलिस का भय उत्पन्न करने के लिए निकाली गई है। उन्होंने सदर थाना क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि निर्भिक होकर पूजा पर्व को मनायें। पुलिस आपसबों की सुरक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि किसी अफवाह पर ध्यान ना दें। यदि कहीं किसी को भ्रामक खबर मिलती है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। इसके साथ ही असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखें। खुद को सुरक्षित रखते हुए दूसरों के सुरक्षा का ख्याल रखें। फ्लैग मार्च में एएसआई भरत भूषण समाड़, एसआई श्यामजय कुमार, एएसआई तिलेश्वर रजक, रामनवमी पूजा के जेनरल अध्यक्ष टाईगर कुमार, मुख्य संरक्षक मुकेश कुमार गुप्ता, बीस सूत्री प्रेम प्रकाश ठाकुर, पंसस अजीत सिंह, दिनेश गुप्ता व कई लोग शामिल थे।

# दोनों समुदाय के लोगों ने शांतिपूर्वक दुर्गा पूजा महोत्सव मनाने का लिया निर्णय

- बिश्रामपुर थाना परिसर में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शांति समिति की बैठक में शामिल पदाधिकारी व उपस्थित अन्य।

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर थाना परिसर में दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर मंगलवार को अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में क्षेत्र के लगभग सभी पूजा कमिटी के पदाधिकारी भी शामिल थे। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान व संचालन विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने किया। बैठक में शामिल दोनों समुदाय के लोगों ने नवरात्र और दुर्गा पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक कुमार टुट्टी ने कहा कि पूजा के दौरान अफवाहों से बचें, कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें। सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करें। क्योंकि सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश आम लोगों की भलाई हेतु ही जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी। पूजा के दौरान पुलिस गस्त भी बढ़ाया जा रहा है। सीओ शंभू राम ने दुर्गा पूजा महोत्सव के अवसर पर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मिलजुलकर मनाने से पर्व का महत्व और बढ़ जाता है। इंस्पेटर रामाशीष पासवान ने कहा कि शांति व्यवस्था मे पूजा कमेटियों को भी अपनी भूमिका व जवाबदेही समझना होगा। उन्हे छोटी बड़ी कोई भी सूचना को पुलिस के साथ साझा करना जरूरी है। ताकि समय रहते पुलिस कोई भी अप्रिय घटना को टाल सके। मौके पर रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार, विजय रविदास, संजय पांडेय, इदरीश हवारी, देव नारायण सिंह, रामचंद्र दीक्षित, किरण देवी आदि भी थे।

# इस्पात निर्माण में डी-कार्बोनाइजेशन में सहयोग हेतु सेल व बीएचपी के बीच एमओयू



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सेल और अग्रणी वैश्विक संसाधन कंपनी बीएचपी के बीच इस्पात निर्माण में डी कार्बोनाइजेशन की दिशा में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है। यह साझेदारी भारत में ब्लास्ट फर्नेस रूट के लिए लो कार्बन स्टील मेकिंग टेक्नोलॉजी वाले तरीकों को बढ़ावा देने की दिशा में सेल और बीएचपी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समझौता ज्ञापन के तहत दोनों पक्ष पहले से ही सेल के ब्लास्ट फर्नेस संचालन करने वाले एकीकृत इस्पात संयंत्रों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने की दिशा में विभिन्न रणनीतियों का आकलन करने वाले शुरूआती अध्ययन के साथ संभावित डी-कार्बोनाइजेशन के अनुकूल विभिन्न वर्कस्ट्रीम्स की खोज कर रहे हैं। ये वर्कस्ट्रीम ब्लास्ट फर्नेस के लिए हाइड्रोजन और बायोचार जैसे वैकल्पिक रिडक्टेंट्स की भूमिका पर विचार करेंगे ताकि डी कार्बोनाइजेशन ट्रांजिशन को अनुकूल बनाने के लिए स्थानीय अनुसंधान और विकास क्षमता का निर्माण भी किया जा सके। भारत और वैश्विक इस्पात उद्योग में मध्यम और दीर्घ अवधि के दौरान डी-कार्बोनाइजिंग को बढ़ावा देने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी को लागू करना और मौजूदा ब्लास्ट फर्नेस तकनीकी में कमी लाना महत्वपूर्ण है और इस अप्रोच के साथ ये साझेदारियां बेहद जरूरी हैं। बीएचपी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी राग उड ने कहा कि बीएचपी का सेल के साथ लंबे समय से एक मजबूत संबंध स्थापित है और हम ब्लास्ट फर्नेस रूट के लिए डी कार्बोनाइजेशन के अवसरों का पता लगाने की दिशा में अपने इस संबंध को और बढ़ाने तथा मजबूत करने के लिए बेहद खुश हैं।

# सीबीआइ ने कथारा वाशरी के क्लर्क को रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीबीआई धनबाद की टीम ने सीसीएल कथारा वाशरी में कार्यरत कार्मिक विभाग के क्लर्क सुरेश ठाकुर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सुरेश ठाकुर पर आरोप है कि उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारी गोपीनाथ मांझी का पेय प्रोटेक्शन एरियर का भुगतान करने के बदले रिश्वत की मांग की थी। जानकारी के अनुसार, गोपीनाथ मांझी, जो पेटरवार प्रखंड के चापी अम्बा टोला के निवासी हैं, कई दिनों से अपने एरियर भुगतान के लिए प्रयासरत थे। हालांकि, रिश्वत न देने के कारण उनका भुगतान अटका हुआ था। अंततः गोपीनाथ ने यूनियन नेता रामविलास रजवार की मदद से सीबीआई धनबाद में शिकायत दर्ज करवाई। सीबीआई ने गोपीनाथ मांझी और रामविलास रजवार के सहयोग से इस मामले में जाल बिछाया। टीम ने केमिकल युक्त 15,000 रुपये का नोट रामविलास रजवार को दिया, जिसे उन्होंने क्लर्क सुरेश ठाकुर को सौंपा. जैसे ही सुरेश ठाकुर ने वह पैसा लिया, सीबीआई की टीम ने उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद, सुरेश ठाकुर का हाथ धुलवाया गया, जिससे केमिकल युक्त नोटों के जरिए रिश्वत की पुष्टि हुई। इसके बाद सीबीआई की टीम ने पीओ ऑफिस में घंटों तक पूछताछ की और फिर सुरेश ठाकुर को धनबाद ले गई।

# सीबीआरएस में टिपर लोडर व डीजल टैंकर की कमीशनिंग

**बोकारो।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में बीएसएल के ओजी और सीबीआरएस में 5 टिपर 3 लोडर और 2 डीजल टैंकर की कमीशनिंग कर उन्हें सफलतापूर्वक चालू किया गया। इस मौके पर अधिशासी निदेशक परियोजनाएं चित्तरंजन महापात्रा, सुरेश रंगानी, राजन प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक गण ओजी और सीबीआरएस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे।

# दुमका : एसपी व एसडीओ ने पंडालों के सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**दुमका।** शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का मंगलवार को एसपी पीतांबर सिंह खेरवार एवं एसडीओ कौशल कुमार ने निरीक्षण किया। प्रशासनिक टीम शहरी के सिंधी चौक से मारवाड़ी चौक, टिन बाजार, टाटा शोरूम समेत विभिन्न पूजा-पंडालो का सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग का अपील किया।


**सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इनस्टीच्यूट लिमिटेड**
(कोल इण्डिया की एक अनुषंगी ईकाई)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची–834031, झारखंड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, **www.cmpdi.co.in**), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



## पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची।

### –: आवश्यक सूचना :–

इस वर्ष दुर्गा पूजा का मुख्य त्योहार दिनांक–03.10.2024 एवं 12/13.10.2024 तक मनाया जाएगा, जिसमें दिनांक–12/13.10.2024 (मूर्ति विसर्जन) का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त अवसर पर राँची शहर के प्रमुख मार्गों में यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार से होगी।

(क) भारी वाहनों के लिए :–

दिनांक–09.10.2024 से 12/13.10.2024 तक प्रतिदिन प्रातः 08:00 बजे से दूसरे दिन प्रातः 04:00 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

(ख) निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन मार्ग :–

1- दिनांक–09.10.2024 से 12/13.10.2024 तक प्रतिदिन 04:00 बजे अपराह्न से दूसरे दिन प्रातः 04:00 बजे तक निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन निम्न प्रकार होगी :–

2- सभी प्रकार के निजी वाहन/ऑटो/ई–रिक्शा का परिचालन कचहरी चौक से शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सुजाता चौक की ओर वर्जित रहेगा। सुजाता चौक की तरफ से मेन रोड में आने वाले सभी निजी वाहन सैनिक मार्केट/जी0ई0एल0 चर्च कम्प्लेक्स तक ही जा सकेगी।

3- पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट (रातु रोड) की ओर आने वाली सभी छोटी गाड़ियों का परिचालन 04:00 बजे अपराह्न से प्रातः 04:00 बजे तक मिनाक्षी सिनेमा मोड़ से पहाड़ी मंदिर होते हुए किशोरगंज चौक तथा वहाँ से हरमू चौक की ओर होगी। हरमू की तरफ से किशोरगंज होकर रातु रोड की तरफ आने वाले चार पहिया वाहनों का परिचालन किशोरगंज चौक तक ही होगा। इस ओर से आने वाले ऐसे सभी दो पहिया वाहन किशोरगंज से आगे पहाड़ी मंदिर मोड़ से मिनाक्षी सिनेमा मोड़ एवं रातु रोड होकर पिस्का मोड़ की ओर जाऐंगे। हरमू बाईपास रोड के तरफ से पिस्का मोड़ की तरफ जाने वाले छोटे चार पहिया वाहन बी0जे0पी0 कार्यालय के पास से पीपर टोली होकर कटहल मोड़/हेहल अंचल होते हुए पिस्का मोड़ की तरफ जाऐंगे।

4- कांके रोड से कचहरी चौक की तरफ आने वाली छोटी गाड़ियाँ जाकिर हुसैन पार्क/रेडियम रोड होकर कचहरी चौक तक, लालपुर चौक से कचहरी चौक आने वाली छोटी गाड़ियाँ जे0पी0एस0सी0 कार्यालय तक, बरियातु रोड से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर जाने वाली छोटी गाड़ियाँ लाईन टैंक रोड स्थित रामगढ़ ट्रेकर पड़ाव तक एवं डंगराटोली चौक से सर्जना चौक की ओर आने वाली छोटी गाड़ियाँ मिशन चौक तक ही आ सकेंगी।

5- लालपुर से कोकर जाने वाले मार्ग वन–वे रहेगा, सिर्फ लालपुर से कोकर की ओर जाने वाले वाहन सदर थाना वाले मार्ग से होते हुए जाऐंगे। कोकर से लालपुर की ओर आने वाली गाड़ियाँ कांटाटोली होकर अपने गंतव्य तक जाऐंगी।

6- हरमू रोड से छोटी गाड़ियाँ अरगोड़ा चौक, कडरू, सुजाता चौक, मुण्डा चौक होते हुए कांटोटोली जा सकती है।

7- कांके रोड से आने वाली गाड़ियाँ राम मंदिर, रणधीरवर्मा चौक, करमटोली से बुटी मोड़ होतु हुए जमशेदपुर या कांटाटोली के तरफ जा सकती है।

8- मेन रोड में 04:00 बजे अपराह्न से अगले दिन 04:00 बजे सुबह तक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

9- समय 04:00 बजे अपराह्न से अगले दिन 04:00 बजे सुबह तक न्यू मार्केट चौक से किशोरगंज चौक तक छोटी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

10- शहरी क्षेत्र मे आवश्यक सामग्री लाने वाली गाड़ियाँ प्रातः 04:00 बजे से 08:00 बजे के बीच ही आ सकेंगी।

(ग) उक्त अवसर पर निम्नांकित स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्थ की गई है :–

| क0सं0 | रूट | पार्किंग स्थल |
|---|---|---|
| 1 | डोरंडा/सुजाता चौक से मेन रोड में आने वाले निजी एवं दो पहिया वाहन | सैनिक मार्केट/जी0ई0एल चर्च कम्प्लेक्स |
| 2 | फिरायालाल से बकरी बाजार की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के निजी एवं दो पहिया वाहन | जिला स्कूल/बाल कृष्ण स्कूल कैम्पस |
| 3 | डंगराटोली से सर्जना चौक जाने वाले वाहन | मिशन चौक के पास/संत जॉन्स स्कूल के सामने |
| 4 | स्टेशन रोड स्थित पूजा पंडाल जाने वाले श्रद्वालुओं के वाहन | रेलवे भर्ती बोर्ड से चुटिया थाना मोड़ तक रोड के दोनों तरफ/रेलवे पार्किंग |
| 5 | लालपुर से कोकर जाने वाले श्रद्वालुओं के वाहन | साधु मैदान/बिजली ऑफिस |
| 6 | खेलगाँव से कोकर पूजा पंडाल जाने वाले श्रद्वालुओं के वाहन | राम लखन यादव कॉलेज कैम्पस |
| 7 | कांके रोड़ से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्वालुओं के वाहन | न्यू मार्केट ऑटो स्टैण्ड |
| 8 | हरमू बाईपास रोड से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्वालुओं के वाहन | बड़ा तालाब नदी ग्राउण्ड के पास |
| 9 | पिस्का मोड़ से दुर्गा मंदिर चौक, रातु रोड आने वाले श्रद्वालुओं के वाहन | दुर्गा मंदिर से पहले जयसवाल पेट्रोल पंप के सामने |
| 10 | बरियातु रोड से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्वालुओं के वाहन | नागाबाबा खटाल पार्किंग/ जाकिर हुसैन पार्क के पास पार्किंग |
| 11 | हरमू बाईपास से किशोरगंज तक आने वाले वाहन | मुक्तिधाम से किशोरगंज के बीच सड़क किनारे |
| 12 | हरमू चौक के पास अवस्थित पूजा पंडाल | हरमू मैदान |
| 13 | बरियातु हाउसिंग के पास जूजा पंडाल | बरियातु मैदान में पार्किंग |
| 14 | सी0एम0पी0डी0आई0 के पास पूजा पंडाल | कैंब्रियन स्कूल के आगे पार्किंग |
| 15 | पुराना विधान सभा मैदान स्थित पण्डाल | शहीद मैदान |

PR 338200Police(24-25)D

पुलिस अधीक्षक यातायात, राँची।


# दुमका : नदी में नहाने के दौरान बालक समेत दो की डूबने से मौत

» शहर के खुंटाबांध तालाब में डूबने से युवक की मौत
» शिकारीपाड़ा में मयूराक्षी नदी में डूबने से बालक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका/शिकारीपाड़ा।** जिले में विभिन्न दो थाना क्षेत्र में नहाने के दौरान डूबने से किशोर समेत दो की मौत हो गई। शहर के नगर थाना क्षेत्र में खुंटाबांध तालाब में नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण 32 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई है। यह घटना दोपहर के करीब 2 बजे के आसपास घटी। मृतक जितेन्द्र कुमार साह उर्फ जितू साह दुमका शहर के नगर थाना क्षेत्र के हरणाकुंडी रोड स्थित काली मंडा के पास का रहने वाला था। वह अपने दोस्तों के साथ खुंटाबांध तालाब में नहाने के लिए आया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया। स्थानीय लोगों ने जब तक युवक को बाहर निकाला, तब तक उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में कर पीजेएमसीएच में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि युवक शराब पीने का आदी था। आशंका है कि युवक नशे की हालत में तालाब में नहाने गया होगा और उसकी मौत डूबने से हो गई। बता दें कि खुंटाबांध तालाब की गहराई काफी अधिक हो गई है। इससे पूर्व भी डूबने से कई लोगों की जाने जा चुकी है।



लोगों से जानकारी लेते पुलिस पदाधिकारी।

### शिकारीपाड़ा में नदी में डूबने से 13 वर्षीय बालक की मौत

मयूराक्षी नदी में नहाने के दौरान 13 वर्षीय बालक डूबने मौत हो गई। यह घटना सोमवार को शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में घटी। मृतक बालक की पहचान आशीष कुमार मांझी शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के झुरको गांव का निवासी के रुप में हुई है।

परिजनों के मुताबिक बालक नदी में अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए गया था। नहाने करने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और उसकी मौत हो गई। परिजन जीवित होने की आस में उसे उठाकर तुरंत फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आये। लेकिन चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया। नगर थाना की पुलिस ने परिजनों का फर्द बयान लेकर पीजेएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

## स्पीड न्यूज

### चाईबासा के गुदड़ी में तीन फेरीवालों की निर्मम हत्या

चक्रधरपुर। पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र गुदड़ी थाना क्षेत्र के कमरोड़ा पंचायत अंतर्गत जतरमा गांव में तीन लोगों की एक साथ हत्या कर दी गई। घटना बीते रविवार की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार जतरमा गांव स्थित नदी किनारे तीन लोगों की निर्मम तरीके से हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। मंगलवार को घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने घटना स्थल पहुंच तीनों शवों को बरामद किया। बताया जाता है कि पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव में रहकर कुछ लोग गांव–गांव में घूमकर फेरी करते थे। रविवार को तीन लोग फेरी करने जतरमा गांव गए थे, लेकिन रविवार को बंदगांव स्थित अपने किराए के घर नहीं पहुंचे। इसके बाद तीनों के साथी सोमवार को खोजबीन के लिए जतरमा गांव गए तो तीनों की हत्या किए जाने के बारे में जानकारी मिली। तीनों की हत्या निर्मम तरीके से की गई है। पुलिस ने शवों को बरामद कर टेबो थाना में रखी है। देर शाम होने के कारण चक्रधरपुर पोस्टमार्टम हाउस नहीं पहुंचा जा सका। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है। हालांकि घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना स्थल घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र की है।

### एसडीपीओ को पुलिस उपाधिक्षक मुख्यालय का पद भार दिया गया



गोड्डा। पूर्व एसडीपीओ गोड्डा जे पी एन चौधरी का स्थानंतरण पुलिस उपाधिक्षक गोड्डा किया गया और पुलिस उपाधिक्षक मुख्यालय बिनेश लाल का स्थानांतरण दुमका किया गया। गृह कारा विभाग झारखण्ड के सचिव के आदेशानुसार इस आशय का पत्र जारी किया गया है। चौधरी के गोड्डा पदस्थापन से क्षेत्र की जनता मे खुशी की लहर छा गई है और माता दुर्गा का इसे आशीर्वाद माना गया है।

### मंत्री बिरुवा ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



चाईबासा। टोंटो प्रखंड के दोकट्टा माहबुरू एवं डाउडागुवा डब्बुंबासा में सोमवार को ट्रांसफार्मर का उद्घाटन मंत्री दीपक बिरुवा ने किया। मंत्री ने विधिवत्त पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। अब फिर से गांव बिजली की रोशनी से जगमग हो उठी। चूंकि में पिछले दो सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ था। जिसके कारण गांव के लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। गांव में पुनः बिजली आने से लोगों में काफी हर्ष का माहौल बना रहा। गांव में लगे ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी गांव के लोगों ने मंत्री को दी थी। इसके बाद मंत्री ने विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाने का निर्देश दिया था। इसके बाद गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। मंत्री जी ने कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अब अंधेरे में रात बितानी नहीं पड़ेगी। उन्होंने ग्रामीणों को भी बिजली का सही उपयोग करने की बात कही। मंत्री जी ने कहा कि उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है।

# एयरपोर्ट घेराबंदी की वजह से बंद हो गये सड़क, निर्माण की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** मलूटी स्थित एयरफोर्स एयरपोर्ट के चहारदीवारी घेराबंदी से ग्राम-फुलपहाड़ी और डुमरिया का बंद किए गए मुख्य आवागमन ग्रामीण पथ के बदले नया पथ का सड़क निर्माण कराने को लेकर समाजसेवी हाबिल मुर्मू के नेतृत्व में सांसद नलिन सोरेन से ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल ने भेंट सड़क निर्माण कराने का माँग किया। ज्ञात हो कि एयरफोर्स का एयरपोर्ट के चहारदीवारी घेराबंदी के कारण फुलपहाड़ी और डुमरिया ग्राम के ग्रामीणों को कई दिनों से दैनिक आवागमन करने में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान हालात पर उन्हें रैयती जमीन होकर दैनिक आवागमन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। दुखद बात यह है कि आजतक स्थानीय प्रशासन और सक्षम जनप्रतिधिगण, किसी ने इनकी कोई सुधि नहीं लिया। केवल मलूटी पंचायत के वर्तमान मुखिया ठाकुर टुडू, और वार्ड सदस्य के अलावे किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है और केन्द्र व राज्य सरकार से विश्वास उठ रहा है। समाजसेवी श्री मुर्मू ने इस संदर्भ में कहा कि आबोवाक सरकार और आबोवाक राज रहने के बावजूद आजतक आदिवासी ग्राम का समस्या समाधान नहीं करना एक गुलामी और शोषण जैसा प्रतीत हो रहा है और उसे जान बूझकर विकास से वंचित किया जा रहा है। उन्होने स्थानीय प्रशासन से फुलपहाड़ी और डुमरिया ग्राम का सड़क निर्माण कराने का मांग किया। प्रतिनिधिमंडल में बिमल मुर्मू, ग्राम प्रधान नारायण किस्कू, वार्ड सदस्य काजली हेम्ब्रम, चुनू मुर्मू, रामेश्वर मुर्मू, दुर्गा मुर्मू सहित अन्य शामिल थे।

# डीपीएस बोकारो में छात्राओं ने देवी दुर्गा के नौ रूपों से किया मोहित




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर डीपीएस बोकारो में नवरात्रि उत्सव के तहत विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर नन्हें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबकी भरपूर सराहना पाई। आकर्षक परिधानों में सजी छात्राओं ने देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों का आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया। शैलपुत्री ब्रह्मचारिणी चंद्रघंटा कूष्मांडा स्कंदमाता कात्यायनी कालरात्रि महागौरी और सिद्धिदात्री अवतारों की जीवंत झलक दिखाकर उन्होंने सबका मन मोह लिया। उनकी रूप सज्जा भाव भंगिमा और संवाद प्रेषण की सभी ने सराहना की। इस क्रम में पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

विद्यार्थियों ने नवरात्रि थीम पर भांति-भांति की कलाकृतियां भी तैयार कीं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने सभी को दुर्गा पूजा की बधाई देते हुए कहा कि नवरात्रि शक्ति आराधना का उत्सव है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और आत्मशक्ति-जागरण का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों में अपनी परंपरा व संस्कृति से जुड़ाव आवश्यक बताया।

# बीएसएल के मशीन शॉप ने बनाया किरीबुरु माइंस का इक्सेंट्रिक शाफ्ट्स



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के मशीन शॉप में मुख्य महाप्रबंधक शॉप्स जेवी शेखर के नेतृत्व में किरीबुरु माइंस के लिए इक्सेंट्रिक शाफ्ट्स का आंतरिक संसाधनों का उपयोग कर निर्माण किया गया। महाप्रबंधक जेएन हांसदा पीपी सिंह संजय कुमार के मार्गदर्शन में सहायक महाप्रबंधक अजय कुमार डीके मंडल वरीय प्रबंधक संदीप कुमार प्रबंधक चन्दन कुमार कनीय प्रबंधक के के नारोने और तपन कुमार शर्मा की टीम ने एक विशेष प्रकार के मटेरियल 350 ईएन 24 से 2500 मिमी एवं 2700 मिमी लंबाई का शाफ्ट्स, जिसका वजन क्रमशः 350 किलोग्राम तथा 360 किलोग्राम है उस पर मशीनिंग का काम आंतरिक संसाधनों से सफलतापूर्वक पूरा किया। इस स्पेयर को बाजार से खरीदने में लाखों रुपये की लागत और महीनो का समय लगता जिसे इस टीम के द्वारा आंतरिक संसाधन की मदद से बनाया गया। इस मटेरियल को बीएसएल से किरीबुरु आयरन ओर माइंस के लिए डिस्पैच किया गया। यह परियोजना बोकारो स्टील प्लांट प्लांट के आंतरिक संसाधन के उपयोग की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। बीएसएल के शीर्ष प्रबंधन ने मशीन शॉप्स की पूरी टीम को इस कार्य के लिए बधाई दी है।

# डीजीपी अनुराग गुप्ता ने फौजदारीनाथ पर किया जलार्पण



बासुकीनाथ। पुलिस विभाग डीजीपी अनुराग गुप्ता दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर मंगलवार को तीर्थ नगरी बासुकीनाथ पहुंचे। जहां उन्होंने वैदिक पद्धति से पैतृक पंडा की उपस्थिति में फौजदारी नाथ पर जलार्पण किया। इसके बाद पार्वती काली एवं बगुलामुखी की पूजा कर एक भव्य आरती के कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां बाबा बासुकीनाथ माता पार्वती सहित समस्त देवी देवताओं की आरती उतारी गई। सभी प्रकार के धार्मिक रस्मों के समापन के बाद सूबे के पुलिस प्रमुख फौजदारी नाथ को शीश नवाते हुए अपने गंतव्य स्थान रामपुरहाट स्थित तारापीठ तीर्थस्थली के लिए रवाना हो गए।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG
## e-Procurement Cell

**Very Short e-Procurement Notice(2nd Call)**

Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 35/2024-25 Date:-05-10-2024

| Sl.No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Kitchen Cum Store in NPS Kojiya Block-Keredari, District- Hazaribag | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 04 Month |
| 2 | Construction of Kitchen Cum Store in UPG. P.S ,Dhamansaria , Block-Churchu , District- Hazaribag | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 04 Month |
| 3 | Renovation Renovation Boundary wall ,Garrage with Servent Room and Barrack septic tank of S.D.O Residence at S.D.O Campous Barhi Dist- Hazaribag | 2130800/- | 43000/- | 5000/- | 3 Month |
| 4 | Renovation Renovation Boundary wall ,Garrage with Servent Room and Barrack septic tank of S.D.P.O Residence at S.D.O Campous Barhi Dist- Hazaribag | 2204000/- | 45000/- | 5000/- | 3 Month |
| 5 | Renovation S.D.P.O.Residence at S.D.O Campous Barhi Dist- Hazaribag | 2496550/- | 50000/- | 5000/- | 3 Month |
| 6 | Construction of Boundary Wall UPV Ber Tola Chepakhurd Panchayat Darikalan Block Barkagaon Hazaribag | 1667600/- | 34000/- | 5000/- | 3 Month |
| 7 | Construction of Boundary Wall Primary School Shohadi Panchayat Talaswar Block Barkagaon Hazaribag | 1468700/- | 30000/- | 2500/- | 3 Month |
| 8 | Construction of Boundary Wall Primary School Chelengdag Panchayat Ango Block Barkagaon Hazaribag | 1866500/- | 38000/- | 5000/- | 3 Month |
| 9 | Construction of Boundary Wall Primary School Singarsas Panchayat Ango Block Barkagaon Hazaribag | 2224500/- | 45000/- | 5000/- | 3 Month |
| 10 | Construction of Boundary Wall UMV Mahugaikhurd Panchayat Chandol Block Barkagaon Hazaribag | 1932800/- | 39000/- | 5000/- | 3 Month |
| 11 | Renovation work for Primary School Hindi Kanya School Badam Block Barkagaon, Hazaribag | 2434400/- | 49000/- | 5000/- | 3 Month |
| 12 | Renovation work for UPV Rohangarha,Urimari Block Barkagaon, Hazaribag | 2174900/- | 44000/- | 5000/- | 3 Month |
| 13 | Construction of Kitchen Cum Store in Utkramit Madhya Vidyalaya ,Kanki, Block- Dari, District- Hazaribag | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 4 Month |
| 14 | Construction of Kitchen Cum Store in Nav Prathmik Vidyalaya , Jara Tand, Block- Dari, District- Hazaribag | 1944900/- | 39000/- | 5000/- | 4 Month |
| 15 | Emergent work of Renovation of Chairman Chamber, Secretary Chamber and Wardrobe in office at DLSA Building in Civil Court, Hazaribag | 2103000/- | 43000/- | 5000/- | 3 Month |
| 16 | Emergent work of Repair of Shed Behind Sub-Judge Building in Civil Court Hazaribag | 844200/- | 9000/- | 1250/ | 2 Month |
| 17 | Emergent work of Construction of Renovation of Court Room Chamber (Registrar Chamber) in Main Administrative Building in Civil Court, Hazaribag | 1991000/- | 40000/- | 5000/ | 3 Month |
| 18 | Emergent work of Construction of Modular Kitchen of B- Type Judiciary Building at Mazar road near Forest colony, Hazaribag | 1039300/- | 21000/- | 2500/ | 2 Month |
| 19 | Emergent work of Construction of Two (02) Garage sheds for vehicles of Family Judge and CJM near DLSA Building in Civil Court, Hazaribag | 683200/- | 14000/- | 1250/ | 2 Month |
| 20 | Construction of Aanganbadi Kendra, Moktama, -01, Moktama, Block:- Ichak, District- Hazaribagh.(20360060518) | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 Month |
| 21 | Construction of Aanganbadi Kendra, Mangura Harijan Tola, Mangura, Block:- Ichak, District- Hazaribagh. (20360060519) | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 Month |
| 22 | Construction of Aanganbadi Kendra, Mangura Mahto Tola, Mangura, Block:- Ichak, District-Hazaribagh. (20360060520) | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 Month |
| 23 | Construction of Aanganbadi Kendra, Mangura Mahto &Jolha Tola, Mangura, Block:- Ichak, District- Hazaribagh.(20360060525) | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 08-10-2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 15-10-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Hazaribag

PR 338306Building(24-25)D

# कीर्तिमान बनाती भाजपा

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने एतिहासिक जीत दर्ज की है। यह जीत कई मायनों में कीर्तिमान बनाती दिख रही है। हरियाणा के 57 साल के इतिहास में पहली बार कोई पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। 2019 विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 40 सीटें जीती थीं। 2024 में इनमें से 27 सीटें रिटेन कर ली हैं। यानी मौजूदा हर 3 में से 2 सीट जीत ली है। इसके अलावा 22 नई सीटें भी जीतीं।

दूसरी तरफ कांग्रेस ने 19 नई सीटें तो जीतीं, लेकिन 50% पुरानी सीटें रिटेन नहीं कर सकी। इससे कांग्रेस को नई सीटें जीतने का फायदा नहीं मिला। जवान, किसान और पहलवान की राजनीति विसात में हुए इस चुनाव में चुनाव सर्वेक्षणों में कांग्रेस की जीत पक्की बताई जा रही थी। लेकिन परिणाम उससे उल्टा आया। हरियाणा की जीत कई मायनों में भाजपा के लिये टॉनिक का काम करेगी। महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव में भाजपा का मनोबल और अधिक बढ़ जायेगा। महाराष्ट्र और झारखंड में अगले माह विधानसभा के चुनाव हैं। सबसे बुरी स्थिति आमआदमी पार्टी को एक भी सीट न मिलना भी यह संकेत देता है कि रेवड़िया बांटने का वादा करके कोई चुनाव नहीं जीत सकता है। वहीं भाजपा को उसके बेहतर शासन का ईनाम भी मिला है। नायब सिंह सैनी एक बार फिर से हरियाणा के मुख्यमंत्री बनेंगे। सूत्रों के मुताबिक कई बड़े नेताओं की दावेदारी के बाद केंद्रीय नेतृत्व की ओर से ये बयान सामने आया है। चुनाव के दौरान भी बीजेपी नेतृत्व की ओर से कहा गया था कि अगर फिर से हमारी सरकार बनती है, तो नायब सिंह सैनी ही सीएम बनेंगे।

निश्चित तौर पर भाजपा की यह एतिहासिक जीत झारखंड और महाराष्ट्र के चुनाव में निश्चित तौर पर पूरी ताकत से लड़ेगी वहीं इंडिया गठबंधन को और अधिक योजनाबद्ध तरीके से भाजपा का सामना करना पड़ेगा।

## आज का राशिफल

**मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9**

**वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9**

**मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8**

**कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9**

**सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9**

**कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9**

**तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9**

**वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8**

**धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9**

**मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8**

**कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7**

**मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9**

## कार्टून वर्ल्ड



# चाईबासा विधानसभा में झामुमो लगातार मजबूत हो रही है

चाईबासा विधानसभा क्षेत्र कुल पांच प्रखण्डों में फैला है। चाईबासा-सदर,चाईबासा ग्रामीण,झींकपानी,टोंटो ,हाटगम्हरिया। इन पांचों प्रखण्डों में घूमने के दौरान हर प्रखण्ड के चुनावी हवा और समीकरण के बारे में बताएंगे, लेकिन उससे पहले आंकड़ो पर नजर डालते हैं।

2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो के दीपक बिरुआ को मिले करीब 70,000 वोटभाजपा के जेबी तुबिद को मिले करीब 43,000 वोट

2024 के लोकसभा चुनावों में चाईबासा विधानसभा क्षेत्र में

झामुमो- 1,05,000 वोट

भाजपा- 45,000 वोट

इसका मतलब की 2019 में झामुमो और भाजपा के बीच जो फासला 27,000 वोट का था, 2024 लोकसभा चुनाव आते-आते 60 हजार वोट का हो गया। आखिर क्यों ? जबकि आम तौर पर लोकसभा चुनावों में बीजेपी का वोट बढ़ता है।

भाजपा को जो 43 से 45 हजार वोट मिले, उनमें से 21-22 हजार वोट तो सिर्फ चाईबासा शहर के हैं। ऐसे वोटर जो भाजपा के कैडर हैं, उन्हें कैंडिडेट से नहीं, भाजपा पार्टी से मतलब है।

ये आंकड़े मैंने इसलिए दिए ताकि पता चले कि भाजपा ने कमजोर कैंडिडेट देकर किस हद तक झामुमो की मदद की। जो चाईबासा सीट भाजपा का गढ़ थी। 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर मुक्तिरानी सुम्बुरूई विधायक बनी। 1985 में राधे सुम्बुरूई भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते। उसके बाद 1995 में भाजपा के टिकट पर जवाहर लाल बानरा विधायक चुने गए। 2005 में भी पुतकर हेम्ब्रम भाजपा के टिकट पर चुनकर विधायक बने। लेकिन 2009 के बाद से लगातार भाजपा ने इस सीट को झामुमो को लगभग गिफ्ट किया है। 2009 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के बागुन सुंम्ब्रई को पराजित कर जेएमएम के दीपक बिरुवा ने पहली बार जीत हासिल की। भाजपा तीसरे नंबर पर रही। उसके बाद तो जे.बी. तुबिद भले ही दूसरे नंबर पर रहे लेकिन फासला लगातार बढ़ता रहा।

चाईबासा के लगभग सभी प्रखण्डों में घूमने के बाद एक बात साफ है कि आज भी भाजपा के पारंपरिक वोटर हैं, लेकिन वे दुःखी और निराश हैं। चाईबासा के एक स्थानीय पत्रकार बताते हैं कि किसी बड़े ब्यूरोक्रैट को रिटायरमेंट के बाद चाईबासा पर थोप दिया गया। वे न दुर्गा पूजा समिति से



संपर्क में हैं, न महावीर अखाड़ों से। हिन्दू संगठनों जैसे बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद से तो मानो उन्हें नफरत ही है। उनके अपने लोग हैं, उन्ही से चुनाव लड़ते हैं। संगठन से कोई मतलब नहीं है।



**- पंकज प्रसून**

> एक बात लगभग सभी लोगों ने बताया कि चाहे किसी को दे दो, पर भाजपा कैंडिडेट बदल दे । चुनाव दर-चुनाव वोट कम होने के बावजूद (आंकड़े देखिए), पार्टी की स्थिति कमजोर होती गई, इसके बावजूद सिर्फ पैरवी और पैसे के दम पर एक ही इंसान को जबरन थोपना ठीक नहीं है। इसके अलावा रुंगटा वाला किस्सा तो है ही, जब तक रुंगटा परिवार है, इन्हें तो नहीं जीतने देगा।

चाईबासा शहर में ही एक अन्य स्थानीय नागरिक ने रुंगटा और जे.बी.तुबिद को लेकर एक कहानी बताई। इसके बाद तो माथा ठोकने का मन करता है। जो व्यक्ति चाईबासा में रुंगटा परिवार की बेईज्जती कर सकता है, वो आम लोगों से क्या बता करता होगा ?

लगातार जीतने के बाद भी दीपक बिरुआ सरल हैं, सबसे मिल लेते हैं। लेकिन भाजपा के नेता जी को पब्लिक से हाथ जोड़ने में शर्म महसूस होती है। उनसे मिलने जाओ तो पहले गार्ड गेट पर ही सवाल-जवाब करने लगता है। जब आप गेट खोलने वाले गार्ड को संतुष्ट करेंगे, तभी आपके लिए गेट खोलेगा।

हमने सोचा कि शहर में शायद माहौल खराब होगा, लेकिन ग्रामीण इलाकों में तो जरूर साहब ने काम किया होगा। हम टोंटो प्रखण्ड के लिए निकले। टोंटो में लोगों ने बताया कि तुबिद साहब ने इलाके में बिजली के ट्रांसफॉर्मर खूब लगवाए थे। शुरू में मदद भी करते थे, पर धीरे-धीरे उनका दौरा कम होता गया। अब जेबी तुबिद साहब के कुछ लोग हैं, उन्ही से मिलते हैं। टोंटो प्रखण्ड के रास्ते हम जगन्नाथपुर गए, लेकिन जगन्नाथपुर में काम खत्म करने के बाद हम हाटगम्हरिया पहुंचे। जगन्नाथपुर से ये नजदीक है। हाटगम्हरिया में हमें तीन-चार लोग मिले। एक पुराने पत्रकार ने हमारे लिए उन्हें एक चाय दुकान पर इकट्ठा किया था।

स्थानीय हरीश सिंकू ने हमें समझाते हुए कहा कि दीपक बिरुआ नेता हैं और तुबिद साहब नौकरशाह. दोनों के एप्रोच में फर्क है। उन्होने बताया कि तुबिद साहब कभी गांव में नहीं रहे, बचपन भी गांव में नहीं गुजारा। उन्हे ग्रामीण माहौल का पता नहीं है। लगातार एक ही तरह की बातें सुन-सुन कर हम बोर हो चुके थे. इसलिए हमने सवाल बदल दिया।

भाजपा से वो कौन सा उम्मीदवार है, जो झामुमो को टक्कर दे सकता है ?

इस सवाल के जवाब में हमें अलग-अलग जगहों से कुल तीन नाम मिले

1. लालमुनी पूर्ति- ये पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष हैं। इनका खुद का 10-15 हजार वोट है। टोंटो, झींकपानी और चाईबासा ग्रामीण इलाकों में काफी सक्रिय हैं।

2. गीता बलमुचू- ये टोंटो प्रखण्ड की रहने वाली हैं। झींकपानी और हाटगम्हरिया में हमें इनके समर्थन में बहुत सारे लोग दिखे। चाईबासा शहर में रहती हैं, लेकिन मायका झींकपानी प्रखण्ड में है और ससुराल टोंटों में।

3. चंद्रमोहन तिऊ- भारतीय जनता युवा मोर्चा के इस नौजवान नेता में गजब का पब्लिक कनेक्ट है। टोंटो और झींकपानी में हमें इनके बहुत सारे समर्थक मिले। वे बताते हैं कि हर छोटी-बड़ी घटना के दौरान ये आ जाते हैं। हर फोन खुद उठाते हैं और लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। पैसा कम है, लेकिन जज्बा खूब है। नौजवानों के बीच खासे लोकप्रिय हैं।

एक बात लगभग सभी लोगों ने बताया कि चाहे किसी को दे दो, पर भाजपा कैंडिडेट बदल दे । चुनाव दर-चुनाव वोट कम होने के बावजूद (आंकड़े देखिए), पार्टी की स्थिति कमजोर होती गई, इसके बावजूद सिर्फ पैरवी और पैसे के दम पर एक ही इंसान को जबरन थोपना ठीक नहीं है। इसके अलावा रुंगटा वाला किस्सा तो है ही, जब तक रुंगटा परिवार है, इन्हें तो नहीं जीतने देगा (हालांकि खुलकर वे कभी नहीं बोलेंगे) चाईबासा विधानसभा के प्रमुख मुद्दें

1. संसदीय चुनाव में पहली बार है कि संथाली महिला ने एक हो आदिवासी महिला को हराया। ये बात हो समाज के लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

2. सरना कोड यहां बड़ा मुद्दा है, खासकर ग्रामीण इलाकों में

3. हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराना बड़ा मुद्दा है। खासकर पढ़े लिखे आदिवासियों और मानकी-मुंडा के बीच

4 पलायन और निर्धनता क्षेत्र के गांवों में साफ झलकती है। विकास के नाम पर बिजली और राशन मिल जाना बहुत है।

5 कोल्हान का यह क्षेत्र नक्सल गतिविधियों के कम होने से सकून महसूस कर रहा है।

(लेखक एनएमएफ से जुड़ें हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### लोकलुभावन वादे

**विभिन्न** राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए लोकलुभावने वादे और मुफ्त की सुविधाएं बांट रहे हैं, जो वास्तविकता में भ्रष्टाचार का ही एक रूप है। उनका सुझाव है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों को अयोग्य घोषित करना चाहिए, जो अपने घोषणा पत्र की बुनियादी बातें पूरी नहीं करतीं। मुफ्त सुविधाएं अंततः उनके ही टैक्स से आती हैं। अगर सरकार सही तरीके से शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि की समस्याओं का समाधान तो समाज में वास्तविक सुधार संभव है।

**-बृजमोहन ओझा, रांची**

### गन कल्चर

**आजकल** बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से गन कल्चर से प्रभावित होकर नकली हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं, हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए । अगर वे लापरवाह रहे तो भारत को अमेरिका बनते देर नहीं लगेगी। **– प्रकाश सिंह, रांची**

## एक्स - ट्वीट

**हेमन्त** है तो हिम्मत है....
हेमन्त है तो ताकत है...
हेमन्त ही तो झारखण्ड का स्वाभिमान है
झारखण्ड न कभी झुका है,
झारखण्ड न कभी झुकेगा!
जय झारखण्ड!

**– कल्पना मुरमू सोरेन विधायक झामुमो**

**आज** किसान भाइयों से बहुत सार्थक चर्चा हुई है। मैंने किसान भाइयों के संवाद को अंतर्मन से सुना है। हमने गहराई से कई चीजों का अध्ययन किया है। किसान आगे बढ़ें और कृषि क्षेत्र की स्थिति बेहतर हो, इसके लिए हम प्रयत्न करेंगे।

**-शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री**

# आपदाओं से निपटने में सरकारी तंत्र पहले से कितना बेहतर

**डॉ. रमेश ठाकुर**

जयंती

**प्राकृतिक** आपदा कब आ जाए, कुछ नहीं पता। देश में पूरे साल कहीं न कहीं कुदरत का रौद्र रूप कहर बरपाता रहता है। बिहार का मिथिला क्षेत्र इस वक्त बाढ़ से प्रभावित है। असम में तेज बारिश ने कमोबेश कुछ वैसी ही स्थिति उत्पन्न की हुई है। सवाल उठता है कि इस तरह की आपदा से निबटने के लिए हमारा सिस्टम पहले से कितना बेहतर हुआ या आत्मनिर्भरता के शोर में कुछ फीका पड़ गया है। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सरकारी तंत्र के अलावा आमजन को भी आगे आने की जरूरत है। सिर्फ एनडीआरएफ और अन्य राहत-बचाव दलों के भरोसे नहीं रहना चाहिए।

पिछले वर्ष के आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत में विभिन्न किस्म की प्राकृतिक घटनाओं में सरकारी तंत्र ने डेढ़ लाख से अधिक लोगों को बचाया और 8 लाख लोगों तक राहत एवं बचाव कर उन्हें आपदाग्रस्त क्षेत्रों से बाहर निकालने का काम किया। अचानक आई आपदा से निपटने के लिए हमारा तंत्र पूरी तरह एनडीआरएफ पर निर्भर है। क्योंकि ये विभाग भरोसे का प्रतीक बन गया है। एनडीआरएफ भारत ही नहीं बल्कि देश के बाहर भी सेवाएं देने से पीछे नहीं हटता। फिर चाहे वह वर्ष-2015 में नेपाल में आया विनाशकारी भूकंप हो या साल 2023 में तुर्किये का भूकंप। हर जगह एनडीआरएफ दल के कर्मी वहां भगवान का दूत बनकर खड़े दिखाई दिए।

आपदाएं किसी को बताकर नहीं आती लेकिन अब ऐसे बहुत से साइंटिफिक संसाधन मौजूद हैं, जिससे हम प्राकृतिक आपदाओं का समय रहते आकलन और बेहतर प्रबंधन कर सकते हैं। साल-2005 के बाद से सरकारी स्तर पर हालात बदले और राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल अथवा एनडीआरएफ का गठन किया गया। एनडीआरएफ के गठन के बाद से प्राकृतिक ही नहीं मानव जनित आपदाओं के प्रबंधन की दशा भी बेहतर हुईं। अब संकट के समय अलग अतिरिक्त बल है जिसके पास अलग-अलग तरह के संकटों से निपटने की क्षमता और दक्षता दोनों है।

बहरहाल, एनडीआरएफ और इनके जैसी संस्थाओं को और मजबूती प्रदान करने की जरूरत है। आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तात्कालिक मदद और दीर्घकालिक सहायता दोनों चाहिए होती है। दीर्घकालिक सहायता प्रदान करने के लिए सरकार के पास समय होता है। पर, जो तात्कालिक मदद चाहिए, वह इतना त्वरित और प्रभावी होनी चाहिए कि आपदा का जनजीवन पर न्यूनतम असर हो। इसमें न केवल उनके जानमाल की रक्षा बल्कि कई बार उनके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था भी देनी होती है। इसीलिए एनडीआरएफ को त्वरित गति से सक्रिय करने के लिए केंद्र ने कई अहम निर्णय लिए हैं जो सराहनीय है। एनडीआरएफ को और सशक्तबनाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

आपदा प्रबंधन करने वाली कोई सरकारी संस्था ये मानकर नहीं चल सकती कि कुछ लोग तो मरेंगे ही। जब किसी संस्था के सामने ये लक्ष्य होता है कि हम आपदा में किसी एक की भी जान नहीं जाने देंगे, तो उनकी कार्यशैली अलग होगी। यह रक्षा दलों में जो आत्मविश्वास पैदा करता है उसके कारण उनकी सक्रियता ज्यादा तेज और जीवनोपयोगी हो जाती है। केरल के वायनाड में बादल फटने से हुई भारी बारिश के बाद जो तबाही आई, उसमें एनडीआरएफ का राहत एवं बचाव कार्य सभी ने देखा। वहीं, केंद्र सरकार ने भी बिना राजनीतिक भेदभाव किए लोगों को बचाया और प्रत्येक परिस्थितियों पर नजर रखी और हरसंभव मदद पहुंचाई। होना भी यही चाहिए। आपदाओं के वक्त ये नहीं देखना चाहिए कि प्रदेश में किस दल की सरकार है। वहां तकाजा सिर्फ मानवता का होना चाहिए। गौरतलब है कि आपदाओं के वक्त कई बार ऐसा होता है कि घटना इतनी बड़ी हो जाती है कि अकेले एनडीआरएफ नहीं संभाल सकता। जैसे, गुजरात भूकंप, त्रिपुरा या केरल में आई बाढ़। उस समय पहले की तरह सैन्य बलों और स्थानीय राहत एवं बचाव कर्मियों के बीच समन्वय करते हुए एनडीआरएफ इस काम को अंजाम देता है। यही कारण है कि गृहमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आपदाओं को लेकर अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को भी जागरूक किया जाए, ताकि ऐसी स्थितियों में आमजन भी एनडीआरएफ कर्मी का सहयोग करें। लोगों का अगर रक्षा एवं बचाव दलों के साथ समन्वय होगा, तो परिणाम और अच्छे निकलेंगे।केंद्र सरकार ने हाल ही में एनडीआरएफ की पोशाक में बदलाव किया है। इसके कर्मचारी अब भगवा रंग में दिखने लगे हैं।

# शिक्षकों के लिए भी जरुरी, उचित शिक्षण- प्रशिक्षण ...

**- अतुल मलिकराम**

(लेखक और राजनीतिक रणनीतिकार)

समाज

जब आप अपने स्कूल के दिनों को याद करते हैं, तो सबसे पहले किसका चेहरा याद आता है? शायद उन शिक्षकों का जिन्होंने आपको पहली बार किताबों की दुनिया से परिचित कराया था। जिन्होंने न केवल आपको पढ़ना सिखाया, बल्कि जीवन जीने के मूलभूत सिद्धांत भी सिखाए।

आचार्य चाणक्य का मानना था कि शिक्षक कभी साधारण नहीं होता, प्रलय और निर्माण उसकी गोद में पलते हैं। समाज में शिक्षक का महत्व किसी भी तरह से कम नहीं आंका जा सकता। वह सिर्फ ज्ञान नहीं देते, बल्कि जीवन की राह पर सही दिशा भी दिखाते हैं। जिस प्रकार एक कुम्हार अपने कौशल से मिट्टी को सुंदर से बर्तन का आकार देता है, उसी प्रकार शिक्षक छात्रों के भविष्य को आकार देते हैं। लेकिन सोचिए, अगर कुम्हार खुद ही अपने कौशल में निपुण न हों, तो क्या होगा? कहते हैं अर्ध ज्ञान विनाशकारी होता है, ठीक इसी तरह शिक्षकों का अर्ध ज्ञान भी एक बड़ी समस्या का कारण बन सकता है, और इस समस्या से निपटने का एक ही समाधान है शिक्षकों की ट्रेनिंग पर उचित ध्यान देना।

आज जब मैं अपने चारों ओर नजर डालता हूँ, तो एक विचलित करने वाली सच्चाई सामने आती है। कई शिक्षक, जिन पर हमारे बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी है, वे खुद ही अपने विषय में पूरी तरह दक्ष नहीं हैं। वे जो जानकारी अपने छात्रों तक पहुँचा रहे हैं, वह या तो अधूरी है या फिर गलत। स्थिति यह है कि एक हिंदी भाषा के शिक्षक को ही मात्रा का सही ज्ञान नहीं है। इसलिए, यह समय की मांग है कि हम शिक्षकों के प्रशिक्षण पर गंभीरता से विचार करें।

जिस प्रकार एक सैनिक को युद्ध के मैदान में जाने से पहले हर कौशल की बारीकी से ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि वह अपने देश की रक्षा कर सके। या किसी प्रशासनिक अधिकारी को अपना पद सँभालने से पहले पद की महत्वता का उचित ज्ञान दिया जाता है। उसी प्रकार शिक्षकों को भी उचित ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। आखिर एक शिक्षक भी तो देश के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है जितना एक सैनिक या एक प्रशासनिक अधिकारी। वह हमारे बच्चों को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करता है, उन्हें ज्ञान की राह दिखाता है, और समाज में एक जिम्मेदार नागरिक बनाता है।

इसलिए सरकार और शिक्षण संस्थानों को इस दिशा में सख्त कदम उठाने की जरूरत है। शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम अनिवार्य किये जाने चाहिए, जिसमें कम से कम दो महीने का प्रशिक्षण शामिल होना चाहिए। इस प्रशिक्षण में उन्हें न केवल उनके विषयों की बारीकियां सिखाई जानी चाहिए बल्कि उन्हें आधुनिक शिक्षण तकनीकों से भी परिचित कराना चाहिए। अच्छा शिक्षक होने के लिए सिर्फ विषय की जानकारी होना ही काफी नहीं है इसलिए ट्रेनिंग के दौरान इस पर भी ध्यान देना चाहिए कि कैसे बच्चों को कठिन विषयों को सरलता से समझाया जा सकता है। साथ ही, उन्हें शिक्षा के आधुनिक उपकरणों और तकनीकों जैसे ई-लर्निंग, डिजिटल टूल्स, और इंटरैक्टिव शिक्षण विधियों से भी परिचित कराना चाहिए।

शिक्षक का कार्य केवल पढ़ाना ही नहीं होता है; बच्चों का नैतिक और मानसिक विकास करना भी होता है। इसलिए, ट्रेनिंग कार्यक्रम में उन्हें बच्चों की मानसिकता, उनके सामाजिक परिवेश और व्यक्तिगत मुद्दों को समझने के लिए भी प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही शिक्षकों के लिए नियमित मूल्यांकन की व्यवस्था भी जरुरी है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि शिक्षक उन सभी तकनीकों और ज्ञान का सही तरीके से उपयोग कर रहे हैं या नहीं। इसके लिए नियमित मूल्यांकन और निरीक्षण भी किया जाना चाहिये।

यह तो बात हुई प्रशिक्षण की लेकिन हमारे देश में एक और समस्या है जो हमारी शिक्षा प्रणाली को कमजोर कर रही है, और वह है शिक्षक बनने की आसान प्रक्रिया। यहाँ टीचर बनना इतना सरल है कि जब किसी को और कुछ नहीं सूझता, तो वो इस पेशे को अपना लेता है। इसी मानसिकता के साथ हमारे देश में ऐसे शिक्षक तैयार हो रहे हैं जिन्हें न तो पर्याप्त ज्ञान है और न ही इस बात का एहसास कि उनका कार्य कितना महत्वपूर्ण है। इसके विपरीत, दुनिया के कई अन्य देशों में शिक्षक बनने की प्रक्रिया अत्यधिक कठिन और सम्मानजनक है।

उदाहरण के लिए, ब्रिटेन में शिक्षकों की तुलना नर्सों और सामाजिक कार्यकताओं से की जाती है, और यहाँ के लोग अपने बच्चों को शिक्षक बनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। फि नलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में, सबसे योग्य स्नातकों को शिक्षक बनने के लिए चुना जाता है, जबकि चीन और ग्रीस में शिक्षकों को सर्वोच्च दर्जा प्राप्त है। इन देशों में शिक्षक बनने के लिए कठिन परीक्षाएँ होती हैं और योग्यता जांची जाती है। लेकिन हमारे देश में, इतने महत्वपूर्ण पेशे के लिए न तो कोई कठिन परीक्षा होती है, और न ही किसी तरह के मापदंड स्थापित किए गए हैं। नतीजतन, किसी भी व्यक्ति के हाथों में हमारे देश के भविष्य को सौंपा जा रहा है। इसलिए, भारत में भी शिक्षकों को यह जिम्मेदारी सौंपने से पहले कुछ सख्त मापदंडों पर आंका जाना चाहिए, और उनकी शिक्षा पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि हमारी अगली पीढ़ी की नींव मजबूत हो सके।

अगर हम चाहते हैं कि हमारा समाज उज्ज्वल और समृद्ध हो, तो हमें सबसे पहले शिक्षकों के प्रशिक्षण पर ध्यान देना होगा। एक प्रशिक्षित शिक्षक न केवल अपने छात्रों को सही दिशा दिखाएगा, बल्कि समाज में एक सशक्त और स्वस्थ पीढ़ी का निर्माण भी करेगा।

## स्पीड न्यूज

### कुजू में खुला तुलिप हेल्थकेयर अस्पताल



**कुजू।** नागकन्या मंदिर के पास तुपिल हेल्थकेयर अस्पताल का उद्घाटन प्रसिद्ध सर्जन डॉ शरद जैन व सौम्या जैन, जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम, मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार, जयकुमार ओझा, राकेश मेहता रॉक, संतोष मेहता, निर्मल करमाली, बादल कुमार ने किया। शरद जैन ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह के अस्पताल खुलने से लोगों को अपनी विभिन्न तरह के बीमारियों को इलाज किया जायेगा। हेल्थकेयर संचालक सह जेनरल फिजिशियन डॉ रंजन कुमार ने बताया कि हेल्थकेयर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष प्रसाद बच्चों का इलाज करेंगे। हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ के कुमार के द्वारा लोगों का इलाज किया जायेगा। मौके पर हेल्थकेयर के स्टाफ के रूप में छोटू गंझू, आशीष शर्मा, प्रियंका कुजूर, विशाल गंझू आदि शामिल थे।

### शॉट सर्किट से ट्रांसफार्मर में लगी आग



**कुजू।** क्षेत्र के दिगवार रविदास टोला के पास 200 केवीए के ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गयी। आग की लपटें इतनी तेज थी की वहां कुछ देर के लिए लोगों के बीच अफरा तफरी का माहौल होगा। लोगों ने आग को बुझाया गया। ट्रांसफार्मर से तेल लिकिज हो रहा था। इस दौरान ट्रांसफार्मर के ऊपर के 11 हजार तार की बुश के ठीक सामने से शॉट सर्किट हुआ और आग लग गया। ग्रामीणों ने अधिकारियों को सूचना देते हुए पर्व त्यौहार को देखते हुए अविलंब ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की।

### परवरिश स्कूल में डंडिया प्रतियोगिता



**कुजू।** परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू में प्ले ग्रुप से लेकर 8 क्लास के बच्चो ने मिलकर नवरात्र उत्सव मनाया। विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंधक निर्देशक विकास कुमार सिंह ने नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। शैलेंद्र कुमार ने नवरात्रि हिंदू समुदाय लोगों के द्वारा मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण त्यौहार है।

### शांतिपूर्वक मनाएं दुर्गा पूजाः संजीव बेदिया



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार समिति सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने समस्त झारखंड वासियों को नवरात्र की बधाई देते हुए शांतिपूर्ण माहौल में आपसी भाईचारगी के साथ दुर्गा पूजा मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी और प्रेम का संदेश देता है। पर्वों को मिल-जुलकर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। केंद्रीय सचिव श्री बेदिया ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर घर-परिवार सहित क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना करते हुए क्षेत्रवासियों से विधि-व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की बात कही।

### श्री अग्रसेन स्कूल में मना नवरात्र



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मंगलवार को डांडिया और गरबा के बीच नवरात्र मनाया गया। आयोजन की शुरूआत स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने मां दुर्गा के नौ रूपों शैलपुत्री, ब्रम्हचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री का रूप धरे बच्चों की आरती उतारकर किया। आचार्य लीलेश्वर पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। मौके पर पर करुणा राजगढ़िया, राहुल राजगढ़िया, निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### वैष्णों देवी मंदिर में उमड़ी भीड़



**रामगढ़।** झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में पूजा करने को लेकर श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सुबह और संध्या आरती में भी भक्त काफी संख्या में शामिल हो रहे हैं। यहां प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से पूजा हो रही है। मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा द्वारा मुख्य यजमान शिवम चड्डा व उनकी पत्नी निशा चड्डा को पूजा कराई जा रही है। इस दौरान मंदिर परिसर में बुधवार को संध्या 3 बजे से माता की चौकी का आयोजन किया जायेगा। जिसमें नव दुर्गा जागरण मंडली रामगढ़ के प्रिया, चंदन, राजू एवं शालू द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया जायेगा। वहीं 10 अक्तूबर को संध्या 3 बजे से हवन, 11 अक्तूबर को प्रात: 6:30 बजे कंजक पूजन एवं 8 बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### धनबेडवा में निकाली कलश यात्रा

**कुजू।** श्रद्धालुओं के अंदर भक्ति भाव जागृत करने के लिए देवी देवताओं की पूजा अर्चना जरूरी है। उक्त बातें झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो ने कही। श्री महतो मंगलवार को श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति धनबेडवा ने शारदीय नवरात्र के षष्ठी पूजा के अवसर पर आयोजित भव्य कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि नवरात्र हमारे देश के सबसे अधिक दिनों तक चलने वाला पर्व है। साथ ही इस नवरात्र में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं को नवरात्र की बधाई दिया। इसके बाद उन्होंने नौ कन्याओं को कलश प्रदान कर कलश यात्रा के लिए विदा किया। कलश यात्रा मंडप परिसर से गाजे बाजे के साथ उखरबेड़वा दामोदर नदी पहुंचा। जहां पंडित वीरेंद्र शास्त्री और पुरोहित जनार्दन तिवारी द्वारा यजमान खिरोधर महतो, दुबराज महतो, नंदकिशोर महतो एवं तुलेश्वर महतो सपत्नीक को विधिवत पूजा अर्चना कराया गया।

# प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...

## भुरकुंडा, भदानीनगर और बासल में आज खुलेंगे पूजा पंडालों के पट



जवाहरनगर ज्योति क्लब का आकर्षक पूजा पंडाल।



रीवर साईड गांधी पार्क में पूजा पंडाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी......। भुरकुंडा कोयलांचल भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी, पतरातू सहित आसपास क्षेत्रो में मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं का पूजा पंडाल सज चुका है। शारदीय नवरात्र पर बुधवार को महासप्तमी की पूजा और प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा के साथ पंडालो के पट भक्तो के लिए खोल दिए जायेंगे। इसके बाद मां दुर्गा, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय की पूजा-अर्चना व दर्शन के लिए भक्तो की भारी भीड़ उमड़नी शुरू हो जाएगी, जो विजय दशमी तक बनी रहेगी। शारदीय नवरात्र पर मंगलवार को महाषष्ठी पर विधि-विधान से बेलवरण की पूजा हुई। इस अवसर पर गाजे-बाजे के साथ बेल वृक्ष के नीचे पूजा कर मां को आमंत्रित किया गया। साथ ही श्री दुर्गा पूजा पंडालो में शारदीय नवरात्र पर मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यानी की पूजा अर्चना, श्री दुर्गा सप्तशती पाठ, आरती, क्षमा प्रार्थना की गई। इस बार भी पंडालो के अंदर और बाहर रंग-बिरंगे विद्युत बल्बो से बेहतरीन ढंग से साज-सजावट की गई है। सभी ओर मां दुर्गा के वैदिक मंत्रो और भक्ति गीतो से क्षेत्र गूंज रहे हैं। कोयलांचल सहित ग्रामीण इलाको का वातावरण दुर्गामय भक्तिमय बना हुआ है। दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर भक्तो मे उमंग और उत्साह का माहौल चरम पर है।

**दो दर्जन से अधिक जगहों पर बने हैं पूजा-पंडाल :** इस बार भी भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्रो में दो दर्जन से अधिक जगहो पर पूजा पंडाल बने हैं। भुरकुंडा पूरणराम चौक, बिरसा चौक, रिक्रेयशन क्लब थाना मैदान, सौंदा बस्ती, बौनर धौड़ा, जवाहर नगर ज्योति क्लब, सौंदा डी क्लब घर, जयनगर, सेंट्रल सौंदा मैदान, सीसीएल सौंदा क्लब घर, सेंट्रल सौंदा को-ऑपरेटिव, रिभर साईड शास्त्री पार्क, गांधी पार्क, नेहरू पार्क, भदानीनगर ग्लास फैक्ट्री, लपंगा, पटेलनगर, सौंदा बस्ती, केके कोलियरी पोड़ा, चैनगडा, सयाल टिपला, दत्तो, पोड़ा, रसदा, बलकुदरा, सयाल-उरीमारी, पतरातू आदि कई जगहो पर एक से बढ़कर एक विभिन्न मंदिरो के थीम पर पूजा-पंडालों का निर्माण हुआ है।



पतरातू में पूजा पंडाल।

# कई योजनाओं का विधायक अंबा प्रसाद ने किया शिलान्यास



**बड़कागांव।** मंगलवार को विधायक अंबा प्रसाद ने प्रखंड में लगभग 33 करोड़ की लागत से कई विकास योजनाओं शिलान्यास किया। बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के चोपदार बलिया पंचायत में चोपदार बलिया मुख्य पथ से कब्रिस्तान मैदान तक पथ निर्माण,नयाटांड़ पंचायत अंतर्गत भदुली पिपराडीह मुख्य पथ से भुइयां टोली होते हुए विद्यालय तक पथ निर्माण,सांढ़ पंचायत के छपेरवा में होरिल महतो के घर से बिमल महतो के खेत होते हुए पुराने पथ तक सड़क निर्माण,बड़कागांव पूर्वी पंचायत में बिराज साव के घर से राम जानकी मंदिर से होते हुए जगदीश साव के दुकान तक पथ व नाली ,सिरमा पंचायत में अजीमुद्दीन के घर से आंगनबाड़ी केंद्र तक गाडवाल,सिरमा पंचायत के पड़रिया एवं चोरका के बीच बड़की हहारो नदी पर पुल निर्माण, आगों पंचायत में उरेज एवं पचंडा के बीच पुल निर्माण, नापो खुर्द पंचायत में खेराड़ नदी पर पुल निर्माण,गरसुल्ला पंचायत में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिहाड़ से आंगनबाड़ी केंद्र तक पथ निर्माण, ग्राम चानो एवं लुरंगा के बीच धोबनी नदी पर पुल की आधारशिला रखी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,सईद अनवर,दिनेश प्रसाद, नरेश बेदिया,कुलदीप बेदिया,अजीत महतो,मोहम्मद शमशेर,दिनेश प्रसाद, छोटे खान सहित अन्य मौजूद रहे।

### खोड़ाहर में बैग और कॉपी का वितरण

**बरही।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रांगण में विद्यार्थियों को बैग और कॉपी वितरित की गई। इस वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने की, जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख मनोज रजक रहे। सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत कुमार चंद्रवंशी, उप मुखिया रोहित यादव, विद्यालय के शिक्षा एंबेसडर परमेश्वर प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष महेश सिंह, ऋतुराज सिंह, युवा समाजसेवी देव कुमार, वार्ड सदस्य शिवनाथ कुमार, आशीष कुमार और अध्यक्ष हरिताभ कुमार ने भाग लिया। विद्यालय के कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों को बैग और कॉपी वितरित की गई, जबकि कक्षा 9 और 10 के विद्यार्थियों को केवल कॉपी प्रदान की गई।

## ए ला एंगलाइज स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में मंगलवार को डांडिया, गरबा सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्राचार्य विजयंत कुमार, सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, केजी स्कूल की प्राचार्या अंजू पटेल सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया। दुर्गा, शंकर, गणेश, कार्तिकेय, राम, लक्ष्मण, सरस्वती, हनुमान समेत अन्य देवी-देवताओं का रूप धरे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान बच्चों अपनी प्रस्तुति में मां दुर्गा की उत्पत्ति एवं उनके नौ रूपों सहित महिषासुर वध का नाट्य मंचन कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गरबा और डांडिया की धुन पर जमकर नृत्य किया।



महिषासुर वध का नाट्य मंचन करते बच्चे।

# हजारीबाग के उपायुक्त ने लगायी जनता दरबार

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैन्सी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार में कई समस्याएं सुनी। उपायुक्त ने कहा कि इनकी परेशानियों को हल करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

आज के जनता दरबार में शहरी सहित विभिन्न प्रखंडों से 22 से अधिक आवेदकों ने अपनी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित कर समाधान की मांग की। जिनमें रास्ता बंद करने, अनुकम्पा पर नौकरी, मकान से निकालने, ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराने, म्यूटेशन, अवैध ट्रेंच निर्माण, ऋण स्वीकृत नहीं करने, भूमि पर जबरन चहारदीवारी, भूमी नवीनीकरण, शुल्क निर्धारण, भूमि हड़पने इत्यादि मामले शामिल रहे।

**स्पीड ब्रेकर की मांगः** विवेकानंद स्कूल रोड और एंजल्स हाई स्कूल रोड के बीच में बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए पंकज कुमार ने उपायुक्त महोदया से स्पीड ब्रेकर बनवाने तथा उचित यातायात व्यवस्था बनाने का निवेदन किया। ताकि कोई भी सड़क दुर्घटना से बचा जा सके।

**रास्ता बाधित होने से परेशान युवक, उपायुक्त ने दिया जांचोपरांत उचित करवाई के निर्देश :** वहीं दारू के हरिनाथ मिस्त्री घर तथा पैतृक भूमि के पास आने-जाने के रास्ता पक्षकारों द्वारा बाधित कर दिये जाने से आवागमन में हो रही कठिनाई के बाबत उपायुक्त को अवगत कराते हुए इससे राहत की गुहार लगाई। उपायुक्त ने तत्काल प्रभाव से अंचलाधिकारी दारू को जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। दुकान के जलने तथा क्षतिग्रस्त होने पर युवक ने की आर्थिक सहायता की मांग। इसके पश्चात लोहसिंघना के मो. नवाज आलम ने ा दुकान में शॉर्ट सर्किट लग जाने एवं भारी मात्रा में क्षतिग्रस्त होने के कारण उन्होंने उपायुक्त से मुआवजे की मांग की। शकुन्तला देवी पंचायत सिंदूर से उपायुक्त के समक्ष बताया कि दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा उन्होंने गाली

**▸▸ जनता की समास्या हल करना प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी**

गलौज दिया जाता है। उनके घर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त किया गया। उन्होंने इस बाबत मदद करने की गुहार लगाई। जिसपर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी सदर को तत्काल प्रभाव से जांचोपरात उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कारू महतो ग्राम चपरी बड़कागांव ने, चपरी ग्राम में मोबाइल नेटवर्क टावर उपलब्ध करवाने, ममता देवी इंद्रपुरी चौक नूरा ने, अपने बच्चे का विद्यालय में नामांकन करवाने, किरण देवी सिंदूर थाना कोर्रा ने अबुआ आवास के संबंध में, साजदा खातून पेलावल, कटकमसांडी ने वृद्धा पेंशन, सुषमा टोप्पो तथा सुनीता देवी ने सदर अस्पताल में सफाई कर्मी के तौर पर पुनः योगदान देने कि मांग उपायुक्त से किया। सभी आवेदनों को उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को भेजा और कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## एक नजर में

### मुख्यमंत्री से मिले मुखिया शिबू प्रसाद सोनी



**टाटीझरिया ।** झरपो पंचायत के कारी झरना चट्टान धाम स्थित करोड़ो की लागत से बने बिजली सब स्टेशन की उदघाटन, झरपो प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र में लचर विधि व्यवस्था ,टाटीझरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश ,जरगा झरपो गांव की जर्जर सड़क,शिलान्यास होंकर ढाई वर्ष बीत जाने के बाद भी झरपो गाड़ी साडम की करोड़ो रुपए की लागत से बनाए जाने वाले सड़क की निर्माण नही होना , भराजो गांव के मथुरा नगर टोला होते हुए टाटीझरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय जाने के मुख्य रास्ते जर्जर क्षतिग्रस्त पुलिया सड़क निर्माण, केशडा गांव की पुलिया क्षतिग्रस्त जर्जर सड़क समेत अन्य कई मुख्य बिंदुओ को लेकर टाटीझरिया 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने 8 अक्तूबर दिन मंगलवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पुष्प गुच्छ देकर औपचारिक मुलाकात किया। वही झरपो मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया की जल्द ही समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

### सहायक अध्यापकों की पूजा फीकी : मेहता



**इचाक।** झारखंड में माटी की सरकार कहे जाने वाली यूपीए गठबन्धन की झामुमो सरकार राज्य के सहायक अध्यापकों के प्रति असंवेदनशील है। दुर्गा पूजा सहायक अध्यापकों के घरों में फीका रहेगा। इनका इनका परिवार के सामने खुशियां मात्र सपना बन कर रह गयी। उक्त बातें झारखंड आकलन सफल सह सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश प्रतिनिधि महेश कुमार मेहता ने कही। श्री मेहता ने यह भी कहा कि राज्य के सहायक अध्यापक अल्प मानदेय में शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। उनकी समस्याओं के प्रति सरकार कभी गम्भीर नही होती है। दुर्गा पूजा जैसे त्योहार में सहायक अध्यापक के बच्चे अनेकों खुशियां लिए हुए हैं परंतु मानदेय न मिलने से उनकी खुशियों पर पानी फिर गया। निरंकुस सरकार को इनकी चिंता नही है। बल्कि विकास की ढिंढोरा पीटकर अपना वाहवाही जुटाने में लगी हुई है। आज माटी की सरकार का असलियत सामने आ गयी है। जब अपने माटी के पुत्रों सहायक अध्यापकों के प्रति अपनी असंवेदनशीलता दिखा दी। उन्होंने यह भी कहा कि जिस राज्य के शिक्षक भूखा हो उस राज्य की सरकार कितना निरंकुस हो सकती है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। अन्य सभी विभागों के कर्मियों का वेतन का भुगतान महीने के 5 तारीख तक हो जाती है। राज्य के मुखिया हेमन्त सोरेन 2019 में चुनाव के पूर्व कई मंचो के माध्यम से यह घोषणा की थी कि हमारी सरकार बनते ही 3 महीने के अंदर सहायक अध्यापकों को वेतनमान देंगे। न सिर्फ झामुमो बल्कि यूपीए गठबन्धन की कांग्रेस और राजद ने भी अपनी चुनावी मेनिफेस्टो में लिखा था। परंतु आज सरकार का कार्यकाल समाप्त होने में अंतिम कुछ दिन या कुछ घण्टा बाकी है। परंतु 5 वर्षों में यह सरकार अपना वादा को पूरा नही कर सकी। आगामी चुनाव में सहायक अध्यापक इसका पुरजोर जवाब अवश्य देंगे।

### बीडीओ व थाना प्रभारी ने किया पंडालों का भ्रमण



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड बीडीओ खुशबू रश्मि मिंज, सीओ नीलू टुड्डू,टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने 8अक्टूबर दिन मंगलवार को क्षेत्र के पूजा पंडालों का भ्रमण किया और पूजा समिति के सदस्यों ,अध्यक्षों से शांति पूर्ण दुर्गा पूजा सरकारी नियमावली को पालन कर मानने का अपील किया और समिति के अध्यक्षों से डीजे नहीं बजाने को लेकर शपथ पत्र भरवाया गया वही नियमों को उल्लंघन करने तथा दोषी पाए जाने पर प्रशासनिक कार्यवाही करने की बात भी कही गई। मौके पर किशोरी महतो,समिति कोषाध्यक्ष कुलदीप कुमार,रामलखन पांडेय , भुनेश्वर महतो,अर्जुन प्रसाद, प्रदीप पांडेय,पिंटू सोनी, रामबिलास शर्मा,महेंद्र पांडेय ,पप्पू पांडेय,संजय पांडेय, मयूर खान समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### सुरक्षा कर्मियों पर हमला करने वाला युवक धराया

**चरही।** सीसीएल के सुरक्षाकर्मियों पर हमला करने वाला एक युवक चरही पुलिस के हत्थे चढ़ा। बाकी अभियुक्तों को धरपकड़ के लिये पुलिस लगातार छापामारी कर रही है ।विष्णुगढ अनुमंडल के एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद और चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि 4 अक्टूबर को सीसीएल के सुरक्षाकर्मियों पर अभियुक्तों के द्वारा हमला किया गया था ।जिस क्रम में होमगार्ड के चार जवान और एक सीसीएल के सुरक्षा कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए थे ।जिसके आलोक में चरही थाना में में मामला दर्ज कराया गया था ।तब से पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही थी। इस क्रम में 7 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के कजरी सोनरा टोला निवासी पिंटू उर्फ मो .फिरदोस पिता इरफान अंसारी (अभियुक्त) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### बरसोत में 400 छात्रों को मिला स्कूल बैग

**बरही।** प्रखंड के मध्य विद्यालय बरसोत में 400 विद्यार्थियों को बैग वितरित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक शशि भूषण ने किया। इस दौरान मुखिया मोतीलाल चौधरी ने कहा कि बच्चें आने वाला भविष्य है। उन्होंने शिक्षको से आग्रह किया कि बच्चों के शिक्षा से समझौता नही करें और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। इस अवसर पर शिक्षक जगदीश प्रसाद, अमरनाथ प्रधान, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार बक्शी, आशा लता देवी, सुशीला देवी, महादेव महतो, जानकी रविदास, चंदेश्वर मिश्रा, और पूनम देवी भी उपस्थित थे। सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

### हर सुख -दुख में आपके साथ : चौधरी

**बड़कागांव।** प्रखंड के बादम पंचायत भवन में आजसू पार्टी का मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा वं संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा के हर सुख -दुख के लिए मैं और मेरा कार्यकर्ता 24 घंटे तैयार रहते हैं। इस दौरान कई लोगों ने आजसू पार्टी का सदस्य ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने वाले में शेखर यादव ,विशाल यादव, अनुज यादव, दीनानाथ यादव, कृष्ण यादव ,मनोज यादव ,रंजन कुमार, उदय ठाकुर ,सचिन कुमार ,उपेंद्र कुमार ,वीरेंद्र कुमार, राजू साहू ,गणेश राम, सूरज कुमार ,पवन राणा, अविनाश कुमार, रंजन कुमार, उपेंद्र यादव, चंद्रशेखर कुमा,र राजा कुमार, प्रमोद कुमार, सुजीत कुमार ,वीरेंद्र यादव ,जितेंद्र कुमार, रंजन करमाली, तिलकधारी यादव, रितु यादव, भुनेश्वर यादव ,जनार्दन कुमार, राज गुप्ता सहित अन्य लोग ने पार्टी में पटा पहनकर शामिल हुए। मौके पर केंद्रीय सदस्य राजा खान, कामेश्वर महतो ,संदीप कुशवाह ,जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद ,अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष जावेद खान ,दिनेश महतो ,वार्ड सदस्य शंकर रजक, महिला प्रखंड अध्यक्ष रीना देवी, पंचायत अध्यक्ष बबलू पासवान, घनश्याम मेहता, अनिल प्रसाद, राम दामोदर साहू ,कैसर अली , अफरोज आफताब अंसारी, जागेश्वर महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## लोहरदगा के समाहरणालय मैदान में मंईयां सम्मान यात्रा का आयोजन, 88,748 लाभुकों के बीच 8,87,48,000 रुपये हस्तांरित

# हेमंत महिलाओं को मजबूत बना रहे हैं : कल्पना सोरेन

- हेमंत सरकार ने मां-बहनों के हित की सोची : बेबी देवी
- सरकार की योजनाओं का आमजन उठा रहे हैं लाभ : दीपिका
- हेमंत सरकार ने हर वर्ग का रखा ख्याल : सुखदेव भगत








**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** 'मंईयां सम्मान यात्रा' अंतर्गत मंगलवार को महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री बेबी देवी के नेतृत्व में आमसभा का आयोजन समाहरणालय मैदान लोहरदगा में किया गया। आमसभा का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर अतिथियों द्वारा किया गया। आमसभा में मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत तीसरी किस्त की राशि का भुगतान मंत्री व अतिथियों द्वारा रिमोट का बटन दबाकर लाभुकों के बैंक खाते में हस्तांतरित की गई। इसमें कुल 88,478 लाभुकों के बीच कुल 8,87,48000 रु की राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में महिला, बाल विकास मंत्री बेबी देवी ने कहा कि आप सभी इस योजना अंतर्गत आज जारी किस्त की राशि से अपना पर्व-त्यौहार हर्षोल्लास और सौहार्द्र तरीके से मनाएं। आपकी की अपनी हेमंत सरकार ने आपके हितों की रक्षा के लिए यह योजना लायी जिसका लाभ आप माताओं-बहनों को मिल रहा है। कृषि मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने कहा की सभी सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। हेमंत सरकार ने युवाओं के लिए नियोजन नीति बनायी। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अबुआ आवास का लाभ उठा रहे हैं। अबुआ आवास में महिलाओं को भी जोड़ा रहा है। सरकार ने सभी वर्ग के हितों का ध्यान रखा है। राज्य सभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि मंईया सम्मान यात्रा लोहरदगा की पावन धरती पर आ पहुंची है। हेमंत सरकार ने सरकार के गठन पर ही निर्णय लिया था कि जिस समृद्ध झारखण्ड की धरती पर लोगों की, विशेषकर महिलाओं की आर्थिक स्थिति कमजोर है, उन्हें समृद्ध किया जाएगा। लोकसभा सांसद जोबा मांझी ने कहा कि वर्ष 2019 में सरकार के गठन के पश्चात कई चरणों में विचार किया गया और लोगों के हित में कई निर्णय लिये गये।

**कल्पना मुर्मू सोरेन ने भाजपा पर साधा निशाना :** गाण्डेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने अपने संबोधन में भाजपा पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा की आज मईया सम्मान योजना से घबराकर भाजपा वाले फॉर्म भरा रहे है लेकिन जब डबल इंजन की सरकार थी उस समय उन्होंने आधी आबादी के लिए कुछ नहीं सोचा। अब चुनाव के समय लोगो को बरगलाने में जुटे है। उन्होंने कहा कि राज्य की आधी आबादी का हाथ लोगों के सर्वप्रिय नेता आपके बेटा, आपके भाई, दादा और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मजबूत कर रहे हैं।

## हेमंत सरकार की नियत और नीति साफ हैः सुखदेव

**खबर मंत्र संवाददाता**




**लोहरदगा।** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने अपने संबोधन में कहा कि हेमंत सरकार की नियत साफ है और सरकार आमजनों के प्रति बेहद संवेदनशील है। सरकार ने सभी वर्गों का ख्याल रखा है। सभी वर्ग के लोगों को यह सरकार पेंशन दे रही है।

लड़कियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया जा रहा है। यह आमजन और माटी की सरकार है। हमलोगों ने झारखण्ड लड़कर प्राप्त किया है। इस सरकार को जनादेश प्राप्त है। जिला के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक उजार्वान हैं और सरकार की योजनाओं को बेहतर तरीके से लोगों तक पहुंचा रहे हैं। सांसद ने कहा कि जब सीएम हेमंत सोरेन विपरीत परिस्थितियों में थे तो उनकी पत्नी ने झांसी की रानी की तरह मोर्चा संभाला और राज्य की व्यवस्था सुदृढ़ करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। एक सिंहनी की तरह राज्य की रक्षा की। दिशोम गुरू शिबू सोरेन के सपनों को साकार किया।

**आर्थिक रूप से सशक्त हो रहीं हैं महिलाएं : डॉ वाघमारे**

डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि आज महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। आज 18 वर्ष की उम्र से मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। महिलाओं को शिक्षा, आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। पूर्व में यह योजना 21 वर्ष की महिलाओं से प्रारंभ किया गया था।

## जनता के मन में पीड़ा है, हेमंत सरकार को हटाना हैः विनय

**भाजपा की बैठक संपन्न नव नियुक्ति जिलाध्यक्ष का किया गया अभिनंदन**

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला।** जिला भाजपा की बैठक मंगलवार को पालकोट रोड स्थित रोटरी भवन में संपन्न हुई। बैठक में नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष विनय कुमार लाल का कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया। मौके पर विनय लाल ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का माध्यम होते हैं। राज्य की जनता के मन में पीड़ा है। हेमंत सरकार को हटाकर बीजेपी को लाना है। जिसके लिए सभी को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव ने कहा भाजपा के लिए परीक्षा की घड़ी है। तन्मयता के साथ हम सभी को आगे बढ़ना है। वहीं शिव शंकर उरांव ने कहा संगठन सर्वोपरि है। सामूहिक नेतृत्व से हम गुमला का तीनों विधानसभा जीतेंगे। प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहु ने कहा हेमंत सरकार में आम लोग असुरक्षित हैं। बैठक को वरिष्ठ नेता भूपन साहु, विजय मिश्रा, सविंद्र सिंह, अनुपचंद्र अधिकारी किरण बाड़ा, संयुक्ता देवी, विनोद कुमार, भिखारी भगत ने संबोधित कर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। बैठक को का संचालन जिला महामंत्री यशवंत सिंह व राम अवतार भगत ने किया। इस अवसर पर सत्यनारायण पटेल, सागर उरांव,लाल मोहन साहू, दिनेश्वर प्रसाद, अमन यादव, गायत्री देवी, शकुंतला उरांव, रामेश्वरी उरांव, अवधेश प्रताप शाहदेव, रविंद्र सिन्हा, सुरेश सिंह, जगेश्वर सिंह, गौरी किंडो, शैल मिश्रा, दामोदर कसेरा, संजय साहू, विजय सिंह, शिवदयाल गोप, दिलीप बड़ाईक, निर्मल गोयल, विपिन सिंह, अरविंद मिश्रा, बाल्केश्वर सिंह, उज्जवल मिश्रा, गुड्डी नंदा, पुष्पा देवी, बबलू वर्मा, प्रकाश नारायण सिंह, नरेश सिंह, सनोज वर्मा, लक्ष्मी नारायण यादव, सुमित महली, शंकर शाही ,पप्पू गुप्ता, किशोर जायसवाल, शत्रुघ्न मार, बुधराम नायक, कर्मपाल सिंह, विकास कुमार सिंह, जगत ठाकुर, संतोष देवघरिया, कामेश्वर साय, छोटेलाल उरांव भगत, देवेंद्र लाल उरांव, खुशमन नायक, संदीप प्रसाद, अशोक साहू, हरमीत सिंह, कौशलेंद्र जमुआर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### प्रधान जिला जज ने नव चयनित पीएलवी सदस्यों के साथ बैठक की



गुमला। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्रा ने बुधवार को पीएलवी सदस्यों के साथ बैठक की। उनके निर्देश पर नव चयनित पीएलबी एवं पुराने पीएलवी सदस्यों को गुमला जिले के सभी थानों पर एक-एक तथा मानव तस्करी क्षेत्र वाले थानों पर दो-दो सदस्यों को नियुक्ति किया गया है। मौके पर प्रधान जिला जज ने नवनियुक्त पीएलवी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग मन लगाकर जनहित का कार्य करें। जो भी लोग थाने पर शिकायत लेकर आए उनका मदद करें। अवर न्यायाधीश रामकुमार लाल गुप्ता ने सभी पीएलवी सदस्यों को कार्य करने हेतु उचित दिशा निर्देश दिया गया। राजेश सिंह गुमला थाना, राजीव नायक एसटीएससी थाना गुमला, विमला कुमारी महिला थाना गुमला, प्रेम कुमार शाह अहातू थाना गुमला, प्रकाश उरांव बसिया थाना, फुलेश्वर बृजिया बिशनपुर थाना, मो आरिफ अंसारी चैनपुर थाना, गौतम कुमार सिंह पालकोट थाना, सोमनाथ उरांव एवं लक्ष्मण मोची भरनो थाना, जशीनता कुजूर एवं मंगलेश्वर उरांव घाघरा थाना, आमिर अंसारी सुरसंग थाना, ओमप्रकाश साहू करंज थाना, अनिल साहू कामडारा थाना, सुनीता कुमारी सिसई थाना, अनुप ओहदार कुरकुरा थाना, विष्णु रतिया एवं बुक्साए खेरवार डुमरी थाना, अशोक कुमार रायडीह थाना, दिलचंद उरांव गुरूदारी थाना, बसंती जारी थाना, सीताराम उरांव कुरूपगढ़ थाना, पूनम कुमारी पुसो थाना के लिए नियुक्त किये गये।

### शहर मुख्यालय के पूजा पंडालों का डीसी व एसपी ने किया निरीक्षण



गुमला। दुर्गा पूजा को लेकर मंगलवार की शाम उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने शहर मुख्यालय के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। अधिकारी द्वय ने निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पूजा पंडाल समिति के सदस्यों के साथ वार्ता की गई। सबसे पहले श्री बड़ा दुर्गा मंदिर दोनों अधिकारी पहुंचे। जहां पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिव से सुरक्षा के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने पूजा पंडालों में महिला व पुरूषों के प्रवेश पर विशेष ध्यान देने, सीसीटीवी कैमार लगाने व पूजा समिति के वोलिंटियर को शांति व्यवस्था में लगाने का निर्देश दिया। जिसके बाद उपायुक्त ने ज्योति संघ, पालकोट रोड स्थित शक्ति संघ सहित अन्य पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। मौके पर एसडीओ राजीव नीरज, नगर परिषद प्रशासक, सिटी मैनेजर आदि उपस्थित थे।

### भावेश में हुई घटना में पीडादायक कार्रवाई पर घाघरा दुर्गा पूजा समिति के सदस्य आहत



घाघरा। दुर्गा पूजा समिति सदस्य अखिलेश्वर साहू को दुकानदार बंधन उरांव द्वारा चाकू मारे जाने के बाद थाना के सिरिस्ता में बैठे आरोपी बंधन को ग्रामीणों द्वारा मारपीट के मामले में घाघरा पुलिस ने सात लोगों सहित अन्य 20 से 30 लोगों को आरोपी बनाये जाने पर बुधवार को उक्त मामले को लेकर चांदनी चौक पूजा पंडाल परिसर में प्रखंड के विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों की बैठक हुर्द। बैठक में चांदनी चौक दुर्गा पूजा समिति, थाना चौक दुर्गा पूजा समिति, नेतरहाट रोड मिलन चौक स्थित हनुमान वाटिका दुर्गा पूजा समिति एवं मां दुर्गा पूजा समिति नवडीहा के पदाधिकारी शामिल हुए। जिसमें समिति के लोगों ने अपनी बात रखते हुए निर्णय लिया कि चाकूबाजी की घटना के बाद भवावेश में थाना पहुंची भीड़ द्वारा बंधन के साथ मारपीट हुई। इस घटना को लेकर घाघरा पुलिस ने सात नामजद सहित अन्य बीस-तीस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पूजा समिति के लोगों का कहना है कि जो ग्रामीण भीड़ के रूप में थाना पहुंचे और जो बंधन के साथ मारपीट में शामिल थे भी नही उन्हें भी आरोपी बनाया गया है और अन्य बीस-तीस ग्रामीणों का जिक्र प्राथमिकी में है। जिन्हें नामजद बनाये जाने के फिराक में घाघरा पुलिस है। इसी बात से कई पूजा समिति के लोग आहत है व उनमें आक्रोश व्याप्त है। प्रखंड मुख्यालय के तीन पूजा समिति सहित नवडीहा कुल चार पूजा समिति के लोगों ने मंगलवार से ध्वनि विस्तारक यंत्र न बजाने सहित जब तक निर्दोष लोगों का नाम प्राथमिकी से नहीं हटाया जाएगा तब तक मूर्ति का विसर्जन नहीं किये जाने का निर्णय लिया है। यहां बता दे की घटना के बाद घाघरा के प्रबुद्ध जनों और पूजा समिति के कई वरिष्ठ लोगो ने घाघरा थाना प्रभारी तरुण कुमार से आग्रह किया था कि भावेश में हुई घटना को षड्यंत्र ना समझा जाए और पीड़क कार्रवाई न किया जाए। इसके बावजूद भी थाना प्रभारी के द्वारा प्राथमिक दर्ज कर दिया गया। जिससे लोगों में काफी आक्रोश है।

### सिसई प्रखंड के 170 आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविका सहायिका है हड़ताल पर



सिसई। सिसई प्रखंड के 170 आंगनबाडी केंद्र के सेविका सहायिका बेतन वृद्धि, सेवानिवृति पेंशन, बच्चों का पोषाहार खरीद का समय पर राशि देने सहित आठ सूत्री मांग को लेकर ब्लॉक परिसर सिसई में अनिश्चितकालीन हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार को भी धरना पर बैठे। आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं का कहना है कि उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र के आलावा अन्य कार्य भी विभाग सौंप देती है। जिसका वे बखूबी पालन करते हैं। लेकिन महंगाई के इस दौर में 10 हजार रुपया ही मानदेय मिलता है। महंगाई में इतना राशि से परिवार चलाना तो दूर की बात,जरूरत का समान लेने में भी समस्या होती है। रिटायर के बाद पेंशन का कोई सुविधा नही मिलता है। सरकार हमलोग का बेतन एक पारा शिक्षक के बराबर दे और पेंशन की सुविधा भी सरकार देने का काम करे। अन्यथा हमलोग अपना अनिश्चितकालीन हड़ताल नहीं छोड़ेंगे।

## डॉ अब्दुल कलाम की जयंती डीएवी पब्लिक में मनाया गया



गुमला। भारत के 11 वें राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की 93 वीं जयंती पर डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने हाउस आफ कलाम रामेश्वरम को ग्रीटिंग कार्ड भेजा है। मिसाइल मैन के नाम से विख्यात अपने प्रेरक भाषणों के माध्यम से उन्होंने अनगिनत युवा दिमागों और व्यस्कों को समान रूप से प्रेरित किया था। उन्होंने युवाओं को न केवल सफलता बल्कि असफलताओं से भी जूझना और उससे उबरना सिखाया। उनका मानना था कि विफलता का प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि किसी भी कार्य में समस्याएं और असफलताएं आएंगी। युवाओं के रोल मॉडल डॉ कलाम को उनके जन्म दिवस पर याद करते हुए कक्षा एकादश की ताशा झा, कक्षा नवम के आर्यन कुमार सिंह, अभिज्ञान प्रकाश, नूपुर कुमारी एवं लक्ष्मी कुमारी ने अपनी पेंटिंग के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी है। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने विद्यार्थियों की पेंटिंग की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## षष्ठयादि कल्पारंभ के साथ मां दुर्गा पूजा का संकल्प

**खबर मंत्र संवाददाता**





**गुमला।** शारदीय नवरात्र के छठवें दिन मां कात्यायनी की उपासना के साथ गुमला में दुर्गा पूजा आरंभ हो गया। मंगलवार की सुबह पूजा पंडालों में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ षष्ठयादि कल्पारंभ की पूजा के साथ यजमानों ने दुर्गा पूजा का संकल्प लिया। शाम में शंख घंट और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ देवीजी का बोधन, अधिवास व आमंत्रण किया गया। बुधवार को महासप्तमी पूजन के साथ ही पूजा पंडालों का पट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग सभी पूजा पंडालों में प्रतिमा की स्थापना हो गई है। कारीगरों ने दिन रात मेहनत कर पंडाल निर्माण व सजावट कार्य को अंतिम रूप दे दिया है। पूजा पंडालों में बज रहे भक्ति गीतों से शहरी क्षेत्र में अध्यात्म की गंगा प्रवाहित हो रहा है। दुधिया रोशनी की जगमगाहट से पूजा पंडाल जगमग हो उठे हैं। गुमला के श्री बड़ा दुर्गा मंदिर, ज्योति संघ, शक्ति संघ, अरूणोदय संघ, बंगाली क्लब, रामनगर संघ, मालवीय नगर दुर्गा पूजा समिति, उर्मी अरमई डुमरडीह पूजा समिति में आचार्यों द्वारा षष्ठयादि कल्पारंभ की पूजा करायी गयी। शाम में बेल वृक्ष के नीचे देवी का बोधन अधिवास एवं आमंत्रण किया गया। श्री बड़ा दुर्गा मंदिर में पूजा को लेकर यजमान रमेश कुमार के द्वारा परंपरा के अनुसार माता का बोधन कर उन्हें आमंत्रण किया गया। षष्ठी पूजा के साथ नियमानुसार दशमी तक नियमपूर्वक पूजन कार्य सम्पन्न किया जाएगा। मौके पर आचार्य श्री हरि शंकर त्रिपाठी, पूजा समिति के अध्यक्ष निर्मल गोयल, द्वारिका मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### दूसरे दिन भी आंगनबाड़ी कर्मचारी रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



लोहरदगा। आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ जिला लोहरदगा का अनिश्चित कालीन हड़ताल दुसरे दिन भी समाहरणालय लोहरदगा के समक्ष जारी रहा। मंगलवार को धरना पर बैठी आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओ द्वारा जैसे ही अपना भाषण शुरू किया गया वैसे ही जिला प्रशासन के द्वारा यह खबर आया कि दो घंटा के लिए भाषण रोक दिजिए और आप लोगो में से पांच प्रतिनिधि चल कर विभाग के मंत्री बेबी देवी से मिल कर ज्ञापन दे दिजिए। लेकिन प्रशासन द्वारा पांच बहनों को ले जाकर दो घंटा खड़ा रखा और ज्ञापन भी नहीं दिलवा पाया। प्रसाशन के द्वारा इस व्यवहार से सेविका सहायिका को नागवार लगा और उग्र हो गई। तथा सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यदि हड़ताल लम्बा चलता है और चुनाव का घोषणा होता है तो एक भी सेविका बीएलओ का कार्य नहीं करेगी तथा पर्ची भी नहीं बाटेगी तथा यह भी निर्णय लिया गया कि दशहरा के बाद आंदोलन को उग्र करेगी। हड़ताल में लोहरदगा जिला के सभी प्रखण्ड के सेविका सहायिका उपस्थित थी।

### इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट : नदिया हिंदू उच्च विद्यालय ने सीटीसी को पांच विकेट से हराया



लोहरदगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत दो मैच खेले गए पहले मैच में नदिया हिंदू उच्च विद्यालय ने सीटीसी को 5 विकेट से पराजित किया तथा दूसरे मैच में स्टूडेंट पब्लिक स्कूल, कुडु ने मंजूर मती हाई स्कूल को 63 रनो से पराजित कर दिया। स्थानीय बलदेव साहू कॉलेज के मैदान में टॉस जीतकर नदिया हिंदू हाई स्कूल ने पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। सीटीसी की टीम 16 .4 ओवर में 87 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से प्रिंस कुमार शर्मा ने 19 रन तथा रौनक कुमार साहू ने 17 रन बनाया। नदिया हिंदू उच्च विद्यालय की ओर से वारिस ने दो विकेट, सचिन ने दो विकेट, ऋतिक, उज्जवल तथा श्रेष्ठ ने एक-एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलते हुए नदिया हिंदू हाई स्कूल की टीम 15 .5 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाकर मैच जीत लिया। वारिस ने सबसे ज्यादा 16 रन तथा ऋषभ ने 13 रन का योगदान दिया। सीटीसी से गेंदबाजी करते हुए शिव प्रकाश दानिश, प्रिंस और सुनील ने एक एक विकेट लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के वारिस को दिया गया। दूसरे मैच में स्टूडेंट पब्लिक स्कूल कुडु ने पहले खेलते हुए 15 ओवर में 117 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से प्रीतम कुमार ने 46 गेंद पर 71 रनों की शानदार पारी खेली। मंजूर मती की ओर से सीताराम उरांव ने चार विकेट तथा अनीश उरांव ने दो विकेट लिया जवाबी पारी खेलते हुए मंजूर मती की टीम 15 ओवर में 54 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से आकाश कुमार राम ने 32 रनों की पारी खेली स्टूडेंट पब्लिक स्कूल की ओर से गेंदबाजी करते हुए बादल ने तीन विकेट परमेश्वर ने दो विकेट और अंकुश गंजू ने दो विकेट लिया। इस मैच के प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार कुडु पब्लिक स्कूल के प्रीतम उरांव को दिया गया।

## परिवार को टूटने से बचाना भी हमारा फर्ज : राजेश कुमार

**खबर मंत्र संवाददाता**




**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के सभागार में 'विधान से समाधान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नालसा, नई दिल्ली और राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देश पर झालसा एवं डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने महिलाओं को न्याय तक उनकी पहुंच के बारे में जानकारी देते हुए कहा की निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 डायल करें। महिलाओं के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर हमेशा जारी है। किसी भी तरह की कानूनी सलाह लेने के लिए 15100 नम्बर डायल करें। डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने बताया की महिलाओं की समस्याओं के अलावे कानूनी सहायता भी निःशुल्क जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय से उपलब्ध होती है। छोटी सी छोटी समस्याओं का निष्पादन इस कार्यालय के द्वारा किया जाता रहा है। विधान से समाधान कार्यक्रम में शामिल होने वाली महिलाओं को भारतीय न्याय संहिता के महत्वपूर्ण धाराओं के बारे में जानकारी दी गई। इन्हें बताया गया की पुराने कानून में बदलाव किया गया है। जिसकी वजह से धाराएं बदल गई है। अब कम्युनिटी वर्क भी भारतीय न्याय संहिता के तहत करना पड़ सकता है। महिलाएं एक बड़ी शक्ति के रूप में उपर आ रही हैं। डीएलएसए सचिव ने महिला आयोग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इन्होंने कहा की जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में अपने मामलों को लेकर आ सकते हैं। अधिकार के साथ हमें अपने कर्तव्य को भी हमें जानना चाहिए। परिवार को टूटने से बचाना भी हमारा फर्ज बनता है। पति और बच्चों के साथ साथ परिवार को भी लेकर चलना चाहिए। हमेशा हमें बड़ा सोचना चाहिए। रिसोर्स पर्सन अधिवक्ता लाल दीपक नाथ शाहदेव ने बताया कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। साथ ही इन्होंने बताया की लोक अदालत के माध्यम से सुलह के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जा रहा है जिसमें कोई खर्च नहीं लगता । इन्होंने कहा की दहेज लेना और देना दोनों अपराध है। अगर महिलाओं का कोई अश्लील वीडियो फोटो लेता है या फिर सोशल मीडिया के माध्यम से उसे सामने लाता है तो यह भी अपराध की श्रेणी में आता है। अगर ऐसे में कोई भयादोहन करता है तो महिलाओं और युवतियों को आगे आकर अपनी शिकायत दर्ज कराना चाहिए।

## गुमला में मां दुर्गा की आराधना का इतिहास 106 वर्ष पुराना

**शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सौ से अधिक स्थानों में होती है पूजा**

**वर्ष 1921 में दुर्गा बाड़ी में बंगाली समुदाय ने गुमला में आरंभ किया था पूजा**

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला।** नागवंशी राजाओं की धरती व जनजातीय बाहुल्य गुमला जिला में शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का इतिहास 106 सौ वर्ष पुराना है। सबसे पहले गुमला में बंगाली समुदाय द्वारा वर्ष 1921 में दुर्गा पूजा आरंभ किया गया था। श्री सनातन दुर्गा पूजा कमेटी के नाम से दुर्गा बाड़ी में आरंभ मां दुर्गा की पूजा अब भी यहां बंगला पद्धति से होता है। अविभाजित रांची जिला में आर्थिक रूप से पिछड़ा इस क्षेत्र में दस वर्षो के बाद शहरी क्षेत्र के लोगों में आध्यात्मिक चेतना आयी और वर्ष 1931 में श्री बड़ा दुर्गा मंदिर की स्थापना हुई और स्थानीय लोगों के सहयोग से दो स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा आरंभ की गई। महिषासुर का वध करते शेर में सवार मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ माता लक्ष्मी व सरस्वती, भगवान गणेश व कार्तिकेय की पूजा में भक्तों की आस्था विश्वास और पारम्परिक वाद्य यंत्र आकर्षण का केन्द्र होता था। मां दुर्गा के प्रति श्रद्धालुओं में आस्था और विश्वास अब भी बरकरार है। दुर्गा बाड़ी में अब भी पारम्परिक वाद्य यंत्र का उपयोग पूजा के दौरान होता है। साथ ही मां की प्रतिमा का स्वरूप भी उसी तरह बनाया जाता है जो आरंभ काल में बनायी गयी थी। लेकिन अन्य नए पूजा पंडालों में बदलते समय के अनुरूप साज सजावट और आकर्षण को लेकर पूजा समिति में प्रतिस्पर्द्धा होती है। वर्तमान में देखा जाए तो जिला मुख्यालय में 14 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर सामूहिक रूप से पूजा होती है। जबकि पूरे जिले में एक सौ से अधिक स्थानों में सामूहिक दुर्गा पूजा होता है। गुमला के ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा का इतिहास सौ वर्षो से भी पुराना है। जबकि जिला मुख्यालय के शहरी क्षेत्र में दुर्गा बाड़ी और श्री बड़ा दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा पूजा के बाद शहर और आस पास के क्षेत्रों में अध्यात्मिक चेतना का संचार हुआ और करौंदी के मालवीय नगर, ज्योति संघ, पालकोट रोड में शक्ति मंदिर, सिसई रोड में अरुणोदय संघ, दुन्दुरिया में विश्व भारती संघ, अरमई उर्मी डुमरडीह पूजा समिति, श्री राम नगर में आदिशक्ति संघ, मां भवानी संघ, महावीर चौक में भारतीय नवयुवक संघ आदि स्थानों पर मां दुर्गा की पूजा धूम-धाम से मनाया जाता है। महावीर चौक स्थित भारतीय नवयुवक संघ द्वारा निर्मित पूजा पंडाल और प्रतिमा का आकर्षण आधुनिकता से लैस होता है। अरुणोदय संघ, मां भवानी संघ, उर्मी अरमई डुमरडीह में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने के लिए पंडाल का निर्माण कराया जाता है।

## जिले के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का करेंगे कार्य : धीरज प्रसाद साहू

**स्व नंदलाल साहू स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन**

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अरु मैदान में स्व नंदलाल साहू स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और उनके भतीजा दुर्गेश प्रसाद साहू शामिल हुए। धीरज प्रसाद साहू के भाई स्व नंदलाल साहू के स्मृति में वर्ष 1992 से लगातार फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन नव युवक संघ अरु के द्वारा कराया जाता है, जिसमे राज्य के साथ साथ बाहर से भी फुटबॉल खिलाड़ी हिस्सा लेने पहुंचते हैं। बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबले में ब्लैक डायमंड लोहरदगा और स्टार वॉरियर्स कांके रांची के बीच मैच खेला गया। जिसमे ब्लॉक डायमंड विजेता रही। बालिका वर्ग के विजेता टीम को 15000 रुपए के नगद राशि का पुरुस्कार दिया गया। वही बालक वर्ग में डीसीएल लोहरदगा और चाईबासा बॉयज के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें डीसीएल लोहरदगा 1-0 से विजेता रही। विजेता टीम को धीरज प्रसाद साहू के हाथ 61000 रुपए का पुरुस्कार दिया गया। वही उपविजेता को 41000 रुपए का पुरुस्कार दिया गया। इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा मेरी दिली इच्छा है कि यहां अच्छे अच्छे फुटबॉल के खिलाड़ी निकले इस क्षेत्र में फुटबॉल काफी लोकप्रिय है। आने वाले समय में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे ताकि जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच पाए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## चंदवा में दुर्गा पूजा का रहा है पुराना इतिहास, आजादी से डेढ़ दशक पूर्व से स्थापित होता रहा है मां का पंडाल

# 1935 से ही दुबे जी के गोला में स्थापित होता रहा है पूजा पंडाल

➲ **चंदवा प्रखंड में लगभग दो दर्जन स्थानों पर होती है दुर्गा पूजा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाके के शारदीय नवरात्र को लेकर उत्साह व उमंग देखने को मिल रहा है। कलश स्थापना के बाद से हीं पूजा पंडालों में माता रानी की पूजा अर्चना जारी है। पूजा पंडालों से आ रही वैदिक मंत्रोच्चार की ध्वनि एवं बज रहे मां के भक्ति गीतों से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। सभी पूजा पंडालों में संध्या बेला की आरती में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं शारदीय के छठे दिन मंगलवार को माता के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की विधिवत आराधना की गई। इधर पूजा समितियों के द्वारा भव्य पंडाल निर्माण कार्य अंतिम रूप देने का काम बड़ी तेजी के साथ किया जा रहा है। पूरे प्रखंड में पूजा अर्चना शान्तिपूर्ण रूप से हो रही है, संवेदनशील पूजा पंडाल के रूप में शहर का एक भी पंडाल चिन्हित नही है। बात करें चंदवा में दुर्गा पूजा के इतिहास की तो आजादी से लगभग डेढ़ दशक पूर्व सन 1935 से पूजा पंडाल स्थापित होती जा रही है।



दुर्गा पूजा समिति आन का पूजा पंडाल।

### दुर्गा मंडप हरैया-कामता

2000 से यहां मां दुर्गे की पूजा की शुरूआत की गयी थी। इस वर्ष बनारस से आये आचार्य के सानिध्य में विधिवत पूजन हो रही है। यहां भी दशमी के दिन जतरा व रावण दहन की परंपरा है। अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में तैयारी को अंतिम रूप देने का कार्य जारी है।

### श्री दुबे जी का गोला

यहां 1935 में स्व. शिवव्रत दुबे, स्व. बाला नाथ पांडेय, स्व. रामखेलावन साव समेत अन्य प्रबुद्धजनों ने प्रतिमा स्थापित कर मां दुर्गे की पूजा अर्चना शुरू की थी। 2016 में इसे सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का नाम दिया गया। अध्यक्ष संजय दुबे, सचिव सुरेंद्र वैद्य, संरक्षक हरिनन्दन दुबे, राजू सिंह, संजीव आजाद कोषाध्यक्ष अजय वैद्य समेत दुबे परिवार के नेतृत्व में पूजा अर्चना भव्य रूप में हो रही है। अन्य सदस्यों की भी विशेष सहयोग पूजा समिति को मिलती आ रही है।

▸▸ **शिव मंदिर थाना टोली :** यहां 2009 में पूजा की शुरूआत की गयी। अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद व कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में युवकों ने पूजा को भव्य रूप देने का संकल्प लिया है। पंडित प्रदीप उपाध्याय के सानिध्य में मां अंबे की पूजा जारी है।

▸▸ **शिव मंदिर आन:** शिव मंदिर आन में दुर्गा पूजा की शुरूआत वर्ष 2022 से शुरू हुई है। इस वर्ष भी यहां पर भव्य तरीके से मां की आराधना की जा रही है। विजयादशमी के दिन रावण दहन का भी कार्यक्रम पूजा समिति के द्वारा आयोजित की जाती है। समिति के मुख्य संरक्षक राजेश कुमार भगत है। वहीं अध्यक्ष राजन भगत, कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण यादव, सचिव अजय प्रसाद व राहुल कुमार है। इनके नेतृत्व में पूरा गांव पूजा पंडाल को भव्य बनाने में जुटे हैं।

▸▸ **लुकुईया मोड़:** यहां वर्ष 2012 से मां का स्थापित किया जा रहा है। इस वर्ष अध्यक्ष शिवनाथ, सचिव अजय साहू, उपाध्यक्ष सूरज कुमार व अन्य के नेतृत्व में पूरा गांव पूजन कार्य मे जुटा हुआ है, इस वर्ष अष्टमी को भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित होने की समिति के द्वारा बताई गई है। इसके अलावे भी प्रखंड के कई गाँव व टोलों में दुर्गा पूजा की जा रही है। पण्डाल निर्माण को लेकर समिति के लोग पूरी तन्यमयता से लगे है।



दुर्गा पूजा समिति रक्सी जमीरा द्वारा बनाया गया पूजा पंडाल।

▸▸ **दुर्गा मंडल रक्सी जमीरा:** यहां वर्ष 2021 से मां की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। पूजा रक्सी, जमीरा, महुआमिलान, पिपराही, लोहसिंगना समेत कई गाव के लोगो के सहयोग से संपन्न होता है। यहां भी विजयादशमी को जतरा लगता है। इस वर्ष पूजा समिति के अध्यक्ष सितमोहन मुंडा हैं, वहीं कार्यकारी अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति व सचिव मणिलाल यादव है।




आरआरसी रेलवे कॉलोनी द्वारा स्थापित पूजा पंडाल।

▸▸ **दुर्गा मंडल बुध बाजार:** यहां सन 1972 से लगातार पूजा जारी है। अध्यक्ष अजय प्रसाद के नेतृत्व में युवकों की टोली तैयारी में लगी है। इस वर्ष बुध बाजार पूजा समिति के द्वारा स्थानीय बच्चियों के लिए डांडिया प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

▸▸ **रेलवे स्टेशन महुआमिलान:** यहां 2007 से पूजा की शुरूआत की गयी है। विजयादशमी के दिन नियमित जतरा लगाया जाता है। अध्यक्ष लाल प्रतुल नाथ शाहदेव व कार्यकारी अध्यक्ष रमेश प्रसाद, आशीष सिंह के नेतृत्व में युवकों की टोली पूजा की तैयारी में लगी है। जतरा में आस-पास के करीब दो दर्जन गांव के लोग एकत्र होते हैं। यह जतरा काफी आकर्षक होता है।

▸▸ **दुर्गा पूजा समिति काली निंद्रा:** यहां पर वर्ष 2011 से लगातार दुर्गा पूजा होती आ रही है। इस पूजा पंडाल की खास बातें है कि इस वर्ष पूजा समिति की पूरी बागडोर मातृ शक्ति के हाथों में है। चंदवा पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी व मुखिया सुनीता खलखो की अगुवाई में पूरी कमिटी तन मन के साथ पूजा को संपन्न कराने में जुटे हैं।

▸▸ **दुर्गा मंडप डडैया :** यहां 2008 से मां अंबे की पूजा की जा रही है। पूजा समिति के लोग व ग्रामीण पूजा को लेकर जोर शोर से लगे हुए हैं।

▸▸ **दुर्गा मंडप बारी :** यहां करीब 60 वर्षों से शाहदेव परिवार द्वारा पूजा शुरू की गयी है। लाल नीलम नाथ शाहदेव के नेतृत्व में इस वर्ष भी ग्रामीण पूजा को लेकर हर्षित हैं।

▸▸ **शिव मंदिर होलंग :** चंदवा व बालूमाथ के सीमाने पर स्थित होलंग गांव में 1954 से लगातार पूजा की जा रही है। स्व. लालचंद साहू, दुर्गा प्रसाद वैद्य, बद्री साव, बालेश्वर पाठक व बनवारी साव ने पूजा की नींव रखी थी।

▸▸ **देवी मंडप हुटाप :** स्व. सुखचरण साहू द्वारा 1987 में मां दुर्गे की पूजा की परंपरा शुरू की गयी थी। वर्ष 1995 तक इनके ज्येष्ठ पुत्र चंद्रमोहन प्रसाद द्वारा परंपरा का निर्वह्न किया गया था। 1996 से 2010 तक पूजा नहीं हो पायी थी। स्व. साहू के नाती अनुज साव व मुखिया के प्रयास से फिर से यह परंपरा 2011 से शुरू की गयी है।



दुर्गा पूजा समिति हरैया, कामता अलौदिया द्वारा बनाया गया पूजा पंडाल।

▸▸ शिव मंदिर रामपुर : यहां 1983 से माता की पूजा हो रही है। युवकों की टोली तैयारी में लगी है।

▸▸ महाबीर मंदिर सेरक : 1960 में निर्मित इस मंदिर में 1988 से मां दुर्गा की पूजा की जा रही है। यहां की खासियत है कि इस मंदिर की राग-भोग के लिए 52 एकड़ भूमि दान में मिली है।

▸▸ देवी मंडप रूद : बरवाटोली पंचायत के रूद गांव में 1982 से मां दुर्गे की पूजा हो रही है। स्थानीय युवकों के सहयोग से तैयारी जारी है।

▸▸ देवी मंडप बरवाटोली : यहां 1994 से मातेश्वरी की पूजा हो रही है। शांति प्रिय माहौल में ग्रामीण पूजा को लेकर संकल्पित है।

▸▸ पंचमुखी हनुमान मंदिर- यहाँ 2021 से पूजा की शुरूआत की गई है। शहर के बीचोबीच स्थित हनुमान मंदिर में भव्यता दखने लायक होती है। यहाँ मनोज सिंह व रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में युवकों की टोली पूजन को लेकर जोर शोर से लगे हुए है।

▸▸ **महाबीर मंदिर ब्रह्माणी** यहां 1954 से लगातार पूजा की जा रही है। पंडित जगदीश पांडेय व ग्रामीणों द्वारा इसकी शुरूआत की गयी थी। अब भी परंपरा जारी है।

▸▸ **कइलाखांड़ रूद:** यहां 1998 से मातेश्वरी की पूजा जारी है। दशहरा के दिन जतरा मेला का आयोजन होता है। समाजसेवी सुरेश गंझू के नेतृत्व में पूजा की तैयारी जारी है।

▸▸ **रेलवे स्टेशन टोरी :** 1967 से यहां मां की पूजा अनवरत जारी है। रेलवे अधिकारी, कर्मचारी व स्थानीय लोगों के सहयोग से पूजा की जाती है। यहां के दुगार्पूजा में बंगाली परंपरा की छाप देखने को मिलती है।

▸▸ **एरूद कीता :** तत्कालीन मुखिया बालेश्वर पाठक उर्फ बालो बाबा द्वारा 1970 में मां अंबे की प्रतिमा स्थापित कर पूजा प्रारंभ की गयी थी। स्व. पाठक के पुत्र व ग्रामीणों की मदद से इस परंपरा का बखूबी निर्वहन किया जा रहा है।

▸▸ **मां वनशक्ति मंदिर रूद :** 2004 से यहां मां अंबे की पूजा हो रही है। बुजुर्गों के मार्गदर्शन में युवकों का दल तैयारी में लगा है। अध्यक्ष सरदार सिंह के नेतृत्व में यहाँ पूजा होती है।

**बालूमाथ**



केदारनाथ के रूप में बन रहा पंडाल।

---

### स्पीड न्यूज

## चंदवा के अमझरिया में 8 दिवसीय बाबा नाम केवलम कीर्तन हुआ संपन्न



कीर्तन करते बाबा।

**चंदवा।** चंदवा के अमझरिया डाक बंगला में 1 से 8 अक्टूबर तक चल रहे आठ दिवसीय बाबा नाम केवलम् अखंड कीर्तन मंगलवार को संपन्न हो गया। आठ दिवसीय का कीर्तन में लातेहार जिले के साथ देश के विभिन्न प्रदेशों व विदेशों से भी आनंदमार्गी शामिल हुए, इस दौरान आनंद मार्गियों के द्वारा कीर्तन के साथ मानव सेवा से प्रेरित कई कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। बता दें कि इसी स्थान पर आनंद मार्ग के संस्थापक श्रीश्री आनंदमूर्ति ने 8 अक्टूबर के दिन ही सन 1970 को मानवता के कल्याण हेतु सिद्ध महामंत्र बाबा नाम केवलम् कीर्तन प्रदान किया था। आनंद मार्ग सेवा धर्म मिशन के विश्व स्तरीय सचिव आचार्य मंत्रजपानंद अवधूत ने कहा कि जब भक्त भगवान के महिमा का गुणगान करते हैं तो इसे कीर्तन कहते हैं। कार्यक्रम के समापन के मौके पर सैकड़ो की संख्या में आनंद मार्गी मौजूद थे।

## पुलिस ने आरोपी के घर चिपकाया इश्तिहार



इश्तिहार चिपकाते एसआई।

**मनिका।** मनिका पुलिस के द्वारा दिन सोमवार को बालूमाथ थाना, जिला लातेहार के निवासी फरार आरोपी लवलेश गंझू के घर पर जाकर न्यायालय द्वारा जारी किए गए इश्तिहार को चिपकाया गया। इस संदर्भ में सब इंस्पेक्टर अनुराग कुमार ने बताया कि आरोपी लवलेश गंझू के नाम से मनिका थाना कांड संख्या 29/2020 के तहत 147, 148, 149, 364, 302,201, आईपीसी 17 सीएलए एक्ट और 13 यूएपी एक्ट के तहत मामला दर्ज है साथ ही उसके ऊपर लातेहार जिले के विभिन्न थानों में और भी कई मुकदमा दर्ज है। वहीं इश्तिहार चिपकाने के दौरान सब इंस्पेक्टर अनुराग कुमार के द्वारा जल्द से जल्द आरोपी को न्यायालय में आत्मसमर्पण करवाने के लिए उसके परिजनों को निर्देश दिया गया।

## हेलमेट चेकिंग अभियान कई लोगों को हिदायत देकर छोड़ा



वाहन चेकिंग करती पुलिस।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बारिखाप स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक सामने तीन मुहान मे दुर्गा पूजा को देखते हुए दुर्घटना को नियंत्रण नियंत्रण करने के उदेश्य से बारियातू पुलिस द्वारा हेलमेट चेकिंग किया गया। जहाँ एसआई छोटू पंडा अपने सदलबल के साथ चेकिंग किया। चेकिंग मे लोगों को हेलमेट पहनकर चलने की अपील की साथ ही कहा की आप अपने जीवन को सुरक्षा के लिए घर से निकलते समय हेलमेट पहन कर निकले। दुर्घटना कहकर नहीं अती है। आप घर से निकलते हैं तो आपके परिवार और बच्चे सकुशल घर वापसी का इंतजार करते रहते हैं इसलिए चेकिंग के डर से नहीं बल्कि आप अपने परिवार के लिए हेलमेट अवश्य पहने। और यातायात नियम का पालन करें। ट्रिपल लॉड नहीं चले। कई ग्रामीणों को हिदायत देकर छोड़ा।

## चोरी का लगभग ढाई टन स्क्रैप 3 बाइक समेत 3 गिरफ्तार

**चंदवा।** चंदवा के बाना चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत पावर प्लांट से स्क्रैप की चोरी कर बाइक से लेकर जा रहे नाजिर खान, उम्र 19 वर्ष, पिता फरीद खान, मुजफ्फर खान, उम्र 45 वर्ष, पिता स्व० मुस्तकीम खान, मो. शकील, उम्र 28 वर्ष, पिता मो० कलीम, (तीनो ग्राम धाधु, थाना बालूमाथ) को चंदवा पुलिस ने चोरी के लगभग 2400 किलो स्क्रैप व बाइक के साथ गिरफ्तार कर मंडल कारा लातेहार भेज दिया। मामले में पुअनि अशोक कुमार के आवेदन पर चंदवा थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया गश्ती के क्रम में गुप्त सूचना मिली कि अभिजीत पॉवर प्लांट, चकला में 5-6 चोर घुसकर लोहा (स्क्रैप) की अवैध रुप से चोरी करने के लिए कटींग कर रहे हैं। सूचना के आलोक में कार्रवाई की गई जिसमें सीएचपी फॉरेस्ट एरिया चकला के पास 10-12 लोग अभिजीत पॉवर प्लांट परिसर, चकला में घुस कर चोरी करने के लिए लोहा (स्क्रैप) की कटिंग करते देखा गया जो पुलिस बल को देखते ही सभी व्यक्ति भागने लगे परंतु सशस्त्र बल के सहयोग से भागते व्यक्तियों में से तीन व्यक्तियों को चोरी के स्क्रैप लदा मोटरसाईकिल सहित पकड़ लिया। निरीक्षण के क्रम में घटनास्थल से हिरो मोटरसाईकिल जेएच-08ई-2766 पर लदा करीब 800 किग्रा० लोहा (स्क्रैप), ग्लैमर मोटरसाईकिल जेएच-01पी-7306 पर लदा करीब 750 किग्रा0 स्क्रैप एवं ग्लैमर मोटरसाईकिल जेएच-01एजे-1823 पर लदा करीब 850 किग्रा0 लोहा स्क्रैप पकड़ा गया।

## टीवीएनएल के द्वारा आयोजित लोक जनसुनवाई का ग्रामीणों ने किया उग्र विरोध प्रदर्शन, जन सुनवाई स्थगित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विरोध प्रर्दशन करते ग्रामीण।



ग्रामीणों को मनाते कंपनी के अधिकारी।

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम के बाहरी परिसर में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतू टीवीएनएल (तेनुघाट विघुत निगम लिमिटेड) राजवार कोयला माइंस (खनन परियोजना) खोलने को लेकर लोक जनसुनवाई का आयोजन मंगलवार को किया था। जिसका ग्रामीणों ने उग्र विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें चंदवा व बालूमाथ से सटे गांव के जेरांग, राजबार, रेंची, लेजांग, डड़ेया, जड़ेयांग और सेरक समेत कई गांव के नाम शामिल है। जिसके कारण जनसुनवाई को स्थगित करना पड़ा। ग्रामीण बिजली ऑफिस के पास से नारे बाजी करते हुए कतारबद्ध तरीके से खेल स्टेडियम परिसर पहुंचे और जनसुनवाई के लिए बना कैंप के बाहर जोरदार विरोध किया। इस दौरान उन्होंने टीवीएनएल वापस जाओ, आठ अक्टुबर को लातेहार में होने वाले जनसुनवाई का जड़यांग ग्राम सभा विरोध करती है समेत कई नारे लगाए गए। वहीं इस दौरान टीवीएनएल के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को कैंप में आकर वार्ता करने की बात कहा गया लेकिन ग्रामीण नहीं माने। वहीं पुर्व मुखिया देवराज उरांव ने कहा कि हमारा आधा से ज्यादा जमीन बिहार सरकार में डाला गया है। कंपनी हमलोगों से अभी तक कोई बात नहीं की है, प्रक्रिया अंदर-अंदर दलाल के माध्यम से पुर्ण कर लिया गया है। कंपनी अभी ऐसा कर रही है तो बाद में क्या करेगी। हम ग्रामीण कंपनी को जमीन नहीं देंगे। वहीं ग्रामीण राजकुमार जायसवाल ने कहा कि राजवार कोल ब्लॉक से 27 किमी दूर जनसुनवाई रखा गया जो उचित नहीं है। राजवार कॉल ब्लॉक का मामला है तो जनसुनवाई भी वहीं होना चाहिए। इस विरोध प्रदर्शन के साथ हम सभी ग्रामीण कंपनी का विरोध करते है। हमें कंपनी को जमीन नहीं देना है। कंपनी कौड़ी के भाव में जमीन लेना चाहती है जो नहीं होने दिया जाएगा। मौके पर आरागुंडी मुखिया रवि भगत, पुजा देवी, रविन्द्र उरांव, टिनू ठाकुर, राजकुमार जायसवाल, राजेंद्र, बालेश्वर, बिशुन यादव, उपेंद्र उरांव, बाबूलाल उरांव, आशा देवी, शुसंती देवी समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्रामीणों के विरोध के कारण जन सुनवाई किया गया स्थगित

वहीं इस संबंध में टीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता राजेश रंजन ने कहा कि ग्रामीणों के विरोध के कारण जन सुनवाई स्थगित कर दिया गया। पर्यावरणीय लोक जनसुनवाई कार्यक्रम को लेकर जन सुनवाई की जानी थी। लेकिन ग्रामीण जमीन संबंधी वार्ता करना चाहते थे। ग्रामीणों से इस मामले को लेकर भी सभा में शामिल होने के लिए कहा गया, लेकिन ग्रामीण नहीं माने। मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, थाना प्रभारी प्रमोद सिन्हा, पर्यावरण के आरओ मणीभूषण, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आशुतोष कुमार समेत कंपनी के कर्मचारी उपस्थित थे।

## नक्सल प्रभावित बूढ़ा पहाड़ के ईलाकों में तेज होगी विकास की रफ्तार

# क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा बूढ़ा नदी और तेतुक नाला पर पुल

**दीपक राज**

**बरवाडीह।** झारखंड के लातेहार, गढ़वा और छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से सटे अति सुदूरवर्ती, नक्सल प्रभावित, दुर्गम व दुर्दांत जंगलों में छिपे बूढ़ा पहाड़, जिसके नाम से ही आज भी लोगों की हार्ट बीट बढ़ जाती है। जहां कभी नक्सलियों की तूती बोलती थी। इस इलाके में खूंखार नक्सलियों की दखलंदाजी के कारण आसपास का गांव बुनियादी सुविधाओं का मोहताज था। लेकिन अब राज्य के उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह के अथक प्रयास से बूढ़ा पहाड़ इलाके में अवस्थित गांवों की तस्वीर बदलने जा रही है।

**दुर्दांत इलाके में पहुंच रही है शासकीय योजनाएं**

दरअसल विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयास से अब उन क्षेत्रों में भी शासन की योजनाएं पहुंच रहीं है, जहां पहले जाने के बारे में सोचना भी मन में भय पैदा कर देता था। बता दें कि बूढ़ा पहाड़ जाने वाले दुर्गम रास्ते में पड़ने वाले तेतूक नाला के साथ -साथ बूढ़ा नदी पर राज्य सरकार द्वारा पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद मंगलवार को पथ प्रमंडल विभाग के सहायक व कनीय अभियन्ता की मौजूदगी में संवेदक ने पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके बाद नक्सलियों के गढ़ गारू से मुरवई तक लगभग 37 किमी आरक्यूपी सड़क का भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया गया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि पुल और सड़क निर्माण कार्य समय अवधि के अंदर पूरा कर लिया जाएगा।



भूमि पूजन करते संवेदक व अधिकारी।

**चुनौतियों से भरे हुए इलाके की बदलेगी दशा व दिशा**

गौरतलब है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे बूढ़ा पहाड़ में पुल और सड़को का निर्माण किया जाना अब भी चुनौतियों से भरा हुआ है। लेकिन अब इन इलाकों में विकास पहुंचने से ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी देखी जा सकती है, क्योंकि अब उनके गांवों की दशा और दिशा बदलने जा रही है। नक्सल प्रभावित व पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण आमलोगों के अलावा पुलिस प्रशासन को भी पुल और सड़को के अभाव के कारण परेशानी झेलनी पड़ती थी। लेकिन विकास कार्य होने से यह समस्या अब दूर हो जायेगी।

### ग्रामीणों के जीवन स्तर में आएगा बदलाव: रामचंद्र सिंह

इधर विधायक रामचंद्र सिंह ने बताया कि बूढ़ा नदी और तेतुक नाला में पुल तथा मुरवई में सड़क बनने से कई गांवों तक विकास पहुंचेगा। स्कूल, अस्पताल व उचित मूल्य की दुकान गांवों में खुलेंगे। ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिलेगा। जिससे उनके जीवन स्तर में बड़ा बदलाव आयेगा। हमारी सरकार अंतिम व्यक्ति तक के विकास की सोच व संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। आने वाले वर्षो में कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा। विधायक ने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की है।

### एक नजर में

## आकर्षित कर रहा है केदारनाथ की तर्ज पर बना पूजा पंडाल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा पूजा पंडाल को केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर तैयार किया गया है ।जिसे देखने के लिए प्रतिदिन हजारों की भीड़ उमड़ रही है। इसकी लागत तकरीबन 7-8 लाख बताया गया। बंगाल से आए कारीगर द्वारा इस पंडाल का निर्माण कराया गया है। इस पंडाल को बनाने के लिए कारीगर करीब एक महीने से लगे हुए थे। इसके अलावा पूजा पंडाल एवं बालूमाथ बस स्टैंड करीब एक किलोमीटर तक आकर्षक विद्युत साज-सज्जा,आकर्षक डेकोरेशन समेत कई चीजे श्रद्धालुओं का आकर्षित कर रही है। वहीं पूजा पंडाल में प्रतिदिन संध्या आरती में सैकड़ो की संख्या आरती में जुट रही है। वही संध्या आरती के दौरान बालूमाथ में बड़े वाहनों पर नो एंट्री लगाया गया है। वही पूजा समिति द्वारा प्रतिदिन भंडारा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। वही पूजा समिति के अध्यक्ष रवि सिंह ने बताया की बालूमाथ सार्वजनिक पूजा समिति द्वारा वर्ष 1974 से दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है। जिसके पहले अध्यक्ष स्व .भागवत सिंह थे। वही पूजा को सफल बनाने में रामजी सिंह,अखिलेश भोक्ता, लालदेव गंझु, हिमांशु कुमार, शैलेश सिंह, बबलू चौरसिया, रवि रजक, रंजय सिंह समेत कई लोग लगे हुए है।

## जंगली जानवर के हमले में तीन घायल

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत चपरी टोला मे बिते रात अज्ञात जंगली जानवर ने हमले कर दो व्यक्ति को घायल कर दिया वहीं घर मे बंधे एक बछड़े को भी शिकार बनाने की कोशिश किया। आसपास के ग्रामीणो ने बताया क ी शाम होते ही बिल्ली से कुछ बड़ा काला रंग के जंगली जानवर गांव मे आकर छूपा रहता है। निशाना बनाकर छलांग मारकर लोगों पर प्रहार करता है। बिते रात चपरी निवासी ललित प्रजापति के पत्नी दशनी देवी (45) वर्षीय घर से बाहर निकली। बाहर निकलते ही अज्ञात जंगली जानवर छलांग मारकर अपना शिकार बनाने की कोशिश की। महिला ने साहस दिखाते हुए जानवर को पकड़ ली लेकिन उसे घसीट कर 3 मिटर दूर ले जाकर पैर और हाथ मे काट कर एक भाग मांस को उखाड़ कर भाग गया। वहीं रीदनी कुमारी पिता का नाम बिपिन ठाकुर के उपर निशाना बनाकर कर झपटा मारा और घसीटते हुए जंगल की ओर ले जाने लगा जिसे बच्ची चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर गांव के लोग ने बच्ची की जान बचायी। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ ले गए जहाँ चिकित्सको द्वारा इलाज किया गया। इधर कँगलू गंझु के घर मे बंधे बछड़ा पर प्रहार कर लहू लुहान कर दिया। अज्ञात जंगली जानवर के हमले से भय का माहौल बना हुआ है। लगातार हमले से लोग शाम होते ही घर से निकलने मे सोच रहे है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जानवर को क्षेत्र से हटाने की मांग की है।

## जिला परिषद प्रांगण में रास्ता छोड़े जाने की मांग



मांग करते लोग।

**चंदवा।** चंदवा के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित जिला परिषद मार्केट कांप्लेक्स में बनने जा रहे 14 नए कमरों के निर्माण स्थल पर रास्ता छोड़े जाने की मांग मसोमात ललिता देवी, चामु प्रसाद, अशोक कुमार, मनोज कुमार व अन्य ने की है। मंगलवार को जैसे ही निर्माण कार्य शुरू करने को लेकर मापी की प्रक्रिया शुरू हुई, लोगो ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए रास्ता छोड़े जाने की मांग की। कहा कि जब तक आने जाने के लिये रास्ता नही छोड़ा जाता उनका विरोध जारी रहेगा। मसोमात ललिता देवी ने बताया कि जिस जगह पर जिला परिषद के द्वारा दुकान के लिए कमरों का निर्माण होना है, ठीक उसके पीछे उनका घर व आने-जाने का रास्ता है, दुकान निर्माण में अगर रास्ता नही छोड़ा जाएगा तो आवागमन का रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाएगी। मौके पर मौजूद विभाग के अधिकारियों ने समस्या सुनने के बाद कहा कि आपलोगो की समस्या को विभाग के वरीय अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा, कमरों के निर्माण के बीच मे 2 स्थानों पर सीढ़ी भी बनना है, उसी जगह पर विकल्प निकालने का प्रयास किया जाएगा। वहीं स्थानीय लोगो ने मामले को लेकर जल्द ही मंत्री वैद्यनाथ राम, डीडीसी व अंचलाधिकारी से मिलकर समस्या को रखेंगे व निजात की मांग करेंगे।

# पूर्व व वर्तमान के विधायक ने 15 सालों में क्षेत्र को खोखला बना दिया है : गिरिनाथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के परिवर्तन सह जनसंपर्क यात्रा के दौरान जिले के मेराल प्रखंड के बाना एवं गढ़वा के ग्राम अंचला में कार्यकर्ता मिलन सह अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री ने रंका प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालो में जाकर माता रानी का आशीर्वाद लिया एवं अपने विधानसभा क्षेत्र को इन भ्रष्टाचारियों से मुक्त कराने का संकल्प लिया।

मौके पर पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विधानसभा में भ्रष्टाचार चरम पर है। आज कोई भी काम करने के लिए कमीशन देना पड़ता है। चाहे आवास हो, कुआं हो या कोई और भी सरकारी योजना सभी में घूस देना पड़ रहा है। जनता त्रस्त है और विधायक मस्त है। पूर्व के विधायक व वर्तमान के विधायक ने पिछले 15 सालों में विधानसभा को खोखला बना दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व के विधायक ने अपने कार्यकाल में अलकतरा चुराने और झूठा चेक स्लीप बांटने का काम किया। वर्तमान के विधायक तो उनसे भी एक कदम आगे निकले एक ही रोड को बार बार बनवाने का काम कर कमीशन ले रहे हैं और झूठा विकास का झूठा ढ़ीढोरा पीटते घूम रहे है।


ग्रामीण को माला पहनाते गिरिनाथ सिंह।

मौके पर मेराल दक्षिणी अध्यक्ष दुःखन चैधरी, हाजी मयुनुदीन अंसारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, शाहिद आलम, मौलाना संजर, सलमाउद्दीन अंसारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बच्चों को मोबाइल व बाइक से दूर रखें : निदेशक

## एआरडी पब्लिक स्कूल मे अभिभावक गोष्ठी संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के अवधराज देवी ट्रस्ट द्वारा संचालित एआरडी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक पीके दूबे व प्राचार्या आणिमा पाण्डेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। गोष्ठी के दौरान ही फर्स्ट समेटिव असेसमेंट टेस्ट 2024-25 का परीक्षाफल की घोषणा की गयी। कक्षा पांचवी के दिव्यम राज को विद्यालय टॉपर का अवार्ड दिया गया। मौके पर निदेशक पीके दूबे ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को मोबाइल व बाइक से दूर रखें। क्योंकि आजकल बच्चों को बिगड़ने में इन दोनों की भूमिका ज्यादा दिख रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि आप आपने बच्चों की संगती पर भी पैनी नजर रखें क्योंकि संगती उनके सम्पूर्ण जीवन को बहुत ज्यादा प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की सफलता में संगति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि अभिभावक घरों में बच्चों को पढ़ाई का माहौल दें तथा प्रत्येक दिन कम से कम एक घंटा का समय बच्चों को अवश्य दें। प्राचार्या अणिमा पाण्डेय ने कहा कि बच्चों को प्रत्येक दिन लंच व वाटर बॉटल देकर ही विद्यालय भेजें। साथ ही बच्चों को फास्ट फूड से दूर रखें। उन्होंने अभिभावकों से नियमित व निर्धारित समय पर बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील की। साथ ही बच्चों को होमवर्क बनवाने मे भी मदद करने की बात कही। वहीं विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था से अभिभावक संतुष्ट दिखे। लेकिन और अच्छा करने के लिए अभिभावकों ने भी विद्यालय को कई सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका गुनगुन चैबे जबकि धन्यवाद ज्ञापन नीतू दूबे ने की। मौके पर शिक्षक गुलाम सरवर अंसारी, राजेश कुमार ठाकुर, राजीव कुमार दूबे, रागिनी कुमारी, नूरानी खातून, नीतू कुमारी, आरती कुमारी, आदर्श कुमार तिवारी सहित काफी संख्या में अभिभावक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।


दीप प्रज्जवलित करते निदेशक।

## स्पीड न्यूज

### मझिआंव में फ्लैग मार्च निकाला गया

**मझिआंव।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दशहरा पर्व के मद्देनजर मझिआंव नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, बीडीओ सतीश भगत एवं थाना प्रभारी आकाश कुमार के संयुक्त नेतृत्व में बाजार क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च पुराने अस्पताल से शुरू होकर पैदल बाजार क्षेत्र होते ब्लॉक मोड़ चन्द्री तक आया। इसके बाद वाहन के माध्यम से नगर पालिका व मझिआंव प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रो में भी फ्लैग मार्च निकाला गया। इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि दशहरा पर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने कहा कि यह भाईचारे का त्योहार है, इसलिए इसे शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनावें। किसी भी तरह की सूचना तत्काल प्रशासन को दें ताकि किसी को कोई भी तकलीफ नही हो।

### दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण मनाने को लेकर पुलिस ने निकाली फ्लैग मार्च

**कांडी।** थाना क्षेत्र में दुगार्पूजा शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण मनाने को लेकर मंगलवार को पुलिस ने अंचलाधिकारी राकेश सहाय के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाली। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम व अन्य पुलिस पदाधिकारी व पुलिस के जवान ने थाना प्रांगण से निकली फ्लैगमार्च ब्लॉक, बाजार होते पेट्रोल पम्प मोड़ तक गयी तथा पुनः वापस थाना परिसर तक जाकर समाप्त हो गयी। मौके पर थाना प्रभारी ने बताया कि पूरे थाना क्षेत्र में दुगार्पूजा का आयोजनकर्ता निर्भीक व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए उनकी हर सम्भव सहायता के लिए पुलिस मुष्तैद है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस की हर पल नजर है। कोई भी व्यक्ति कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट करने से परहेज करें। कोई भी अनर्गल बयानबाजी से बचें।

### भाकपा माले की बदलो बिहार न्याय यात्रा 16 से

**दरभंगा।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) की बदलो बिहार न्याय यात्रा 16 से 25 अक्टूबर तक होगी। भाकपा माले के मिथिला प्रक्षेत्र के नेताओं की बैठक जिला कार्यालय पंडासराय में मिथिलांचल प्रभारी धीरेंद्र झा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 16 से 25 अक्टूबर तक बदलो बिहार न्याय यात्रा अभियान पर चर्चा की गई।

## गढ़वा में बाबा खोनहरनाथ महोत्सव, भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण

# गढ़वा को पर्यटन और सांस्कृतिक पहचान दिलाने का प्रयास: मिथिलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के गिजना अवस्थित प्राचीन बाबा खोनहर नाथ महादेव मंदिर परिसर में बाबा खोनहरनाथ महोत्सव का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर परिसर में भगवान परशुराम जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। पर्यटन, कला, संस्कृति एवं खेल-कूद युवा कार्य विभाग के बैनर तले इस कार्यक्रम का आयोजन डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में संपन्न कराई गई। जिसमें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि बाबा खोनहर नाथ महोत्सव का उद्घाटन एवं आराध्यदेव भगवान परशुराम जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। मंत्री ने खोनहर नाथ महादेव का दर्शन पूजन किया। मौके पर पूर्व मंत्री सीएस दुबे, केएन त्रिपाठी, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी राज महेश्वरम एवं संबंधित पंचायत की मुखिया समेत अन्य जनप्रतिनिधियों व गणमान्य उपस्थित थे। मौके पर प्रसिद्ध भोजपुरी लोक गायिका कल्पना पटवारी ने धार्मिक गीतों की प्रस्तुति कर भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया।


उद्घाटन करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

**खास बाते:** पर्यटन, कला, संस्कृति एवं खेल-कूद युवा कार्य विभाग के मंत्री बनने पर बाबा खोनहर नाथ मंदिर समेत गढ़देवी मंदिर, सतबहिनी मंदिर, नगर उंटारी स्थित पहाड़ी शिव मंदिर, अन्नराज डैम, चिरका डैम, खजुरी जलाशय, गुरुसिंधु जलप्रपात, सुखलदरी जलप्रपात आदि सहित तमाम पर्यटन व तीर्थ स्थलों का विकास कार्य करने का कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में उन्होंने गढ़वा जिला को झारखंड के अग्रणी जिला के रूप में होने की बात कही।

मौके पर पूर्व मंत्री सीएस दुबे एवं केएन त्रिपाठी ने कहा कि बाबा खोनहर नाथ मंदिर परिसर में बाबा खोनहर नाथ महोत्सव मनाया जाना एवं आराध्यदेव भगवान परशुराम जी की भव्य प्रतिमा का निर्माण कराया जाना एक गर्व की बात है। वहीं मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि वह अति सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें यह मौका मिला। उन्होंने बाबा खोनहर नाथ मंदिर निर्माण हेतु भूमि दान करने वाले व्यक्तियों को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व में इस मंदिर का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया था। मंदिर परिसर एवं मंदिर की स्थिति जर्जर अवस्था में थी। मंदिर परिसर की भूमि भी अतिक्रमित थी। परंतु आज के समय में मंदिर का संपूर्ण विकास करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से मंदिर का सौंदर्य करण का कार्य किया गया। इसके तहत सड़क निर्माण, विवाह भवन, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय आदि बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था करने का कार्य किया गया।


भगवान परशुराम को स्थापित प्रतिमा।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी लोगों को बताया।

## खबर एक नजर में

### रमना में निकला गया फ्लैग मार्च

**रमना।** दशहरा पर्व को लेकर रमना थाना प्रभारी अनिमेष शान्तिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार की शाम रमना थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से आरंभ हुआ जो मुर्ति टोला, रमना पंचायत सचिवालय, बाईबाकी मोड़ मुख्य पथ होते चट्टनिया, सर्वेश्वरी चैक, हरिगणेश मोड़, भगत सिंह चैक होते थाना परिसर मे पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने पूजा पंडालो में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आयोजन समिति को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार के दौरान भ्रामक सूचनाओं के प्रचार-प्रसार से बचे। उन्होंने कहा कि माहौल बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वो पर प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है। माहौल खराब करने वाले लोगो पर कार्रवाई होगी। फ्लैग मार्च में अनिमेष शांतिकारी के अलावे एसआई जयप्रकाश गुप्ता, ओमप्रकाश महतो, आलोक कुमार, विरेद्र ओझा, चदेश्वर राय, कमलेश कुमार, सुरेद्र कुमार, विरेद्र कुमार सहित जवान शामिल थे

### जीएन कॉन्वेंट में वीरों की गाथा प्रतियोगिता, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हुए सम्मानित



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे।

गढ़वा। शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में वीर गाथा दिवस हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच निबंध, भाषण, कला, पेंटिंग जैसे कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक शिक्षाविद मदन प्रसाद केषरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर व वरिष्ठ शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर व विभिन्न अमर शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर निदेशक श्री केषरी ने कहा कि वीर गाथा एक संस्मरण है, जो भारत के उन नायकों को याद करता है जिन्होंने अपनी जान हंसते-हंसते देश के लिए कुर्बान कर दिया। आज का दिन उन नायकों के लिए समर्पित है जिन्हें उनके कर्तव्य के प्रति समर्पण अदम्य साहस तथा मातृभूमि के लिए अमर प्रेम के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। वीर गाथा वीर रस से ओत प्रोत है और एक सर्वोच्च वीर अलंकार है जो सर्वोच्च वीरता, नेतृत्व, साहस, युद्ध काल में आत्म बलिदान के लिए है। इसकी शुरूआत वीर शहीदों के लिए की गई है जो प्राण न्यौछावर करने में भी पीछे नहीं हटे। आज हम उन शहीदों को भी याद करते हैं जो गुमनाम रहे और इतिहास के पन्नों में भी इनके नाम गुमनाम है। भारत का इतिहास वीरता, साहस और बलिदान की कहानियों से भरा हुआ है। यहां की धरती ने अनेक वीर योद्धाओं को जन्म दिया जिन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। मौके पर शिक्षक संतोष प्रसाद, कृष्ण कुमार, वीरेंद्र शाह, मुकेश भारती, नीरा शर्मा, शिवानी कुमारी, नेहा कुमारी, सरिता दुबे, रिजवाना साहीन, खुर्शीद आलम आदि उपस्थित थे।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या मामले में कोर्ट ने पति को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**एजेंसी**

**अररिया।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ रवि कुमार की अदालत ने पत्नी की हत्या के आरोपी पति को दोषी करार देते हुए आजीवन सश्रम कारावास और दस हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। साथ ही कोर्ट ने अपने फैसले में हत्या कर साक्ष्य छिपाने के आरोप में पांच वर्षों की भी सजा सुनाई।

कोर्ट ने दोनों ही धाराओं में सजा साथ साथ चलाने का आदेश दिया। कोर्ट ने सत्र वाद संख्या 594/2022 में सजा सुनवाई करते हुए सुनाई। मामला जोगबनी थाना प्राथमिकी कांड संख्या 303/2019 से सबंधित हैं। सजा पाने वाला दोषी भीम बहरदार पिता सैनी बहरदार, टिकुलिया बस्ती वार्ड नं-18 का निवासी है।

मृतक रंजना देवी की माँ आनंदी देवी के द्वारा की दर्ज कराई गई थी, जो कि नेपाल के मोरंग जिला अंतर्गत विराटनगर की निवासी है। मुकदमा दहेज हत्या की धारा 304 (बी) में दर्ज की गई थी। दर्ज कराई गई प्राथमिकी में सूचक आनंदी देवी ने बताया था कि दोषी अपने परिवारवालों के साथ, अपनी मृतका रंजना देवी से विवाह के छह महीने के बाद मोटरसाइकिल की मांग किया था और मोटरसाइकिल की मांग की पूर्ति हो जाने के बाद पुनः एक लाख रुपये की मांग मृतका से की गई, जिसमे दोषी पति को 80 हजार रुपये भी दिया गया था और इसके बाद पुनः दो लाख रुपये दहेज के लिए मांग को लेकर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया करता था।

# मुख्यमंत्री ने लोकनायक की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी**

**पटना।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर गांधी मैदान के दक्षिण-पश्चिम छोर पर स्थित उनकी प्रतिमा पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के जरिए आरती पूजन, भजन-कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी किया गया।



# बाढ़ पीड़ितों के बीच राशन का वितरण

**एजेंसी**

**भागलपुर।** सन्हौला और गोराडीह प्रखंड के बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच मंगलवार को गांधी युवा मंच ने सूखे राशन का वितरण किया। मंच के सदस्यों ने बाढ़ प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाई, जिससे उनकी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिली। इस अवसर पर गांधी युवा मंच के अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने कहा कि हमारा उद्देश्य बाढ़ पीड़ितों को तत्काल राहत प्रदान कर उनके जीवन को सहज बनाना है। मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है और हम इसे निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि मंच भविष्य में भी जरूरतमंदों की सहायता करता रहेगा। राहत सामग्री वितरण के दौरान मंच के सभी सदस्य उपस्थित रहे और यह अभियान पूरे उत्साह और समर्पण के साथ संपन्न हुआ। बाढ़ के बाद प्रभावित परिवारों के बीच इस मदद ने उनके जीवन में एक नई आशा का संचार किया है।

# सिलेंडर विस्फोट से घर जलकर राख, आधा दर्जन घायल

**एजेंसी**

**अररिया।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के मझुआ पंचायत स्थित बिरनी टोला के वार्ड संख्या 03 में मंगलवार को जामुन मंडल के घर घरेलू गैस सिलेंडर फटने से कई लोग घायल हो गए। गैस सिलेंडर फटने से पूरा घर आग की लपटों में घिर गया।

इस विस्फोट में घर का अधिकांश समान जल गया और परिवार के घायल हुए सदस्यों को इलाज के लिए फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। खबर मिलते ही फारबिसगंज के अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची,जहां स्थानीय लोगो और अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में बेबी देवी, सृष्टि कुमारी, रंजू देवी, राजा कुमार, प्रिंस कुमार और ज्योति कुमारी घायल हुए। जिनका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। मौके पर पूर्व मुखिया मनोज मण्डल, दीनानाथ प्रसाद, राहुल राज, सुरेंद्र शर्मा, राजीव कुमार, विक्रम कुमार, गीता कुमारी और कृष्णा सिंह सहित फारबिसगंज थाना के पुलिस बल मौजूद थे।



## पेज एक का शेष

### सिर्फ खनिज नहीं...

**पुरस्कार नहीं प्रोत्साहन राशि :** सीएम ने मेधावी बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि आपको आज पुरस्कार नहीं प्रोत्साहन राशि मिल रहा है, ताकि आप आगे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें। सीएम ने विद्यालय प्रमाणीकरण में स्वर्ण स्थान प्राप्त करने वाले 60 विद्यालयों, जैक, सीबीएसई, आईसीएसई के वर्ष 2023 एवं वर्ष 2024 में 10 वीं तथा 12 वीं बोर्ड परीक्षा और झारखंड ओलंपियाड - 2023 के टॉपर्स को सम्मानित किया। उनके हौसले बढ़ाये। सीएम के हाथों पुरस्कार बच्चे गदगद थे। सीएम ने कहा, पहले इसका दायरा सीमित था। अब इसमें जैक के अलावा अन्य सभी बोर्ड के टॉपर्स को भी शामिल किया गया है।

### विधवा और दिव्यांग ...

जल संसाधन, पथ निर्माण विभाग इत्यादि की कई विकास योजनाओं की स्वीकृति दी गयी। सरकारी भवनों, कार्यालयों, न्यायमंडलों एवं केंद्रीय उपक्रमों में ट्रांसफार्मर लगाने के लिए उर्जा सिक्योरिटी डिपॉजिट की राशि को वेब ऑफ करने, जगन्नथपुर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में स्टेट ऑफ आर्ट संस्थान विकसित करने को 74 करोड़ की मंजूरी मिली। 2551 लघु आंगनबाड़ी केंद्रों को सामान्य केंद्रों के उपक्रम करने, राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्त् सेवा शर्त एवं नियमावली 2024 का गठन, सरकारी स्कूल के छात्रों के लिए स्कूल डायरी छापने और बांटने की स्वीकृति का प्रस्ताव मंजूर किया गया। अरगोड़ा अंचल क्षेत्र में 5.15 एकड़ भूमि 28 करोड़ भुगतान पर 1. 2. 2022 से अगले 30 वर्षों के लिए लीज नवीकरण के संबंध में संत जेवियर स्कूल रांची को देने की स्वीकृति दी गयी। रिम्स रांची में नये भवन और पुराने भवन के जीणोर्धार के लिए सात अरब से अधिक राशि की स्वीकृति दी गयी। मुंबई में गरीब मजदूर इत्यादि के रहने के लिए झारखंड भवन बनाया जायेगा जिसके योजना स्वीकृत की गयी। पीटीपीएस से उत्पादक बिजली ऊपरी सबसे निकालने के आधारभूत संरचना बनाने के लिए 2181 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गयी। आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के सफलता संचालन के लिए 40 करोड़ से अधिक राशि की स्वीकृति दी गयी।

### संघर्ष का फल...

उन्हें उनकी फिल्म कांतारा के लिये यह अवॉर्ड मिला है। मलयालम भाषा की फिल्म आट्टम ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता। वहीं सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान नित्या मेनन और मानसी पारेख ने साझा किया। तिरुचित्राबलम में नित्या मेनन और कच्छ एक्सप्रेस के लिये मानसी पारेख ने यह अवार्ड जीता। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार सूरज बड़जात्या को फिल्म ऊंचाई के लिये दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार नीना गुप्ता को फिल्म ऊंचाई के लिये ही दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार पवन मल्होत्रा को फिल्म फौजा के लिये दिया गया। संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म कंतारा चुनी गयी।

# चुनाव जीतने के बाद जो भी कार्य रह गया है वह पूरा करेंगे : रामचंद्र चंद्रवंशी

## विधायक ने किया 4 करोड़ 21 लाख की योजनाओं का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने मंगलवार को 4 करोड़ 21 लाख रुपए की लागत से डेढ़ दर्जन से अधिक योजनाओं का शिलान्यास नारियल फोड़ कर एवं पूजा अर्चना कर किया। जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 के भुसुआ गांव में एक सड़क मरम्मती तथा पुलियां निर्माण व गाइड वॉल, वार्ड नंबर 5 के मस्जिद टोला में दो पीसीसी सड़क निर्माण, वार्ड नंबर 5 के डुमरिया देव स्थल से लेकर गुडू कबाड़ी के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण, एवं मेन रोड से अशोक गिरी के घर होते हुए नौशाद आलम को घर तक पीसीसी पथ निर्माण, वार्ड नंबर 7 के डोमन मिस्त्री के घर से होते हुए कामदेव साव के घर तक पीसीसी निर्माण, ब्लॉक के समीप नव निर्मित दुकान (कंपलेश )का शिलान्यास किया गया। वहीं राधा कृष्ण मंदिर के सामने कोयल नदी तट पर छठ घाट निर्माण का शिलान्यास, काली मंदिर कोयल नदी के किनारे शंकर जी के मंदिर के पास सिढ़ी निर्माण सहित 20 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। जिसका टोटल लागत लगभग 4 करोड़ 21 लाख 49 हजार 300 सौ रुपए के लागत से सभी योजनाओं को बनवाया जाएगा।


शिलान्यास करते विधायक।

मौके पर विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि बड़े परिश्रम से मझिआंव को नगर पंचायत बनवाया था, जिसका लाभ आज पूरे नगर पंचायत वासियों को मिल रहा है। नगर पंचायत बन जाने से सभी सुख-सुविधा यहां के लोगों को मिल रही है। वहीं विश्रामपुर विधानसभा सभा क्षेत्र के मझिआंव प्रखंड में चहुंमुखी विकास कार्य किया गया है। इस बार चुनाव जीतने के बाद जो भी कार्य रह गया है वह सभी पूरा करेंगे। मौके पर उपस्थित कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि वे लगन व मेहनत के साथ नगर पंचायत में कार्य करें जिससे सभी नगर पंचायत वासियों को सभी सुख-सुविधा उपलब्ध हो सकें। मौके पर राधा कृष्ण मंदिर के महंत केशव नारायण दास, कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, निवर्तमान नपं अध्यक्ष सुमित्रा देवी, विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दीपक चैहान, सांसद प्रतिनिधि शोभा जायसवाल, युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी, भाजपा नेता वीरेंद्र नाथ दुबे, अर्जुन दास, विश्वनाथ पासवान, लक्ष्मण सिंह, धनंजय धनंजय सिंह, शाहिद खां, अरसू खां, नपं के निवर्तमान वार्ड पार्षद पार्वती कुंवर, अनीता देवी, दीपक राज सहित नगर पंचायत के कर्मचारी पदाधिकारी एवं संवेदक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

चुनावी दर्पण: झारखंड महागमा विधानसभा

# दीपिका पांडे सिंह को बीजेपी से मिल सकती कड़ी टक्कर

**सत्येन्द्र**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर गोड्डा जिले के महगामा विधानसभा सीट की बात करें तो यह विधानसभा सीट झारखंड और बिहार की सीमा पर स्थित है। खास बात यह है कि इस सीट पर हमेशा से ही कांग्रेस का दबदबा रहा है। गोड्डा जिले में विधानसभा की तीन सीटें गोड्डा, महगामा और पौड़ैयाहाट शामिल है। इनमें से सिर्फ गोड्डा सीट पर ही बीजेपी काबिज है बाकी दोनों सीटें कांग्रेस के पास हैं। पोड़ैयाहाट से जहां प्रदीप यादव विधायक हैं तो वहीं महगामा से दीपिका पांडे सिंह विधायक हैं। हालांकि इंडिया गठबंधन के बीच अभी टिकटों का बंटवारा नहीं हुआ है, लेकिन माना जा रहा है कि सीटिंग विधायकों को महागठबंधन में टिकट मिल जाएगी। हालांकि इन दोनों सीटों पर बीजेपी की भी नजर है और कोशिश ये है कि 2024 के विधानसभा चुनाव में इन सीटों पर जीत दर्ज की जाए। दीपिका पांडे सिंह मंत्री हैं। इसलिए यह सीट बेहद हॉट मानी जा रही है। दीपिका पांडे सिंह के ससुर अवध बिहारी सिंह थे और वे संयुक्त बिहार में इस क्षेत्र का चार बार जीते थे। बिहार में वे पथ निर्माण से लेकर कई विभागों के मंत्री रह चुके हैं। ऐसे में इस सीट पर उनके परिवार की अच्छी पकड़ रही है। अशोक भगत फिलहाल पार्टी के प्रदेश महामंत्री हैं। हालांकि निशिकांत दुबे से उनके मतभेद सामने आते रहे हैं। ऐसे में ये पक्का नहीं कहा जा सकता कि उन्हें टिकट मिल जाएगा। इस सीट पर बीजेपी के लिए बद्रीनाथ, निरंजन और अरुण समेत कई अन्य नेता भी टिकट के लिए हाथ पैर मार रहे हैं।

**▶▶ दीपिका पांडेय सिंह ने 2019 में बीजेपी के अशोक भगत को 12 हजार से अधिक मतों से हराया था**






## बीजेपी से अशोक भगत के नाम की चर्चा

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए इस बार आजसू भी एनडीए फोल्डर में है। जबकि महागठबंधन में झामुमो, कांग्रेस और राजद हैं। हालांकि अभी तक दोनों ओर से किसी भी तरह के सीट शेयरिंग का फार्मूला सामने नहीं आया है। लेकिन माना जा रहा है कि महगामा से दीपिका पांडे सिंह को ही टिकट मिलेगा। वहीं बीजेपी की तरफ से अशोक भगत के नाम की चर्चा है।

इस सीट पर मजबूत भी हैं। 2019 के चुनाव में इन्होंने बीजेपी के अशोक भगत को 12 हजार से अधिक मतों से शिकस्त दी थी। एक बार फिर अशोक टिकट पाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि इस बार उन्हें टिकट मिलेगी या नहीं यह फाइनल नहीं है। मंत्री दीपिका

## महगामा में क्या है जातीय समीकरण

झारखंड के अस्तित्व में आने के बाद से ही महगामा सीट पर बीजेपी और कांग्रेस के बीच टक्कर होती आई है। माना जाता है कि इस क्षेत्र की आबादी में लगभग 34 प्रतिशत मुस्लिम, 7.7 फीसदी यादव और 1.7 फीसदी ब्राह्मण वोटर हैं। वहीं इस क्षेत्र में कुर्मी- कुड़मी के अलावा वैश्य समाज की अच्छी खासी आबादी है। इस इलाके में एक तरफ आदिवासी, मुस्लिम, कुड़मी-कुर्मी गोलबंद होते हैं तो दूसरी तरफ ब्राह्मण, वैश्य और यादव भी प्रत्याशियों का भविष्य तय करते हैं।

### 2019 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| दीपिका पांडे सिंह | कांग्रेस | 89224 |
| अशोक कुमार | बीजेपी | 76725 |
| अशोकसिंह | एआईएमआईएम | 5719 |

### 2014 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| अशोक कुमार | बीजेपी | 70635 |
| सईद इकबाल | जेवीएम | 39075 |
| राजेश रंजन | कांग्रेस | 18355 |

### 2009 का चुनाव परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| राजेश रंजन | कांग्रेस | 43834 |
| अशोक कुमार | बीजेपी | 35684 |
| लाल बिहारी साह | जेएमएम | 12237 |

### 2005 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| अशोक कुमार | बीजेपी | 46253 |
| अताउर सिद्दकी | राजद | 39825 |
| अशोक सिंह | बीएसपी | 12885 |

# हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक

## सत्ता विरोधी लहर के बावजूद तीसरी बार खिला कमल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा के चुनावी महाभारत में सत्ता विरोधी लहर को लेकर राजनीतिक पंडितों के अनुमानों को धत्ता बताते हुए ऐतिहासिक प्रदर्शन किया और लगातार तीसरी बार जीत हासिल की। पिछले विधानसभा में राज्य में गठबंधन की सरकार चलाने वाली भाजपा ने इस बार 90 सदस्यीय विधानसभा में अकेले 48 सीटों पर स्पष्ट बहुमत हासिल करके दस वर्ष बाद सत्ता में वापसी के मुख्य विपक्षी कांग्रेस के मंसूबों पर पानी फेर दिया। कांटे के सीधे मुकाबले में भाजपा कांग्रेस पर भारी पड़ी और कांग्रेस 37 सीटों तक ही पहुंच पायी है। वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को 40 और कांग्रेस को 31 सीटें मिली थीं। कुछ समय पूर्व तक भाजपा से गठबंधन तोड़कर चुनाव लड़ी जननायक जनता पार्टी इस बार खाता खोल भी नहीं पायी, जबकि पिछले चुनाव में पार्टी को 10 सीटें मिली थी। इंडियन नेशनल लोकदल को इस बार दो सीटें (डबवाली और रानिया) मिली हैं। तीन सीटों गन्नौर, बहादुरगढ और हिसार पर निर्दलीय उम्मीदवारों को विजय हासिल हुई है। हरियाणा के परिणामों से कांग्रेस सदमे में दिखी, भाजपा ने अपनी जीत को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा है कि यह उसकी सरकार के दस वर्ष के सुशासन और मेहनत का फल है। भाजपा नेता अनिल विज ने कहा कि ये परिणाम पूरी तरह अपेक्षित हैं। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि हरियाणा के चुनाव से एक सबक मिलता है कि किसी को भी अति आत्मविश्वास में नहीं रहना चाहिए। दिल्ली में मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हमें पहले से ही लग रहा था कि एग्जिट पोल के अनुमान जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा सीट पर कांग्रेस के मेवा सिंह को 16 हजार से भी अधिक मतों से हराया जबकि गढी सांपला किलोई से पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने भाजपा की मंजू को 71 हजार से भी अधिक वोटों से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

विधानसभा चुनाव

- **▶▶ 90 सदस्यीय विस में 48 सीट जीत दर्ज कर, कांग्रेस के मंसूबों पर पानी फेर दिया**
- **▶▶ कांग्रेस 37 सीटों पर सिमटी गयी और इंडियन नेशनल लोकदल को दो सीटे मिली**
- **▶▶ चुनाव परिणाम पूरी तरह अपेक्षित : अनिल विज**
- **▶▶ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा सीट पर कांग्रेस के मेवा सिंह को 16 हजार से भी अधिक मतों से हराया**
- **▶▶ गढी सांपला किलोई से पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भाजपा की मंजू को 71 हजार से अधिक वोटों से दी शिकस्त**



## जुलाना सीट से कड़े मुकाबले में जीते पहलवान विनेश फोगाट

कांग्रेस की सबसे चर्चित प्रत्याशी पहलवान विनेश फोगाट जुलाना में कड़े मुकाबले में भाजपा के कप्तान योगेश बैरागी को 6015 मतों के अंतर से हराया। पूर्व गृह मंत्री और भाजपा नेता अनिल विज अंबाला छावनी से कड़े मुकाबले में कांग्रेस की बागी प्रत्याशी चित्रा सरवरा से 7000 मतों के अंतर से जीते। तोशाम से भाजपा प्रत्याशी श्रुति चौधरी ने कॉंग्रेस के प्रत्याशी अनिरुद्ध चौधरी को 14000 मतों के अंतर से हराया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता पंचकुला से कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रमोहन से हार गए। भाजपा सरकार में मंत्री रहे कमल गुप्ता हिसार सीट पर तीसरे नंबर पर रहे जहां भाजपा की बागी प्रत्याशी सावित्री जिंदल ने कांग्रेस प्रत्याशी राम निवास राड़ा को हराया। एक अन्य मंत्री असीम गोयल अंबाला शहर सीट से कॉंग्रेस के निर्मल सिंह मोहरा से चुनाव हार गए। भाजपा के बड़े नेताओं में शुमार ओम प्रकाश धनखड़ को भी हार का सामना करना पड़ा। पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला उचाना कलां से बुरी तरह चुनाव हार गए। वह केवल 7920 वोट पाकर पांचवें नंबर पर रहे। कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान होडल से ढाई हजार मतों के अंतर से चुनाव हार गए। हरियाणा लोकहित पार्टी (हलोपा) के गोपाल कांडा सिरसा से चुनाव हार गए। उन्हें कॉंग्रेस के गोकुल सेतिया ने हराया। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला एलनाबाद से कॉंग्रेस के भरत सिंह बेनीवाल से 15000 मतों से चुनाव हार गए। कांटे के चुनाव में भाजपा को सबसे अधिक 39. 90 और कांग्रेस को 39.10 प्रतिशत वोट मिले। इंडियन नेशनल लोकदल 4.15 प्रतिशत के साथ तीसरे नम्बर पर बहुत पीछे रही। सभी 90 सीटों पर प्रत्याशी उतारने वाली आम आदमी पार्टी को केवल 1.79 प्रतिशत वोट मिले। राज्य में शनिवार को एक चरण के चुनाव में 67.90 प्रतिशत मतदान हुआ था। एग्जिट पोल के अनुमानों में कांग्रेस को भारी बहुमत से सरकार बनाते हुए दिखाया गया था।

# जम्मू-कश्मीर में नेकां और कांग्रेस का शानदार प्रर्दशन

## उमर अब्दुल्ला बनेंगे मुख्यमंत्री



- **▶▶ 90 सदस्यीय विस में नेशनल कांफ्रेंस ने 42 सीटें जीती और कांग्रेस को छह सीटें मिली**
- **▶▶ 29 सीटों पर खिला कमल भाजपा अध्यक्ष रैना हारे**

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस के गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन करते हुये बहुमत हासिल कर लिया है तथा नेकां के नेता उमर अब्दुल्ला का एकबार फिर मुख्यमंत्री बनना तय लगता है। राज्य विधानसभा की 90 सीटों के चुनाव में मंगलवार को हुयी मतगणना में नेकां ने अप्रत्याशित प्रदर्शन करते हुये कुल 42 सीटें जीती हैं जबकि कांग्रेस को छह सीटें मिली हैं। भाजपा दूसरे स्थान पर है जबकि पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पार्टी का जनाधार खिसक गया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेकां के नेता उमर अब्दुल्ला ने मतगणना के दौरान संवाददाताओं से बातचीत में अपनी पार्टी को मिले जन समर्थन को उम्मीद से ज्यादा बताते हुये कहा है कि पार्टी लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेगी।

कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा बहाल करने को जरूरी बताया और कहा कि यह गठबंधन की पहली प्राथमिकता होगी। गठबंधन सरकार केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा वापस लेगी और इस काम को तत्काल प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त किये जाने के बाद एक अलग माहौल में इस केन्द्र शासित प्रदेश में हुये पहले चुनाव में बड़ी उम्मीद के साथ चुनाव लड़ने वाली भाजपा को 29 सीटें मिली हैं। भाजपा को मुख्यतः जम्मू क्षेत्र की सीटों पर सफलता मिली है जबकि नेकां और कांग्रेस का कश्मीर घाटी और दक्षिण कश्मीर की सीटों पर दबदबा रहा है।

राज्य में तीसरी सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत माने जाने वाली महबूबा मुफ्ती की पार्टी (पीडीपी) केवल तीन सीटों पर सिमट गयी है, जबकि सात सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं। डोडा सीट जीतकर आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार मेहराज मलिक ने जीत दर्ज कर राज्य में पहली बार अपनी पार्टी का खाता खोला है।

जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कांफ्रेंस (जेपीसी), आम आदमी पार्टी (आप) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को एक-एक सीट हासिल हुयी है। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बडगाम और गंदेरबल दो सीटों से विजयी हुये हैं। पार्टी के मुखिया फारूक अब्दुल्ला ने उमर की जीत के बाद कहा कि वही (उमर अब्दुल्ला) मुख्यमंत्री बनेंगे। जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमॉक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने श्रीमुफवारा-बिजबेहरा विधान सभा सीट से मतगणना पूरी होने से पहले ही अपनी हार मान ली थी। जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कांफ्रेंस के सज्जाद गनी लोन हंदवाडा सीट से जीते हैं उन्होंने नेकां के चौधरी मोहम्मद रमजान को 662 वोटों के अतंर से हराया।

नौसेरा सीट पर जम्मू-कश्मीर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रवीन्द्र रैना, नेशनल कांफ्रेंस के उम्मीदवार सुरेन्द्र कुमार चौधरी से 7819 वोट से हार गये हैं। इन चुनाव में भाजपा को 25.64 प्रतिशत, नेकां को 23.43 प्रतिशत, कांग्रेस पार्टी को 11.97 प्रतिशत और पीडीपी को 8.87 प्रतिशत मत प्राप्त हुये। अन्य पार्टियों और निर्दलियों ने 24.83 प्रतिशत वोट हासिल किये।

## गिरावट से उबरा शेयर बाजार, सेंसेक्स 584 अंक उछला

**मुंबई।** मध्य-पश्चिम संघर्ष को लेकर विश्व बाजार में गिरावट रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर दिग्गज कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मजबूत परिणाम रहने की उम्मीद में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार पिछले लगातार छह दिन की गिरावट से उबरते हुए मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 584.81 अंक अर्थात 0.72 प्रतिशत उछलकर 81,634.81 अंक हो गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 217.40 अंक यानी 0.88 प्रतिशत की छलांग लगाकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 25,013.15 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी तेजी रुख रहा। इससे मिडकैप 1.86 प्रतिशत मजबूत होकर 47,891.55 अंक और स्मॉलकैप 2.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 55,439.89 अंक पर रहा। कमोडिटीज 0.62, सीडी 2.11, ऊर्जा 1.54, एफएमसीजी 0.71, वित्तीय सेवाएं 1.24, हेल्थकेयर 1.92, इंडस्ट्रियल्स 2.81, आईटी 0.56, दूरसंचार 2.35, यूटिलिटीज 2.23, ऑटो 1.68, बैंकिंग 1.11, कैपिटल गुड्स 2.82, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.71, तेल एवं गैस 1.26, पावर 2.44, रियल्टी 1.00, टेक 0.47 और सर्विसेज समूह के शेयर 3.25 प्रतिशत उछल गए।

**निफ्टी 217 अंक छलांग लगाकर 25,000 के पार**



## आरजी कर अस्पताल के 50 सीनियर डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** धर्मतला में अपनी दस सूत्री मांगों के लिए अनशन पर बैठे सात जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में मंगलवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के 50 सीनियर डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया। इस घटनाक्रम ने आंदोलन को नाटकीय मोड़ पर ला खड़ा कर दिया है। जूनियर डॉक्टरों ने सीनियर डॉक्टरों को ह्यगार्ड ऑफ ऑनरह्व देकर उनके इस फैसले का स्वागत किया। सीनियर डॉक्टरों ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर इस्तीफा सौंपा और मांग की है कि आंदोलनरत डॉक्टरों की मांगों पर सरकार तत्काल कदम उठाए। आरजी कर के एक सीनियर डॉक्टर ने कहा कि आमरण अनशन आखिरी विकल्प है। मजबूरी में जूनियर डॉक्टरों ने यह कदम उठाया है। ढाई दिन से ज्यादा समय बीत चुका है और अब तक सरकार की तरफ से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इसलिए हमने सामूहिक इस्तीफा दिया है और इसके बाद हम व्यक्तिगत रूप से भी इस्तीफा देने का रास्ता अपना सकते हैं।

# वृंदावन कॉलोनी में खुला दुर्गा पूजा पंडाल का पट

## मां की दर्शन के लिए भक्तों की उमड़ी भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नवपत्रिका प्रवेश के बाद चिरौंदी के वृंदावन कालोनी के पूजा पंडाल का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गए।

वृंदावन कॉलोनी दुर्गापूजा समिति चिरौंदी पंडाल का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि खबर मन्त्र की प्रबंध निदेशक मंजू सिंह, रांची डीआईजी अनूप बिरथरे और झारखंड खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जयनंदू ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राठौर, सचिव धनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह समेत तमाम पदधारी और सदस्य मौजूद रहे। पंडाल के उद्घाटन के बाद मां की दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। ढोल-बाजा और ढाक बजे। रात्रि में जागरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति की। समिति के धनेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार और गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जबकि 11 अक्टूबर को डांडिया कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस बार वृंदावन कॉलोनी में 71 फीट ऊंची काल्पनिक पंडाल का निर्माण हुआ है। इसमें श्रद्धालुओं को मां दर्शन दे रही हैं।

- **▶▶ खबर मन्त्र की प्रबंध निदेशक मंजू सिंह, डीआइजी अनूप बिरथरे और झारखंड खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जयनंदू ने किया पंडाल का उद्घाटन**
- **▶▶ बुधवार और गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम और 11 अक्टूबर को होगा डांडिया**



स्पीड न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी 10 को जायेंगे लाओस

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफानदोन के निमंत्रण पर 10 और 11 अक्टूबर को वियनतियाने, लाओस का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जिसकी मेजबानी आसियान के वर्तमान अध्यक्ष लाओ पीडीआर कर रहा है। भारत इस वर्ष एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक पूरे कर रहा है। आसियान के साथ संबंध एक्ट ईस्ट नीति और हमारे इंडो-पैसिफिक विजन का एक केंद्रीय स्तंभ हैं।

### फिल्म अबीर गुलाल की शूटिंग शुरू



**मुंबई ।** पाकिस्तानी स्टार फवाद खान और भारतीय अभिनेत्री वाणी कपूर फिलहाल लंदन में अपनी अपकमिंग रोमांटिक कॉमेडी फिल्म अबीर गुलाल की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग 29 सितंबर को लंदन के सुरम्य में शुरू हुई है। इसकी घोषणा प्रोडक्शन हाउस इंडियन स्टोरीज द्वारा की गई।

### इमरान के खिलाफ पांच और केस दर्ज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ पुलिस थानों में पांच और केस दर्ज किए गए हैं। यह केस चार अक्टूबर को इस्लामाबाद के डी-चौक पर पीटीआई के विरोध प्रदर्शन से संबंधित हैं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और गिलगित-बाल्टिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री खालिद खुर्शीद शामिल हैं।

### रूस ने 16 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराये

**मास्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने यूक्रेन की ओर से भेजे गये 14 ड्रोन को बेलगोरोद क्षेत्र में तथा दो अन्य ड्रोन को काला सागर के ऊपर मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि सोमवार रात में रूसी संघ के क्षेत्र में लक्ष्यों के खिलाफ फिक्स्ड-विंग ड्रोन का उपयोग करके हमले के यूक्रेन के प्रयासों को विफल कर दिया गया।

### केदारनाथ के कपाट 3 नवंबर को होंगे बंद

**रूद्रप्रयाग ।** श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट पूर्व परम्परा के अनुसार इस शीतकाल के लिए तीन नवंबर को भाईदूज के दिन प्रातः आठ बजकर 30 मिनट पर बंद किए जाएंगे। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कायार्कारी अधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट पूर्व परम्परा के अनुसार इस शीतकाल के लिए तीन नवंबर को भाईदूज के दिन प्रातः 8 बजकर 30 मिनट पर बंद किए जाएंगे।

### हिजबुल्लाह का एक और कमांडर मारा गया

**बेरूत/गाजा।** लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिण में हुए इजराइल के हमले में वरिष्ठ हिजबुल्लाह कमांडर मारा गया। इजराइल के सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि मारा गया कमांडर सुहैल हुसैनी ईरान समर्थित-पोषित आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के रसद, बजट और प्रबंधन का काम देखता था। इजराइल के सैन्य प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने इसकी पुष्टि की है।


